* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

26 नवंबर, 2024
मार्गशीर्ष, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
मंगलवार, वर्ष 10, अंक 38

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

## हेमंत सोरेन को जीत की बधाई देनेवालों का लगा रहा तांता

**रांची (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत दर्ज की। पिछले तीन दिनों से उनके कांके रोड स्थित आवास पर बधाई देनेवालों का सिलसिला जारी रहा। बधाई देनेवालों को तांता लगा हुआ है। मुख्यमंत्री से सांसद विजय हांसदा, सरफराज अहमद, मथुरा प्रसाद महतो, कुणाल सारंगी समेत कई अधिकारी और अन्य लोगों ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से जेएसएससी अभ्यर्थियों ने भी मुलाकात की और जल्द से जल्द जेएसएससी का परिणाम जल्द जारी करने का आग्रह किया।



सीएम हेमंत सोरेन को बधाई देते नवनिर्वाचित विधायक मथुरा महतो।



सीएम हेमंत सोरेन को बधाई देते सरफराज अहमद और चमरा लिंडा।



सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को बधाई देते मिथिलेश ठाकुर।

## जीत धमाकेदार हुई जश्न शानदार होगा

### 28 को चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे हेमंत सोरेन

- शपथ ग्रहण समारोह में राहुल, ममता और तेजस्वी को न्योता
- मोरहाबादी में मैदान में शुरू हुई तैयारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की नयी सरकार 28 नवंबर को शपथ लेगी। हेमंत सोरेन चौथी बार मुख्यमत्री पद की शपथ लेंगे। इसकी तैयारी तेज कर दी गयी है। शपथ ग्रहण समारोह में इंडिया ब्लॉक के सभी बड़े नेता शामिल होंगे। समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा। इंडिया गठबंधन ने नये मंत्रिमंडल के लिए 5:1 का फार्मूला तय किया है। यानि 5 विधायक पर एक मंत्री। इस तरह झामुमो के मुख्यमंत्री के अलावा 6 मंत्री, कांग्रेस से 4 और राजद से एक मंत्री शपथ लेंगे। झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि राहुल गांधी, ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, दीपंकर भट्टाचार्य सहित बड़े नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। सबको न्योता भेजा गया है।





### डीसी ने समारोह की तैयारी का लिया जायजा

रांची (आजाद सिपाही)। रांची डीसी वरुण रंजन ने शपथ ग्रहण समारोह स्थल मोरहाबादी में हो तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को तैयारी समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। शपथ ग्रहण समारोह में झारखंड के दूर-दराज क्षेत्रों से काफी संख्या में लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम में अतिथिगण/विशिष्ट व्यक्तियों के अलावा वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों के शामिल होने की संभावना है। इसे लेकर उपायुक्त वरुण रंजन ने समारोह स्थल पर विधि-व्यवस्था समेत अन्य मुद्दों पर पदाधिकारियों को निर्देश दिया। डीसी ने लोगों के आने-जाने, वाहन पार्किंग, खान-पान समेत अन्य सभी बातों की जानकारी ली। इससे पहले उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक भी की। इसमें रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा, उपविकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे।

**पहली बार रिपीट हुई है सरकार :** राज्य बनने के बाद पहली बार सरकार रिपीट हुई है। अब तक यह होता था कि जो सरकार सत्ता में होती थी, उसकी वापसी नहीं होती थी। 23 नवंबर को आये चुनावी नतीजे में 81 सीटों में झामुमो गठबंधन ने 56 सीटों पर जीत दर्ज की है। यह आंकड़ा 41 के बहुमत से 15 सीट ज्यादा है। गौरतलब है कि हेमंत सोरेन ने रविवार को राज्यपाल संतोष गंगवार को विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा और सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके बाद राज्यपाल ने उन्हें सरकार गठन का न्योता भी दे दिया है।

### हमारा एजेंडा क्लियर है: झामुमो

झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि झारखंड की जनता ने ऐतिहासिक जनादेश दिया है, कार्यकाल भी ऐतिहासिक होगा। हमारे अपने एजेंडे और मुद्दे हैं। झारखंडी अस्मिता से जुड़े विषयों को लेकर सरकार आगे बढ़ेगी। हमें उम्मीद है कि केंद्र हमारा सहयोग करेगी, लेकिन अगर यह तानाशाही सरकार हमारे पैसे देने में आनाकानी करेगी तो पार्टी अपने स्तर पर विचार करके आंदोलनात्मक कार्रवाई करेगी।

## झारखंड में आरक्षित सीटों को कम करने के प्रयास में है भाजपा : सुप्रियो

- झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने जतायी परिसीमन के नाम पर आरक्षित सीटों को कम करने की आशंका

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या ने कहा कि 2025 में जनगणना होने की संभावना है। इसके बाद परिसीमन भी होगा। आदिवासी और हरिजन के लिए यहां जो आरक्षित सीटें हैं, उन पर इनका प्रहार होने जा रहा है। हम लोगों ने पहले भी ये आशंका जाहिर की है कि यहां जो आरक्षित सीटें हैं, उन्हें कम करने का प्रयास है। क्योंकि इन इलाकों के आदिवासी और हरिजन इनको (भाजपा) नहीं भाते हैं। उन्होंने कहा कि इनको न दलित भाता है, न आदिवासी भाता है, न अल्पसंख्यक भाता है और न युवा वर्ग को ये लोग पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि इनको किसान और महिलाएं भी इनको नहीं भाती हैं। सोमवार से दिल्ली में संसद का सत्र भी शुरू हो गया है। इसमें भी झारखंड की आरक्षित सीटों पर बात हो सकती है। सुप्रियो भट्टाचार्य सोमवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।

सुप्रियो ने कहा कि संबंधित अधिकारियों को तय करना होगा कि परिसीमन के नाम पर आरक्षित सीटों की संख्या अगर घटायी गयी तो, ये सही नहीं होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की कोशिश है कि झारखंड की आरक्षित सीटों की संख्या कम की जाये। उन्होंने कहा कि ये आशंका हम कई बार जाहिर कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमने जब-जब जो भी आशंका जाहिर की है, वो सही साबित हुई है। हम लोग इनकी मनुवादी सोच को समझते हैं। उन्होंने कहा कि इनका हमला इन सीटों पर या इन इलाकों में फिर से शुरू होगा। भाजपा ये जानती है कि मूलवासी-आदिवासी में जब तक न दरार पैदा करो, धर्म के नाम पर, क्षेत्र के नाम पर, इनकी साजिश नहीं सफल होने वाली है। इनकी दुकान नहीं चलने वाली है। ये गंभीर विषय है। संसद का सत्र सोमवार से शुरू है। इसमें आरक्षित सीटों को कैसे खत्म किया जाये, इस दिशा में भाजपा चर्चा करेगी, ऐसी आशंका है।



### शपथ ग्रहण के बाद वादा पूरा करने में लगेगी सरकार

झामुमो महासचिव ने कहा कि 28 नवंबर को झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में नयी सरकार का गठन कर लिया जायेगा। इसके बाद ये सरकार किये गये वादों को पूरा करने में लग जायेगी। जनता की आकांक्षाओं को पूरा किया जायेगा। सुप्रियो ने कहा कि लेकिन विपक्ष यानी भाजपा के नेता जनता से मिले जनादेश और इंडिया गठबंधन की जीत को पचा नहीं पा रहे हैं। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने यहां के आदिवासियों और मूलवासियों पर जो अपना नेतृत्व थोपा था, उनको भी ये जनादेश हजम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि परिणाम के बाद भी भाजपा के नेताओं के मुंह से जो घृणा की भाषा निकल रही है, वो चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि जबकि हम शुरू से शांतिपूर्ण माहौल में चुनाव और मुद्दों पर चुनाव की बात करते रहे हैं। अभी भाजपा की बैठक भी होगी। उसमें विधायक दल का नेता भी चुना जायेगा। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में विष फैलाया गया था, जिन क्षेत्रों में जहर फैलाया गया था, इन इलाकों से भी उनका सूपड़ा साफ हो गया। उन्होंने कहा पूरे संथाल की 18 सीटों में से सिर्फ एक सीट उनको मिली है। राजमहल से जो उनके विधायक थे, वे भी घुसपैठ मामले को, अपनी सरकार रहते हुए भी सदन में उठाते थे। लेकिन उनकी सरकार मानती थी कि यहां कोई घुसपैठ नहीं है, लेकिन इस बार उनकी जिद के कारण भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व भी कथित घुसपैठ की बातें करने लगा।

### विपक्ष सकारात्मक भूमिका निभाये, हम ये उम्मीद करते हैं

सुप्रियो ने कहा कि हमारे जो भी प्रस्ताव राज्यपाल के पास लंबित हैं, उनको केंद्र तक पहुंचाने में विपक्ष सकारात्मक भूमिका निभाये ये उम्मीद हम करते हैं। उन्होंने कहा कि जेकेएलएम जिसके प्रति जनता ने विश्वास जताया है, वो सरकार के साथ सकारात्मक दिशा में चलेंगे, यह आशा भी है। सुप्रियो ने आजसू सुप्रीमो पर चुटकी लेते हुए कहा कि नवनिर्वाचित मांडू विधायक आपके नेता रोजगार की सरकार बनाने वाले थे, लेकिन वे खुद बेरोजगार हो गये। लेकिन आपने उनको रोजगार देने के लिए कदम आगे बढ़ाया इसका स्वागत किया जाना चाहिए।

## आजसू पार्टी जिस मुहाने पर खड़ी है, वहां एक गहन समीक्षा जरूरी : हसन अंसारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में बेहद ही निराशजनक प्रदर्शन के साथ आजसू पार्टी उस मुहाने पर खड़ी है, जहां एक गहन समीक्षा होनी चाहिए। बहुत ईमानदारी से और नैतिकता के साथ। यह हर एक वैसे कैडर और पदाधिकारी के हित में होगा, जिन्होंने अपनी जिंदगी का लंबा समय पार्टी को दिया है और उन्हें ये नतीजे परेशान करते दिख रहे हैं। यह समीक्षा इसलिए भी जरूरी है कि पता चले कि पार्टी कितनी सामूहिकता के साथ यह चुनाव लड़ी। मानव संसाधन और कैडर का इस्तेमाल चुनावों में किन रूप में किया गया और चूक कहां हुई। झारखंड आंदोलन में अपनी जान लड़ाने वाले संगठन की जमीनी पकड़ इस चुनाव में आखिर किन वजहों से कमजोर होती चली गयी। इस पर विस्तार से चर्चा की जरूरत है। इस बात पर भी समीक्षा की जानी चाहिए कि शीर्ष नेतृत्व के लगातार लिए गए निर्णयों से पार्टी पर क्या असर हुआ? पार्टी ने इन 25 सालो में कहां तक का सफर तय की।



अंसारी ने कहा कि भाजपा ने दस सीटें आजसू पार्टी के लिए छोड़ी थी। बड़े नेताओं ने पार्टी के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार भी किया। पर्याप्त साधन, संसाधन भी मुहैया कराये। लेकिन नतीजे बताते हैं कि रणनीति के साथ मैदान में जाने तथा जवाबदेही तय करने के लिए पार्टी अलग-अलग स्तरों पर काम करने में देर करती रही। पार्टी एक बड़े एलायंस का हिस्सा थी, लेकिन इसका लाभ उठाने में कहीं चूक हो गयी। यहां तक कि पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता भी टीवी चैनलों या मीडिया में पार्टी के बातो को रखते नहीं दिखे। जब पार्टी अपनी बातों को रख ही नहीं पायी तो जनता तक हम पहुंचेंगे कैसे?

**मोर्चाबंदी में समन्वय का अभाव संवादहीना की स्थिति :** आजसू उपाध्यक्ष ने कहा कि चुनाव से पहले पार्टी ने कई आंदेलनात्मक कार्यक्रम किये। दर्जनों विधानसभा क्षेत्र में चूल्हा प्रमुखों का सम्मेलन किया गया। लेकिन चुनावी में उतरने के बाद रणनीतिक मोर्चाबंदी में समन्वय का अभाव संवादहीना की स्थिति बने रहने से कैडर उलझन में रहे। साधन, सुविधा को लेकर वे आखिरी तक संशय में रहे। पार्टी में केंद्रीय समिति, केंद्रीय कार्यकारिणी, चुनाव समिति. संसदीय बोर्ड का यह मतलब कदापि नहीं होता कि चुनाव के मौके पर भी विस्तार से चर्चा नहीं हो। जिला कमेटियों की जवाबदेही तय नहीं हो। प्रत्याशियों के नाम संसदीय बोर्ड में नहीं तय किये जायें। पार्टी के घोषणा पत्र पर सामूहिकता में चर्चा जरूरी थी। पार्टी जिन विषयों को लेकर चुनाव में उतरी उसका कितना असर हुआ और क्या इन विषयों में झारखंड की भावना का ख्याल रखा गया था। नेतृत्व को इस बात से पार्टी के कार्यकताओं को अवगत कराना चाहिए कि कार्यकर्ता के भविष्य को लेकर क्या योजना है। सामाजिक न्याय की बात करने वाली हमारी पार्टी सीटो के गठबंधन में सामाजिक समीकरण का भी खयाल भी नहीं रख पायी। विरोधी परिवारवादी पार्टी का आरोप लगाते रहे हम इसका जवाब जनता को नहीं दे पाये।

**उम्मीदवारों के बीच ऊहापोह की स्थित रही :** पार्टी ने कई सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम तय करने में भी देरी की। इससे उम्मीदवारों के बीच ऊहापोह की स्थित बनी रही। कई प्रमुख नेताओं ने दल छोड़ दिया। इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। पार्टी छोड़कर अन्य दलों से या निर्दलीय चुनाव लड़े लोगो के मन में मलाल है कि उन्हें अंतिम समय तक अंधेरे में रखा गया अगर उन्हें समय पर आगाह किया जाता तो वो शायद चुनाव जीत जाते। पार्टी के 40 स्टार प्रचारक बनाये गये थे। इस चुनाव में इनका क्या उपयोग किया गया, इसकी भी समीक्षा की जानी चाहिए. पार्टी में जंबोजेट केंद्रीय कमेटी तो है, लेकिन चुनाव में इस कमेटी की जवाबदेही की गहन समीक्षा की जानी चाहिए। जमीनी कैडर में पूरे चुनाव ऊर्जा भरे रखने के बजाय कई जगहों पर वैसे चेहरे को जिम्मेदारी दे दी गयी, जिन्हें उस क्षेत्र की चौहद्दी, वोटों के समीकरण, सामाजिक ताना बाना तक का पता नहीं है।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,900 रु./10 ग्राम
चांदी 92,000 रु./प्रति किलो



# दूसरों के घर में झांकते रह गये, अपने घर में डाका पड़ गया

## ■ खुद के पास कोहिनूर पड़ा था, जरकन ढूंढने निकल पड़े

## ■ करते रहे आदिवासियों की बात, एक आदिवासी चेहरा सामने न ला पाये

## ■ आखिर क्यों स्थानीय नेतृत्व को बाहर से आये नेताओं ने हाइजैक कर लिया

### ■ पांच साल की हेमंत की मजबूत सरकार और 12 दिनों की परिवर्तन यात्रा आखिर किसकी उपज

### ■ पूरा समय हेमंत को जेल भेजने में ही बीत गया, पता ही नहीं चला कब बिखरा खुद का सिराजा

### ■ आजसू के बारे में अब सुदेश महतो ही बतायेंगे कि अब करेंगे क्या, केला पर भारी कैंची


राकेश सिंह

राकेश सिंह

झारखंड का विधानसभा चुनाव परिणाम भाजपा के लिए बुरे सपने से कम नहीं रहा। उससे भी बड़ा झटका आजसू को लगा, आजसू के नेता तो शायद सोते भी नहीं होंगे, कहीं आंख लग गयी, तो सपना न आ जाये। 2019 से लेकर 2024 तक झारखंड भाजपा एक्सपेरिमेंट करने से बाज ही नहीं आ रही है। सारी आरएनडी यानी रिसर्च एंड डेवलपमेंट, भाजपा आलाकमान ने शायद झारखंड में ही करने की ठान रखी है। आखिर भाजपा आलाकमान को स्थानीय नेतृत्व पर भरोसा क्यों नहीं रहा। चुनाव अगर झारखंड का है, तो यहां का स्थानीय नेता का चेहरा ही सामने रहेगा कि बाहर से आये चेहरे आपको चुनाव जितायेंगे। रणनीति बनाना अलग बात है। खुद चेहरा समझने लग जाना कहीं से भी सही नहीं। राजनीति की बेसिक्स ही अगर गड़बड़ है, तो नतीजा तो विपरीत आना तय है। चुनावी बिगुल बजते ही भाजपा ताका-झांकी में लग गयी। पड़ोस के घरों में झांकने लगी। लेकिन इस ताक-झांकि ने कब खुद के घर को उजाड़ दिया, यह भाजपा को पता ही नहीं चला। अगर झारखंड में भाजपा किसी योजना को जनता के समक्ष रखती है, तो उसे बाहर से आये नेता रखेंगे कि यहां का लोकल नेतृत्व रखेगा। यह बेसिक सवाल है। अगर बाहर से आये नेता योजनाओं की घोषणा करेंगे, तो स्थानीय नेतृत्व क्या करेगा। जिस व्यक्ति की बाल-दाढ़ी, झारखंड की राजनीति करते-करते पक गयी और उसे कोई बाहर से आये नेता झारखंड के बारे में ज्ञान देने लगेगा, तो उस राज्य का हश्र क्या होगा। क्या वह नेता, जो खुद जहां से आया हो और वहां पर झारखंड के नेता हस्तक्षेप करने लगें, तो क्या वह नेता स्वीकार करेगा। कतई नहीं करेगा।

#### भाजपा पांच साल तक हेमंत के पीछे पड़ी रही:

झारखंड में भाजपा उसी दिन हार गयी थी, जब एक भी आदिवासी चेहरा वह सामने नहीं कर पाई। भाजपा दूसरों के घरों झांकती रही। वह समझ ही नहीं पाई कि खुद के पास कोहिनूर पड़ा था और वह जरकन ढूंढने में व्यस्त रही। भाजपा पांच साल तक हेमंत सोरेन के पीछे पड़ी रही। कैसे हेमंत को जेल भेजा जाये बस उसी पर फोकस था। लेकिन कभी भी भाजपा ने जनता के सामने यह नहीं कहा कि वह झारखंड के लिए क्या करेगी। हेमंत सोरेन ने सही ही कहा था कि भाजपा क्या आदिवासियों को मुर्ख समझती है। क्या उन्हें पता नहीं है कि क्या सही है क्या गलत है। विधानसभा चुनाव से पूर्व भाजपा ने परिवर्तन यात्रा निकाली। 12 दिन में यात्रा खत्म भी हो गयी। पांच साल की हेमंत सरोने की मजबूत सरकार, 24 जिला और 12 दिन की परिवर्तन यात्रा। 'व्हाट एन आइडिया' सर जी। यात्रा कब शुरू हुई कब खत्म जनता समझ ही नहीं पायी। यात्रा में कौन चेहरे कहां प्रचार कर रहे हैं। क्या उनकी उपयोगयता वहां है या नहीं किसी ने सोचा नहीं। बस अंधाधुन लगे रहे।



#### संकल्प यात्रा से सीख लेने की थी जरूरत:

हां भाजपा की संकल्प यात्रा बेहतरीन थी। 42 दिन की बाबूलाल की संकल्प यात्रा को जनता आज भी याद करती है। उन्होंने अकेले ही पूरे झारखंड को नाप दिया था। विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा यहीं पीछे रह गयी। भाजपा को गांव-गांव तक पहुंचे की जरूरत थी। डोर टू डोर कैंपेनिंग करने में पिछड़ गयी। चुनाव प्रचार के दौरान स्टार प्रचारकों की फौज खड़ी थी। लेकिन किसकी किन इलाकों में जरूरत है इसपर क्या सही से विचार किया गया। योगी आदित्यनाथ बड़कागांव आये तो उसका रिजल्ट भी मिला। क्योंकि उस इलाके में उनकी उपयोगिता थी। भाजपा के सांसदों को भी अब चिंतन करने की जरूरत है कि इस चुनाव में उनकी भूमिका क्या रही। चाहे वह संजय सेठ हों या फिर निशिकांत दुबे, ढुल्लू महतो हों या बीडी राम। निशिकांत दुबे का भी बयान झारखंड के आदिवासी भूल नहीं पाये। उन्होंने संथाल परगना को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग थी। इसका असर संथाल के आदिवासियों में ऐसा हुआ कि भाजपा का वहां से सूपड़ा साफ हो गया और मात्र एक सीट पर सिमट का रह गयी। यहां तक कि निशिकांत देवघर, गोड्डा और सारठ भी नहीं बचा पाये। देवघर का जाना भाजपा के लिए झटके से कम नहीं है।

#### फोकस हेमंत-कल्पना पर, कैंची ने आहिस्ते से कतर डाला:

चुनाव के दौरान भाजपा का पूरा फोकस सिर्फ हेमंत-कल्पना पर रह गया। कोई पति-पत्नी की पार्टी बताने में लगा रहा। कोई बंटी-बबली कहता रह गया। कोई हेलीकॉप्टर मैडम कहने लगा। आदिवासियों को साधते-साधते, उसकी जमीन कैसे खिसकती चली गयी, यह भाजपा को पता ही नहीं चला। एक कैंची ने भाजपा और आजसू को ऐसा कतरा कि वह भूल गयी कि उसके अपने वोटर्स भी थे। भाजपा आदिवासियों को साधने में अपने कोर वोटरों से दूर होती चली गयी। जैसे एससी और ओबीसी खासकर कुर्मी मतदाता।

#### कुर्मी को साध नहीं पायी आजसू

भाजपा आजसू के भरोसे कुर्मी को साधना चाहा, लेकिन आजसू इसमें फिसड्डी साबित हुई। चुनाव पूर्व आजसू को लग रहा था कि वही कुर्मियों की मसीहा है, लेकिन कुर्मियों ने बता डाला कि उनकी पसंद 'केला' नहीं 'कैंची' है। यानी आदिवासी तो जेएमएम के लिए इंटेक्ट रहे, लेकिन कुर्मी वोटरों का बिखराव भाजपा आजसू के लिए बुरे सपने जैसा रहा। कैंची वाले जयराम खुद तो जीत गये, लेकिन भाजपा आजसू की लुटिया डुबो दी। चुनाव से सिर्फ दो महीने पहले रजिस्टर्ड हुई जेएलकेएम पार्टी के मुखिया जयराम महतो ने राज्य के 15 फीसदी कुर्मी वोट बैंक को साधने की कोशिश की। नतीजा न सिर्फ कुर्मी नेता सुदेश महतो बल्कि उनकी पार्टी आजसू साफ हो गयी। महज एक सीट उसके खाते में बड़ी मुश्किल से आ पायी। भले ही जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम ने महज एक सीट जीती, मगर उसने कम से कम 14 सीटों पर चुनावी नतीजों को प्रभावित कर दिया। इसका नुकसान एनडीए को हुआ और फायदा जेएमएम गठबंधन को मिल गया।

#### भाजपा के मुद्दे रहे फ्लॉप, चाहे भ्रष्टाचार हो या परिवारवाद:

भाजपा ने जो भी मुद्दा उठाया, सभी फ्लॉप रहे। खासकर बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा। बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा साहिबगंज से लेकर पाकुड़ तक तो समझ में आता है, लेकिन अन्य हिस्सों में यह मुद्दा कितना प्रभावी होगा, यह समझ से परे रहा। भला रांची में क्या असर करेगा। कांके में क्या असर करेगा। तमाड़ में क्या असर करेगा। यह लोगों को समझ में नहीं आया। झारखंड के इलाकों की अपनी अलग-अलग समस्याएं हैं, वहां के मुद्दे अलग हैं। भाजपा ने हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाये, लेकिन खुद मधु कोड़ा को पार्टी में शामिल कराया। हरिनारायण राय को पार्टी में शामिल कराया। क्या इनके दाग अच्छे हैं। भाजपा ने हेमंत सोरेन पर परिवारवाद का आरोप लगाया, लेकिन खुद अर्जुन मुंडा की पत्नी को टिकट दिया, रघुबर दास की बहु को टिकट दिया, चंपाई सोरेन के बेटे को टिकट दिया, तो क्या ये परिवारवाद की श्रेणी में नहीं आता। इस चुनाव को जनता ने बहुत करीब से परखा है। जनता ने उसे चुना है जिसपर उसे भरोसा है। भाजपा को मंथन करने की जरूरत है कि झारखंड को राजनीति की प्रयोगशाला न बनाये।

---

# आंखों को बंद करने से खतरा नहीं टल जायेगा : बाबूलाल

प्रदेश अध्यक्ष ने साहेबगंज डीसी से कार्रवाई की मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि आंखों को बंद करने से खतरा नहीं टल जायेगा, अरे वो देखना पड़ेगा, जो देखा नहीं जायेगा। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि झारखंड लव जिहाद- लैंड जिहाद के बाद अब पत्थरबाजों की गिरफ्त में आ चुका है। हाल यह है कि पत्थर चलाये जा रहे हैं, लाठी मारी जा रही है, घर तोड़े जा रहे हैं, वोट देने के आधार पर जनता को पीटा जा रहा है। बाबूलाल ने साहेबगंज की घटना का जिक्र करते हुए लिखा है कि ऐसी ही घटना साहेबगंज के ग्राम मोहम्मदपुर में सामने आयी है, जहां ईमाम मिर्जा को सिर्फ इसलिए पीटा गया, धमकाया गया, मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, क्योंकि उसने अपना विश्वास भारतीय जनता पार्टी पर जताया था, वोट कमल के फूल पर दिया था। परिणाम आते ही जेएमएम पार्टी के गुंडे भाजपा समर्थित कार्यकर्ताओं और वोटरों को पीट रहे हैं, गांव से बेदखल करने की धमकी दे रहे हैं और कह रहे हैं कि उनके हाथ में मुख्यमंत्री से लेकर थाना प्रभारी सभी हैं। इसलिए उनके कुकृत्यों के लिए कोई उनका बाल भी बांका नहीं कर सकता है। बाबूलाल ने साहिबगंज डीसी से अनुरोध किया है कि मामले की जांच करके दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलायें एवं निष्पक्ष कार्रवाई करते हुए ईमाम मिर्जा को सुरक्षा मुहैया करायें।

## निशिकांत दुबे ने झामुमो कार्यकर्ताओं पर लगाया हमला करने का आरोप

रांची। गोड्डा से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे ने झामुमो पर भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला करने का आरोप लगाया है। सांसद ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर ट्वीट कर कहा है कि देवघर जिले के मधुपुर विधानसभा सीट पर परिणाम आने के बाद जेएमएम कार्यकर्ता रैली निकालकर जश्न मना रहे थे। इसी बीच रैली में मौजूद कुछ कार्यकर्ताओं के जरिये मधुपुर के मदनकट्टा स्थित संजय गुप्ता नाम के भाजपा कार्यकर्ता के घर पर हमला किया गया। घटना को लेकर मधुपुर के भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने कहा कि जिस तरह से 24 नवंबर को जश्न मनाने के दौरान झामुमो कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ता संजय गुप्ता के घर पर हंगामा किया, यह निंदनीय है। उन्होंने नवनिर्वाचित विधायक हफीजुल हसन और उनके कार्यकर्ताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि रविवार को झामुमो के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यकर्ता संजय गुप्ता के घर पर हमला किया और उनके घर पर लगे भाजपा के झंडे को तोड़ने का प्रयास किया। इस मामले में करौ थाना के प्रभारी अमर कुमार ने कहा कि थोड़ी देर के लिए माहौल खराब जरूर हुआ था, जिसके चलते थोड़ी देर के लिए सड़क भी जाम कर दिया गया था। मौके पर पुलिस पहुंचकर दोनों पक्षों के लोगों को समझाकर शांत कराया। झामुमो के जिला अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि निशिकांत दुबे के द्वारा लगाये गये सारे आरोप निराधार हैं। वह सोशल मीडिया पर फेमस होने के लिए इस तरह की बातों को लिखते हैं।

# विस चुनाव : हार के कारणों की समीक्षा करेगी बीजेपी

प्रदेश के नेताओं को दिल्ली से आया बुलावा, 30 नवंबर को सभी जिलों के जिलाध्यक्ष और प्रभारियों की बैठक होगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा अब झारखंड विधानसभा चुनाव में हार की समीक्षा करेगी। 30 नवंबर को सभी जिलों के जिलाध्यक्ष और प्रभारियों की बैठक होगी। इस बैठक में हार के कारणों पर मंथन किया जायेगा। वहीं तीन दिसंबर को बीजेपी के सभी प्रदेश स्तरीय नेताओं को दिल्ली बुलाया गया है। दिल्ली में चुनाव परिणाम को लेकर केंद्रीय नेताओं के साथ चर्चा होगी। जानकारी के अनुसार, भाजपा नेताओं को मिली जिम्मेवारी के साथ उनके कार्यों की भी समीक्षा की जायेगी।

#### सिर्फ एक ही एसटी सीट जीत पायी भाजपा

भाजपा की हार की सबसे बड़ी वजह यह रही कि एसटी की 28 सीटों में से 25 सीटों पर भाजपा ने अपने उम्मीदवार उतारे थे। इसमें से 19 सीटों पर भाजपा ने नये उम्मीदवारों को तरजीह दी थी। इसमें सिर्फ एक सीट ही भाजपा जीत पायी। झामुमो से भाजपा का दामन थामने वाले चंपाई सोरेन ही अपनी सीट बचाने में कामयाब रहे। पिछले चुनाव में भाजपा को सिर्फ दो सीटों पर ही जीत मिली थी। दूसरे दलों के आदिवासी नेताओं को शामिल कराने का लाभ भी भाजपा को नहीं मिल पाया। वहीं एससी सीट पर भी भाजपा का प्रदर्शन कमजोर रहा। पिछले चुनाव में भाजपा को पांच एससी सीटों पर जीत हासिल हुई थी। इस बार भाजपा के खाते में सिर्फ तीन सीटें ही आयीं। चंदनकियारी, कांके और छतरपुर सीट भाजपा के हाथों से खिसक गयी।

**नहीं चला चंपाई और गीता का जादू :** कोल्हान में चंपाई सोरेन और गीता कोड़ा का जादू नहीं चल पाया। गीता कोड़ा लोकसभा के बाद विधानसभा चुनाव भी हार गयीं। वहीं चंपाई सोरेन भी कोल्हान में कोई करिश्मा नहीं कर पाये। उन्होंने अपनी सीट तो बचा ली। लेकिन उनके बेटे बाबूलाल सोरेन को हार का सामना करना पड़ा। लोबिन हेंब्रम, सीता सोरेन और कमलेश सिंह भी हार गये। वहीं बीजेपी के राष्ट्रीय स्तर के नेताओं का अनुभव और कैंपेन भी काम नहीं आया।

# झामुमो पहले अपना वादा पूरा करने पर ध्यान दे: विजय चौरसिया

जेएमएम महासचिव के बयान पर साधा निशाना, कहा-भाजपा राज्यहित के कार्यों में हमेशा सहयोग करेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेएमएम महासचिव के बयान पर कड़ा प्रहार करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विजय चौरसिया ने सोमवार को कहा कि जेएमएम के महासचिव को अब सरकार का गठन करवा कर जनता से किये अपने वादे पर अपना ध्यान केंद्रित करना चाहिए। झारखंड की जनता ने उन्हें उनके किये वादे पर बहुमत दिया है। अब वो अपने किये वायदे को लागू करवा करता जनता के विश्वास पर खरा उतरे। एनडीए राज्यहित हमेशा सहयोग को तैयार है। चौरसिया ने कहा कि शायद जेएमएम के महासचिव को अभी से अपने किये वायदे को न पूरा कर सकने का डर सताने लगा है। शायद इसलिए वो राज्य की जनता का ध्यान भटकाने के लिए अलग-अलग कहानियां गढ़ने में लग गये हैं। उन्होंने कहा हमें डर है कि फिर से 2019 की तरह हीं वो अपने खुद के लिए वायदे को भूल न जायें। हालांकि इंडिया गठबंधन के लोग इसे भूलने का प्रयास भी करेंगे तो एनडीए उसे भूलने नहीं देगी। दूसरी बात यह है कि इस सरकार में राज्य के संथाल में लगातार हो रहे घुसपैठ को एनडीए बिसार नहीं सकती है। यह हमारा राष्ट्रहित का विषय है। यह आदिवासी समाज और उसकी अस्मिता का विषय है। इस पीड़ा को हम तब और ज्यादा समझते और महसूस करते हैं जब जेएमएम की जीत पर उनके लोग घुसपैठ जिंदाबाद के नारे लगाते हुए वीडियो जारी करते हों। हम चुनाव जरूर हारे हैं लेकिन हम जनहित और राष्ट्रहित के मुद्दों से कोई समझौता न कभी किया है और न कभी करेंगे। उन्होंने कहा कि जेएमएम ने आने वाले दिसंबर माह से ही मंईयां सम्मान योजना की राशि 2500 भेजने का वायदा किया था सूबे की गृहणियों और किशोरियों से। हम कहेंगे कि शीघ्र मंत्रिमंडल का गठन कर वो दिसंबर माह से 2500 की राशि सभी को भेजे। जो किशोरियां और बहनें छुटी हुई हो इस योजना से उन्हें शीघ्र जोड़ा जाये। 450 रुपये में गैस सिलेंडर देने के अपने वादे को अमलीजामा पहनाना शुरू करें। इसी तरह किसानों से, युवाओं से किये अपने वायदे को पूरा करने में ध्यान दें। एनडीए के सभी घटक दलों का पूरी तरह से सहयोग रहेगा।

## सद्दाम हुसैन की जमानत पर इडी ने हाइकोर्ट से मांगा जवाब, सुनवाई तीन जनवरी को

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बरियातू स्थित सेना की भूमि की खरीद बिक्री घोटाले मामले में आरोपी मो सद्दाम हुसैन की जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय का आग्रह किया। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने मामले में इडी को प्रतिशपथ पत्र दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया। अगली सुनवाई 3 जनवरी 2025 को होगी। पीएमएलए कोर्ट ने सद्दाम हुसैन की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट में जमानत के लिए अर्जी दाखिल की गयी है। बता दें कि मामले में इडी ने इसीआइआर 1/2023 दर्ज किया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
1.94000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 24.7 °C | 10.6 °C |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.01 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.09 बजे |



# सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कई लोगों ने मुलाकात की और जीत की बधाई दी





# कांग्रेस का 60 दिवसीय संविधान रक्षक अभियान आज से होगा शुरू

## 26 नवंबर से 26 जनवरी, 2025 तक चलेगा यह अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने सभी जिला अध्यक्षों को 60 दिवसीय संविधान रक्षक अभियान पांच विषयों को लक्षित कर चलाने का निर्देश दिया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि संविधान और समानता की लड़ाई, संविधान द्वारा गारंटीकृत आरक्षण की सुरक्षा, भेदभाव का उन्मूलन, गरीबों के संविधान विरुद्ध पूंजीवादी सरकार के पक्षपात को उजागर करना, संविधान द्वारा गारंटीकृत लोकतंत्र और स्वतंत्रता पर भाजपा के हमलों को लेकर यह अभियान चलाया जायेगा। 26 नवंबर से 26 जनवरी, 2025 तक यह अभियान चलेगा। इस पूरे अभियान के दौरान एससी, एसटी, ओबीसी, अल्पसंख्यक, महिला, युवा, किसान समुदायों की स्थिति को खराब करने और इन्हें लक्ष्य करने वाली विभाजनकारी नीतियों को उजागर किया जायेगा। सोनाल ने कहा कि अभियान के जरिए भाजपा द्वारा भेदभाव को प्रदर्शित करने वाले आंकड़े, पूंजीपतियों के प्रति पक्षपातपूर्ण नीतियों, केंद्र सरकार के शासनकाल में उत्पन्न आर्थिक असमानता, सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग से जनता को अवगत कराया जायेगा। जातिगत जनगणना की वकालत और आरक्षण प्रणाली पर भाजपा के भेदभाव पूर्ण विचारधारा को जनता के सामने लाना इस अभियान का अहम हिस्सा होगा। संविधान रक्षक अभियान के तहत रैलियां, जनसंपर्क, जमीनी स्तर पर जनसंवाद कर सभी मुद्दों को जनता के सामने लाया जायेगा। अभियान के द्वारा संविधान प्रदत्त अधिकारों, स्वतंत्रता और समानता की रक्षा को प्रतिबद्धता का प्रमाण बनाया जायेगा।

- संविधान रक्षक अभियान के तहत रैलियां, जनसंपर्क, जमीनी स्तर पर जनसंवाद कर सभी मुद्दों को जनता के सामने लाया जायेगा



## आदर्श आचार संहिता खत्म, चुनाव आयोग ने जारी किया आदेश

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के संपन्न होने के बाद राज्य में लगी आदर्श आचार संहिता समाप्त हो गयी है। चुनाव आयोग ने इसका आदेश जारी कर दिया है। इसके साथ ही अब रुके हुए काम फिर से शुरू होंगे। नयी योजनाओं पर भी काम शुरू किया जायेगा। भारत निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में सभी राज्यों के चीफ सेक्रेट्री और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को पत्र भेजकर सूचित भी कर दिया है। जारी आदेश में कहा गया है कि चुनाव या उपचुनाव की प्रक्रिया समाप्त हो चुकी है, इस कारण आदर्श आचार संहिता समाप्त की जाती है। बताते चलें कि झारखंड में दो चरणों में मतदान हुआ था। 13 और 20 नवंबर को वोट डाले गये थे। 23 नवंबर को रिजल्ट सामने आया। रविवार को इंडिया गठबंधन के नेता हेमंत सोरेन ने राजभवन में सरकार बनाने का भी दावा पेश कर दिया। 28 नवंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा।

# सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस एन जगन्नाथ राव के निधन पर सीएम ने शोक जताया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश एम जगन्नाथ राव के निधन पर शोक जताया है। कहा है वे एक कुशल न्यायविद थे, जिन्होंने न्यायपालिका में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया। मरांगबुरू दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दें। वहीं सीएम ने अपने दूसरे ट्वीट में सेरेंगदा के शहीदों को याद करते हुए कहा है कि सेरेंगदा गोलीकांड के अमर वीर शहीद,



वीर आंदोलनकारी और माटी पुत्र वीर शहीद सोमनाथ लोमगा, दुबिया होनहागा और लोपा बुढ़ के शहादत दिवस पर शत-शत नमन। सेरेंगदा गोलीकांड के वीर शहीद अमर रहें। झारखंड के वीर शहीद अमर रहें।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
हज़ारीबाग़ मुख्य शाखा

अनुलग्नक - IV
परिशिष्ट-IV-ए [नियम 8(6) के उपबंध देखें]
**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 संपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-8(6) के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय का ई-निलामी विक्रय सूचना**
एतद्द्वारा जन साधारण को सामान्यतः एवं निम्नवर्णित ऋणी(यों), बंधककर्ताएँ) तथा जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचित किया जाता है की इंडियन बैंक, राँची शाखा प्रतिभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित बंधक/ प्रभारित अचल सम्पत्ति प्रतिभूत ऋणदाता के **भौतिक/ रचनात्मक (सांकेतिक)** कब्जे है, जिसका **"जहाँ है, जैसी है, जो कुछ भी है"** के आधार पर दिनांक **30.12.2024** को **इंडियन बैंक, हज़ारीबाग़ मुख्य शाखा में ऋणी श्री प्रबिल प्रसाद मेहता, पिता स्वर्गीय जानकी मेहता तथा जमानतदार कुंती देवी, पति प्रबिल प्रसाद मेहता** द्वारा बकाया **रु. 8,27,566.22 (रुपये आठ लाख सत्ताईस हजार पांच सौ छियासठ एवं बाईस पैसे मात्र, दिनांक 18.10.2022 तक)** के वसूली के लिए विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।
ई-ऑक्शन विधि द्वारा बिक्री हेतु प्रस्तावित अचल सम्पत्तियों का विवरण निम्नवर्णित है :
**समपित्त का विस्तृत विवरण :** सम्पत्ति के सभी भाग जो खाता संख्या 11 में विलेख संख्या 17339, दिनांक 08.11.2004, प्लॉट संख्या 14, 77, 1359 एवं 24 जिला अंतर्गत-हजारीबाग मौजा-रामदेव खरिका, क्षेत्रफल- 16 डिसमिल में ईश्वर दयाल के नाम पर स्थित है। **प्लॉट संख्या 14 की चौहद्दी** - उत्तर - कारू महतो, दक्षिण - बधान मिस्टी, पूर्व - प्रभु कोइरी, पश्चिम - सिमाना, प्लॉट संख्या की सीमा. 77 - उत्तर - सिमाना, दक्षिण - रास्ता, पूर्व - बधान मिस्त्री, पश्चिम - मगन मिस्त्री, **प्लॉट संख्या 1359 की चौहद्दी** :- उत्तर - रास्ता, दक्षिण - मोस्ट-सामरी कोइरी, पूर्व - बधान मिस्टी, पश्चिम - मगन मिस्त्री

| | |
|---|---|
| सम्पत्ति पर अदिभार | बैंक को ज्ञात नहीं |
| आरक्षित मूल्य | रु. 86.40 लाख (रुपये छियासी लाख चालीस हजार मात्र) |
| ईएमडी राशि | रु. 8.64 लाख (रुपये आठ लाख चौसठ हजार मात्र) |
| बोली वृद्धिशील राशि | रु. 86,400.00 (रुपये छियासी हजार चार सौ मात्र) |
| ई-नीलामी की तिथि एवं समय | 30.12.2024; समय: पूर्वाह्न 11.00 से अपराह्न 04.00 बजे तक, 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ |
| सम्पत्ति आईडी | IDIB20264690797 |

अनुलग्नक - IX
बोलीदाता को सलाह दी जाती कि ऑनलाइन बीड में हिस्सा लेने के लिये हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता PSB Alliance Pvt. Ltd. के वेबसाईट (https://www.ebkray.in) विजीट करें। तकनीकी सहायता के लिये कृपया मोबाईल सं. 8291220220 में कॉल करें। रजिस्ट्रेशन तथा अग्रधन जमा राशि की स्थिति के लिये ईमेल support.ebkray@psballiance.com से संपर्क करें।
सम्पत्ति के विवरण एवं फोटो तथा नियम व शर्तों के लिए वेबसाईट www.ebkray.in विजीट करें और पोर्टल संबंधित स्पष्टीकरण के लिये, कृपया PSB Alliance Pvt. Ltd. के मोबाईल सं. 8291220220 में संपर्क करें।
**बोलीदाता को सलाह दी जाती है** कि वेबसाईट www.ebkray.in में सम्पत्ति खोजने के लिये, उपर्युक्त वर्णित **सम्पत्ति आईडी सं.** का इस्तेमाल करें।
क्यू आर कोड
www.indianbank.in | www.ebray.in | दस्तावेज (विक्रय सूचना) | सम्पत्ति का स्थान | सम्पत्ति का विडियो | सम्पत्ति के फोटो
दिनांक : 22.11.2024
स्थान : हज़ारीबाग़
विवाद/ त्रुटि की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
सम्पर्क व्यक्ति : प्राधिकृत अधिकारी
अनूप कुमार गुप्ता - 81236 22151

## दुष्कर्म के प्रयास के दोषी को 10 साल की कैद

**रांची।** पोक्सो की विशेष अदालत ने नाबालिग के साथ रेप की कोशिश करने के मामले में दोषी एयरपोर्ट रोड, हिनू निवासी सुखैर उरांव उर्फ लंगड़ा को 10 साल कैद की सजा सुनायी है। साथ ही उसपर 10 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। बता दें कि मामले को लेकर पीड़िता की मां ने एयरपोर्ट थाना में अप्रैल 2022 में सुखैर उरांव के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी। अदालत ने अभियुक्त सुखैर उरांव के खिलाफ 18 जुलाई 2022 को आरोप गठित कर दिया था। पूर्व में पोक्सो कोर्ट ने अभियुक्त को दोषी करार दिया था।

## 7वीं बार विजयी होने पर पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने जताया आभार

# आज मैं अकेला हूं, कल सौ बनाऊंगा: चंपाई

- आदिवासी-मूलवासी की जमीन और अस्मिता की रक्षा के लिए संघर्ष करता रहूंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड चुनाव में सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से 7वीं बार विजयी होने वाले पूर्व सीएम चंपाई सोरेन ने क्षेत्र की जनता के प्रति आभार जताया है। चंपाई सोरेन ने अपने आवास पर मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान अपने संबोधन में चंपाई ने कहा, आज मैं अकेला हूं, कल सौ बनाऊंगा। राज्य की जनता का जनादेश है कि भाजपा विपक्ष में बैठे और हम जनता का सम्मान करते हैं। वहीं, उन्होंने बेटे बाबूलाल सोरेन और सोनाराम बोदरा के हारने पर अफसोस भी जाहिर किया।



### जेएलकेएम के कारण भाजपा की हार की बात स्वीकारी

बता दें कि अपने संबोधन के दौरान चंपाई सोरेन ने जयराम की पार्टी जेएलकेएम के कारण भाजपा को हुए नुकसान की बात को स्वीकार किया है। चंपाई ने कहा कि राज्य में भाजपा के 22 प्रत्याशियों को जेएलकेएम की वजह से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा राजनीतिक नहीं सामाजिक मुद्दा है। चूंकि, बांग्लादेशी घुसपैठिये संथाल परगना ही नहीं बल्कि धीरे-धीरे पूरे राज्य में आदिवासी एवं मूलवासियों की जमीन और अस्मिता लूट रहे हैं। समय के साथ हर जगह उनकी आबादी बढ़ती जा रही है। चुनाव में राज्य की जनता शायद इस बात को नहीं समझ पायी, लेकिन मैं बांग्लादेशी घुसपैठियों से आदिवासी मूलवासी की जमीन और अस्मिता की रक्षा के लिए आगामी 5 सालों तक संघर्ष करता रहूंगा। बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ जनवरी के बाद संथाल क्षेत्र में आंदोलन खड़ा करेंगे। वहीं, जब तक राज्य से बांग्लादेशी घुसपैठियों को चुन- चुन कर नहीं भगा देते हैं, चैन से नहीं बैठेंगे।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
हज़ारीबाग़ मुख्य शाखा

अनुलग्नक - IV
परिशिष्ट-IV-ए [नियम 8(6) के उपबंध देखें]
**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 संपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-8(6) के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय का ई-निलामी विक्रय सूचना**
एतद्द्वारा जन साधारण को सामान्यतः एवं निम्नवर्णित ऋणी(यों), बंधककर्ताएँ) तथा जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचित किया जाता है की इंडियन बैंक, राँची शाखा प्रतिभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित बंधक/ प्रभारित अचल सम्पत्ति प्रतिभूत ऋणदाता के **भौतिक/ रचनात्मक (सांकेतिक)** कब्जे है, जिसका **"जहाँ है, जैसी है, जो कुछ भी है"** के आधार पर दिनांक **30.12.2024** को **इंडियन बैंक, हज़ारीबाग़ मुख्य शाखा में ऋणी श्री धनेश्वर प्रसाद, पिता ईश्वर दयाल एवं जमानतदार ईश्वर दयाल** द्वारा बकाया **रु. 16,85,759/- (रुपये सोलह लाख अस्सी हजार सात सौ उनसठ मात्र, दिनांक 06.01.2020 तक)** के वसूली के लिए विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।
ई-ऑक्शन विधि द्वारा बिक्री हेतु प्रस्तावित अचल सम्पत्तियों का विवरण निम्नवर्णित है :
**समपित्त का विस्तृत विवरण :** सम्पत्ति के सभी भाग जो खाता संख्या 11 में विलेख संख्या 17339, दिनांक 08.11.2004, प्लॉट संख्या 14, 77, 1359 एवं 24 जिला अंतर्गत-हजारीबाग मौजा-रामदेव खरिका, क्षेत्रफल- 16 डिसमिल में ईश्वर दयाल के नाम पर स्थित है। **प्लॉट संख्या 14 की चौहद्दी :** उत्तर - कारू महतो, दक्षिण - बढ़न मिस्त्री, पूर्व - प्रभु कोइरी, पश्चिम - सिमाना, **प्लॉट संख्या 77 की चौहद्दी :** उत्तर - सिमाना, दक्षिण - रास्ता, पूर्व - बढ़न मिस्त्री, पश्चिम - मगन मिस्त्री, **प्लॉट संख्या 1359 की चौहद्दी :** उत्तर - रास्ता, दक्षिण - मोस्ट-सामरी कोइरी, पूर्व - बढ़न मिस्त्री, पश्चिम - मगन मिस्त्री

| | |
|---|---|
| सम्पत्ति पर अदिभार | बैंक को ज्ञात नहीं |
| आरक्षित मूल्य | रु. 17.64 लाख (रुपये सत्रह लाख चौसठ हजार मात्र) |
| ईएमडी राशि | रु. 1.76 लाख (रुपये एक लाख छिहत्तर हजार मात्र) |
| बोली वृद्धिशील राशि | रु. 17,600.00 (रुपये सत्रह हजार छह सौ मात्र) |
| ई-नीलामी की तिथि एवं समय | 30.12.2024; समय: पूर्वाह्न 11.00 से अपराह्न 04.00 बजे तक, 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ |
| सम्पत्ति आईडी | IDIB50002369869 |

अनुलग्नक - IX
बोलीदाता को सलाह दी जाती कि ऑनलाइन बीड में हिस्सा लेने के लिये हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता PSB Alliance Pvt. Ltd. के वेबसाईट (https://www.ebkray.in) विजीट करें। तकनीकी सहायता के लिये कृपया मोबाईल सं. 8291220220 में कॉल करें। रजिस्ट्रेशन तथा अग्रधन जमा राशि की स्थिति के लिये ईमेल support.ebkray@psballiance.com से संपर्क करें।
सम्पत्ति के विवरण एवं फोटो तथा नियम व शर्तों के लिए वेबसाईट www.ebkray.in विजीट करें और पोर्टल संबंधित स्पष्टीकरण के लिये, कृपया PSB Alliance Pvt. Ltd. के मोबाईल सं. 8291220220 में संपर्क करें।
**बोलीदाता को सलाह दी जाती है** कि वेबसाईट www.ebkray.in में सम्पत्ति खोजने के लिये, उपर्युक्त वर्णित **सम्पत्ति आईडी सं.** का इस्तेमाल करें।
क्यू आर कोड
www.indianbank.in | www.ebray.in | दस्तावेज (विक्रय सूचना) | सम्पत्ति का स्थान | सम्पत्ति का विडियो | सम्पत्ति के फोटो
दिनांक : 22.11.2024
स्थान : हज़ारीबाग़
विवाद/ त्रुटि की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
सम्पर्क व्यक्ति : प्राधिकृत अधिकारी
अनूप कुमार गुप्ता - 81236 22151

## ओरमांझी गोलीकांड : घटना में शामिल अपराधियों की हुई पहचान, गिरफ्तारी में जुटी पुलिस

**रांची (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी थाना क्षेत्र स्थित बिरसा जू के पास 22 नवंबर की शाम दो युवकों को गोली मारी गयी थी। पुलिस ने इस गोलीकांड में शामिल तीन अपराधियों की पहचान कर ली है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर पुलिस की टीम तीनों अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए उसके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। गौरतलब है कि ओरमांझी में हुए गोलीकांड मामले में जेल में बंद सुजीत सिन्हा गिरोह की संलिप्तता सामने आयी है। इस घटना की जांच के दौरान पुलिस को जानकारी मिली है कि जमीन कारोबारी से सुजीत सिन्हा गिरोह ने रंगदारी मांगी थी। जमीन कारोबारी ने ना तो रंगदारी दी और ना ही रंगदारी मांगे जाने के संबंध में पुलिस को बताया। रंगदारी नहीं देने को लेकर सिन्हा गिरोह के अपराधी जमीन कारोबारी जायसवाल को गोली मारने आये थे। लेकिन जायसवाल के दो कर्मचारी आजाद और जावेद अंसारी दोनों बीच में आ गये। जिसकी वजह से दोनों को गोली लग गयी। इस मामले को लेकर ओरमांझी थाना में सुजीत सिन्हा और उसके गिरोह के अपराधी खिलाफ एफआइआर दर्ज की गयी है।

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
हज़ारीबाग़ मुख्य शाखा

अनुलग्नक - IV
परिशिष्ट-IV-ए [नियम 8(6) के उपबंध देखें]
**वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 संपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम-8(6) के अंतर्गत अचल सम्पत्तियों के विक्रय का ई-निलामी विक्रय सूचना**
एतद्द्वारा जन साधारण को सामान्यतः एवं निम्नवर्णित ऋणी(यों), बंधककर्ताएँ) तथा जमानतदारों को विशेष तौर पर सूचित किया जाता है की इंडियन बैंक, राँची शाखा प्रतिभूत ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा निम्नवर्णित बंधक/ प्रभारित अचल सम्पत्ति प्रतिभूत ऋणदाता के **भौतिक/ रचनात्मक (सांकेतिक)** कब्जे है, जिसका **"जहाँ है, जैसी है, जो कुछ भी है"** के आधार पर दिनांक **30.12.2024** को **इंडियन बैंक, हज़ारीबाग़ मुख्य शाखा में ऋणी श्री दिनेश महतो, पिता झमन महतो एवं सरवा देवी, पति झमन महतो तथा जमानतदार कुंती देवी** द्वारा बकाया **रु. 4,65,914.00 (रुपये चार लाख पैंसठ हजार नौ सौ चौदह मात्र, दिनांक 28.08.2014 तक)** के वसूली के लिए विक्रय करने का निर्णय लिया गया है।
ई-ऑक्शन विधि द्वारा बिक्री हेतु प्रस्तावित अचल सम्पत्तियों का विवरण निम्नवर्णित है :
**समपित्त का विस्तृत विवरण :** श्रीमती सरवा देवी, पति श्री झमन महतो पता- ग्राम- डुमराव, थाना, इचाक, जिला-हजारीबाग, के सम्पत्ति के सभी भाग, जिसमें 50 डिसमिल @ 21,780 वर्ग फुट शामिल है, जो बिक्री विलेख संख्या 25653, दिनांक-24-12-1974 के अनुसार खाता संख्या- 97, प्लॉट संख्या- 6247, थाना संख्या- 09, मौजा-डुमराव, थाना-इचाक, जिला-हजारीबाग 825301 में स्थित है। **चौहद्दी :** उत्तर - गुरुदयाल महतो, दक्षिण - गोपी महतो, पूर्व - रास्ता, पश्चिम - खुदी महतो

| | |
|---|---|
| सम्पत्ति पर अदिभार | बैंक को ज्ञात नहीं |
| आरक्षित मूल्य | रु. 28.31 लाख (रुपये अट्ठाईस लाख इकतीस हजार मात्र) |
| ईएमडी राशि | रु. 2.84 लाख (रुपये दो लाख चौरासी हजार मात्र) |
| बोली वृद्धिशील राशि | रु. 28,400.00 (रुपये अट्ठाईस हजार चार सौ मात्र) |
| ई-नीलामी की तिथि एवं समय | 30.12.2024; समय: पूर्वाह्न 11.00 से अपराह्न 04.00 बजे तक, 10 मिनट के असीमित विस्तार के साथ |
| सम्पत्ति आईडी | IDIB20264689227 |

अनुलग्नक - IX
बोलीदाता को सलाह दी जाती कि ऑनलाइन बीड में हिस्सा लेने के लिये हमारे ई-नीलामी सेवा प्रदाता PSB Alliance Pvt. Ltd. के वेबसाईट (https://www.ebkray.in) विजीट करें। तकनीकी सहायता के लिये कृपया मोबाईल सं. 8291220220 में कॉल करें। रजिस्ट्रेशन तथा अग्रधन जमा राशि की स्थिति के लिये ईमेल support.ebkray@psballiance.com से संपर्क करें।
सम्पत्ति के विवरण एवं फोटो तथा नियम व शर्तों के लिए वेबसाईट www.ebkray.in विजीट करें और पोर्टल संबंधित स्पष्टीकरण के लिये, कृपया PSB Alliance Pvt. Ltd. के मोबाईल सं. 8291220220 में संपर्क करें।
**बोलीदाता को सलाह दी जाती है** कि वेबसाईट www.ebkray.in में सम्पत्ति खोजने के लिये, उपर्युक्त वर्णित **सम्पत्ति आईडी सं.** का इस्तेमाल करें।
क्यू आर कोड
www.indianbank.in | www.ebray.in | दस्तावेज (विक्रय सूचना) | सम्पत्ति का स्थान | सम्पत्ति का विडियो | सम्पत्ति के फोटो
दिनांक : 22.11.2024
स्थान : हज़ारीबाग़
विवाद/ त्रुटि की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
सम्पर्क व्यक्ति : प्राधिकृत अधिकारी
अनूप कुमार गुप्ता - 81236 22151

# शंकरपुर में दर्दनाक हादसा, मां-बेटे की मौत

## ग्रामीणों ने किया सड़क जाम मुआवजे की मांग पर अड़े रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के बड़कागांव रोड स्थित शंकरपुर में सोमवार को दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। जिसमें डिपीएस हजारीबाग में पढ़नेवाले छात्र अमर कुमार और इनकी मां ललिता देवी पति नंद किशोर साव छवीनगर सिरसी के रहनेवाले की दर्दनाक मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शीयों ने बताया कि, आये दिन इस तरह की घटनाएं घटती रहती है इस क्षेत्र में 7 विद्यालय होने के बाद भी दिन रात मालवाहक वाहन चलते रहता है। घटना से क्षुब्ध परिजनों ने सड़क जाम कर दिया, जिससे घंटों आवागमन बाधित रहा। घटनास्थल पर जिला प्रशासन की टीम पहुंच जाम हटवाने की कोशिश में लगी रही। घटना की सुचना मिलते ही नवनिर्वाचित सदर विधायक प्रदीप प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचे। ग्रामीणों और परिजनों से मिले और अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि इस सड़क पर जितना जल्दी हो नो इंट्री का पालन प्रशासन करें। मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा दे और दोषियों के विरुद्ध दंडातम्क कार्रवाई हो। इधर सदर एसडीओ और जिला प्रशासन भी घटना स्थल पर मौजूद रही।



### विधायक ने परिजनों को दिलाया न्याय का भरोसा



सड़क हादसे में मां बेटे की मौत की सूचना मिलते ही सदर विधायक प्रदीप प्रसाद घटनास्थल पर पहुंचे। वहां मौजूद आक्रोशित लोगों को समझाते हुए उन्होंने कहा यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। मैं इस मामले में पीड़ित परिवार के साथ खड़े हूं इस मार्ग पर जल्द ही ट्रकों और हाईवे के लिए नो एंट्री की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हो। स्थानीय लोग प्रशासनिक व्यवस्था और सड़क पर ट्रकों की तेज रफ्तार को लेकर नाराज थे। उन्होंने सड़क जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सदर विधायक ने प्रदर्शनकारियों से शांत रहने की अपील की और प्रशासनिक अधिकारियों को तुरंत मौके पर बुलाकर लोगों की समस्याओं का समाधान निकालने का आश्वासन दिया। सदर विधायक ने कहा आपका गुस्सा जायज है, लेकिन हमें मिलकर इस समस्या का समाधान निकालना होगा। प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर मैं सुनिश्चित करूंगा कि इस सड़क पर ट्रकों की नो एंट्री का सख्ती से पालन हो। इसके साथ ही, दोषी वाहन चालक पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। आक्रोशित लोगों को शांत करने के बाद विधायक ने मृतकों के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिवार को सांत्वना देते हुए हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। सदर विधायक ने कहा मैं इस घटना से बहुत आहत हूं और वादा करता हूं कि यह मामला सिर्फ एक औपचारिकता बनकर नहीं रहेगा। जल्द ही इस मार्ग पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेंगे।

## सड़क दुर्घटना में हवलदार की मौत, तीन घायल



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। हजारीबाग के चौपारण के चोरदाहा चेकपोस्ट के पास एक टेलर ने पहले मवेशी लदे पिकअप में जोरदार टक्कर मारी। जिससे पिकअप सड़क पर ही पलट गया। इसके बाद बेकाबू ट्रेलर ने चेकपोस्ट पर तैनात जैप-7 के जवान को रौंदा और सुरेंद्र यादव के घर में जा घुसा। इस हादसे में ड्यूटी पर तैनात जैप-7 के जवान हवलदार अरुण कुमार दुबे की मौत हो गयी। वहीं तीन जवान घायल है। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिनमें से एक की गंभीर हालत देखते हुए उन्हें दूसरे अस्पताल में रेफर किया गया है। खबर पाकर मौके पर एसपी डीएसपी समेत कई अधिकारी पहुंचे हैं, जांच की जा रही है।

## पवन कुमार नीट की परीक्षा में सफल



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के मॉडर्न किड्स वे स्कूल तिलोकरी का छात्र पवन नीट परीक्षा में सफल रहा। अपने बच्चों को डॉक्टर बनाना लाखों परिवार का सपना होता है। माता-पिता अपने जीवन भर की कमाई के साथ-साथ पुश्तैनी जायदाद बेचकर भी बच्चों को इस प्रकार पढ़ाते हैं कि वह डॉक्टर बनकर अपने परिवार का नाम रोशन कर सके लेकिन डॉक्टर बनना इतना आसान भी नहीं है। दिन रात की कड़ी मेहनत के बल पर कुछ बच्चे ही नीट परीक्षा पास कर पाते हैं। प्रखंड के खरियोडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम महुआगड़हा निवासी राजेन्द्र रजक और सुदामा देवी के पुत्र पवन कुमार ने नीट 2024 की परीक्षा में सफलता पाया है इससे परिजनों में खुशी की लहर है। बपवन कुमार प्रांभिक शिक्षा मॉडर्न किड्स वे स्कूल तिलोकरी से पूरी की फिर कोटा (राजस्थान) में रहकर तैयारी किया। पवन कुमार ने बताया कि मैं इसका श्रेय अपने प्रारंभिक गुरु कैलाश लाल बर्णवाल के साथ-साथ माता-पिता और परिजनों को देता हूं। उनसे मुझे बचपन से अब तक प्रेरणा मिलता रहा है मुझे शुरू से ही डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करने का मन था। मेरी अंदर की आवाज भगवान ने सुन ली। अब एमबीबीएस में दाखिला बड़े सुगमता से करवाने में सफल रहा।

## स्वागत समारोह सह वनभोज कार्यक्रम



**पदमा (आजाद सिपाही)।** बरही विधान सभा में प्रचंड जीत हासिल होने के बाद सोमवार को पदमा इचाक सिमाना स्थित लोटवा जलाशय में भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों द्वारा स्वागत समारोह सह वनभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां बतौर मुख्य अतिथि बरही विधान सभा के नवनिर्वाचित विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित हुए। वन वनभोज सह स्वागत समारोह में बरही विधान सभा के दर्जनों भाजपाइयों के साथ पदमा प्रखंड के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम पदमा इचाक सीमा स्थित लोटवा जलाशय में किया गया। सोमवार 25 नवंबर को तीन बजे स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। साथ ही साथ भाजपा के प्रचंड जीत पर वनभोज सह पिकनिक मनाया गया। स्वागत समारोह सह वनभोज कार्यक्रम सभा को सम्बोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि चुनाव को सफल बनाने के लिए पदमा प्रखंड भाजपा कमेटी के साथ बजरंग दल, महिला मंडल ने जोर शोर से काम किया। इसी का परिणाम है कि बरही में प्रचंड जीत मिली। विधायक ने सभी लोगों को धन्यवाद दिया। इधर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। प्रखंड अध्यक्ष बाबूलाल मेहता ने सभी कार्यकर्ताओं को इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जो भूमिका निभाएं उन्हें धन्यवाद दिया। मौके पर पदमा जिप सदस्य बसंत नारायण मेहता, प्रमुख वीणा देवी, उपप्रमुख्य सतेंद्र राणा, मुखिया सबिता देवी, कंचन देवी, सुनीता देवी, चंचला कुमारी, मुखिया सीताराम मेहता, शांति देवी, पूर्व मुखिया गौरी शंकर मेहता, सहदेव प्रसाद मेहता, मंजू देवी, कंचन मेहता, पंस सदस्य रेखा देवी, रूबी देवी, भाजपा नेता नारायण यादव, मुकुंद साव, अभिजीत मेहता, कालीचरण मेहता, दशरथ मेहता, विजय मेहता, गोबिंद मेहता, जितेंद्र मेहता, निशांत सिंह, भरत पांडेय, खेमलाल साव, साव, सुरेंद्र गुप्ता, अशोक यादव, सुबोध सिंह, बिनोद साव, कमांडो मेहता, मनोज पांडेय, रामानन्द गिरी, अशोक सिंह, कपिल मेहता, राजकुमार मेहता, समाजसेवी बिनोद ठाकुर, अयोध्या मेहता, प्रशांत सिंह, कुलदीप रविदास, अरविंद मेहता, विजय मेहता, अजित गिरी, अशोक यादव, धर्मेंद्र पांडेय, नागेंद्र मेहता, मुकेश सिंह, गौरीशंकर सिंह, सुरेश पांडेय, डब्लू मियां के अलावा प्रखंड के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## जयनगर में विधायक अमित कुमार यादव का हुआ स्वागत



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड में बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव को भाजपा के कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने फूल माला अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बरकट्ठा विधानसभा में अमित कुमार यादव लगातार दूसरी बार विजयी हुए। स्वागत करने वाले शिक्षाविद अर्जुन चौधरी, पूर्व मुखिया अशोक यादव, महावीर यादव, अवध पांडेय, होरिल यादव, सरयू पांडेय, धर्मवीर सिंह, खिरु साव, कौशल यादव, सुनील मोदी, राजु साव, सकलदेव यादव, अजय यादव, शिबु दास, बसंत पासवान, बिदेशी दास, विकास पासवान सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस

**चलकुशा/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के चौबे और खरगू पंचायत में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बरकट्ठा विधानसभा से अमित कुमार यादव के विजय होने पर भव्य विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने लोगों के बीच मिठाई बांटी। मौके पर खरगू मुखिया ललिता देवी पंसस उदीत राम पूर्व उपप्रमुख दुर्गा यादव, मुखिया प्रतिनिधि सीताराम पंडित, सुबोध चौधरी, अशोक यादव, गौरीशंकर ठाकुर, जागेश्वर साव, राजेन्द्र साव, भुवनेश्वर स्वर्णकार, अर्जून यादव, मथुरा यादव, सुरेन्द्र पंडित,राजू पंडित रधु यादव, सहदेव यादव, विरेंद्र यादव, नंदकिशोर मोदी, मदन पांडेय, धीरज सोनी, संजय पांडेय, खिरोधर राणा, बालीराम, अभय पंडित, मंटू पंडित और काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## सांसद ने बेटियों को दिया लहंगा

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल पूर्व की भांति इस बार भी उनके द्वारा निरंतर भाई यानी लोकसभा सांसद मनीष जयसवाल के तरफ से बहनों को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया। पूर्व विधायक प्रतिनिधि स्वयं बहनों के बीच जा जा कर कर के लहंगा भेंट किया। कटकमसांडी के विभिन्न गांवों में 15 से अधिक बेटियों को उनके विवाह के लिए उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। सांसद मनीष जायसवाल की ओर से कटकमसांडी के पूर्व विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने लोगों को लहंगा अपने हाथों सौंपा। लहंगा पाने वालों में पंचायत, रेबर, आराभुसाई, लुपुंग, शाहपुर, गदोखर ,कृष्णानगर, आदि गांवों के मिलाकर के कुल 15 से अधिक लड़की को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया।

## समाजसेवी नंदलाल महतो का निधन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत डाड़ी कला गांव निवासी 98 वर्षीय समाजसेवी नंदलाल महतो का आकस्मिक निधन हो गया। डाडीकला में उसका अग्नि संस्कार बड़े पुत्र देवा महतो ने किया। अंतिम संस्कार में शामिल उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रख कर शोक व्यक्त करते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से कामना की। मौके पर सीकरी पंचायत के पंचायत समिति प्रतिनिधि अरुण महतो, डाड़ी कला पंचायत के पूर्व मुखिया मोहन महतो, बालदेव महतो, प्रमोद महतो, मोहन महतो, राजेंद्र महतो, रंजीत महतो, समाजसेवी खेमलाल महतो, अरुण महतो, इंदर कुमार, पवन कुमार, प्रहलाद कुमार, सुधीर कुमार, अमर कुमार, रोहित कुमार, अन्य लोगों ने शोक व्यक्त किया।

## विजय जुलूस पर पत्थरबाजी, पुलिस की पहल पर हुआ मामला शांत

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के बड़कागांव प्रत्याशी रोशन लाल चौधरी के प्रचंड जीत के बाद रविवार को कंडावेर मां अष्टभुजी की पूजा अर्चना के बाद बड़कागांव प्रखंड के विभिन्न गांव में विजय जुलूस निकल गया विजय जुलूस बड़कागांव मुख्य चौक से कांडतरी, सोनपुरा, मिर्जापुर होते हुए बिश्रामपुर हरली तक पहुंचा उसके बाद देर रात को बादम पहुंचा। इस दौरान बादम राजा किला के निकट कुछ बातों को लेकर आपस में झड़प हो गया जिससे विजय जुलूस पर पत्थर बाजी की गयी। हालांकि इस दौरान घटनास्थल से बहुत पीछे ही नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी का गाड़ी था। जिसकी जानकारी उन्हें बाद में मिली। इस संबंध में एचडीपीओ पवन कुमार से पूछे जाने पर बताया कि हल्का-फुल्का बातचीत हुई थी। जिसे पुलिस के पल पर मामला को शांत कराया गया। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार विजय जुलूस जैसे ही राजा किला के पास पहुंचा तो ऊपर में मुसलमानों द्वारा लगाये गये झंडी टूट गया जिससे महिलाओं द्वारा जमकर गाली गलौज की गयी और इसी बात को लेकर मामला बढ़ गया और झड़प हो गया इसके बाद दोनों और से पत्थर बाजी शुरू हो गया। इसके बाद एक समुदाय के लोग वहां से अपने-अपने घर के अंदर चले गये और मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले को शांत किया।

## भाकपा वरिष्ठ नेता सह हजारीबाग पूर्व सांसद ने हेमंत सोरेन को बधाई दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** हजारीबाग के भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता सह हजारी बाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने झारखंड के मुख्यमंत्री बनने के लिए हेमंत सोरेन को बधाई दिया। इन्होंने कहा कि पूरे झारखंड में 81 विधानसभा सीटों से 56 विधानसभा सीट हेमंत सोरेन और सहयोगी दल और नेताओं को जीत हासिल हुई, और झारखंड राज्य को एक सांप्रदायिक आग में झोंकने से बचाने का काम हेमंत सोरेन और उनके सहयोगियों को झारखंड की जनता ने सौंपा। जो 28 नवंबर को शपथ ग्रहण करेंगे। जिसमें हेमंत सोरेन पर भ्रष्टाचार, जल जंगल और जमीन की रक्षा करने, भूमि बैंक मे 23 लाख हेक्टेयर जमीन है, को खत्म करने, जोत अबाद, गैर मजरूआ जमीन का रसीद काटने, विस्थापन एवं नियोजन नीति को बनाने, सरकारी पदों में 2 लाख 87 हजार पद जो आज कई वर्षों से खाली पड़ा हुआ है। इसे भरने और झारखंड में अलग राज्य आंदोलनकारी को चिन्हित करते हुए, जो चिन्हित हो चुके हैं। उन्हें पेंशन सहित अन्य सुविधाओं के मुहैया कराने का काम करेंगे। जिससे झारखंड की जनता पूरे विश्वास के साथ हेमंत सोरेन और उनके सहयोगियों को इस बार कमान सौंपने का काम किया। जिसे मैं बधाई देता हूं। यह जानकारी भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने प्रेस वार्ता कर कहा। मौके पर शंभू कुमार अधिवक्ता, जिला सहसचिव निजाम अंसारी, महेंद्र राम, मजीद अंसारी सहित कई अन्य मौजूद थे।

## मरकच्चो में पेयजल आपूर्ति ठप

मरकच्चो (आजाद सिपाही)। मरकच्चो में लचर पेयजलापूर्ति व्यवस्था से ग्रामीणों में हाहाकार मचा है। पिछले एक सप्ताह से ठप पेयजल आपूर्ति के कारण लोग पीने के पानी के लिए दर-दर भटकने को विवश हो गये हैं। सप्लाई ठप के बाबत पूछताछ करने पर विभाग व व्यवस्था सुचारू रखने के लिए बनी पेयजल और स्वच्छता समिति की लापरवाही साफ नजर आ रही है। एक सप्ताह से जलापूर्ति ठप रहने के बाद ग्रामीणों में जब त्राही मच गयी तब जाकर समिति खराबी ठीक कराने को लेकर हरकत में आयी। ज्ञात हो कि सप्लाई मोटर के खराब होने की वजह से पेयजल आपूर्ति ठप हैं। इस योजना का लाभ प्रखंड के कुल तीन पंचायत को मिलता है, इसमें हजार से ज्यादा परिवार आश्रित हैं। मालूम हो कि पेयजल आपूर्ति के लिए दो मोटर लगाया गया था। पेय जलापूर्ति विभाग के कनीय अभियंता जहेन्द्र भगत से पूछे जाने पर बताया कि मुझे मालूम नहीं थी लेकिन पता किया हूं। एक मोटर पहले से खराब था, दूसरी मशीन तिलैया बनने के लिए लाया गया है। दो-तीन दिनों में बन जायेगा।

## महिला हिंसा को लेकर कार्यशाला




**इचाक (आजाद सिपाही)।** महिला हिंसा विरोधी पखवाड़ा 16 दिवसीय अभियान के तहत जेएम महाविद्यालय उरुका में लड़कियों के साथ हो रही यौन शोषण, सायबर क्राइम, बाल विवाह सामाजिक भेदभाव, जेन्डर आधारित हिंसा और उनके अधिकार को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ संस्था का परिचय कराते हुए महिला मुक्ति संस्था की कोषाध्यक्ष लीला कुमारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि जेन्डर भेदभाव और हिंसा आज के समय में किशोरी, महिला, ट्रांस, विकलांग के साथ अधिक देखा जा रहा है। छोटे-छोटे भेदभाव आगे चलकर हिंसा का रुप धारण कर लेता है, इसे रोकने की आवश्यकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य बसंत कुमार ने कहा कि महिला पुरुष को समान अधिकार कानून में प्राप्त है अशिक्षा और जागरूकता के अभाव में इसे पाना कठिन है। प्रोफेसर राजेंद्र यादव ने कहा कि लड़की और महिला के साथ भेदभाव जन्म से लेकर मरण तक होता है इस परंपरागत संस्कृति का बदलाव आवश्यक है। इसके लिए लोगों की मानसिकता में बदलाव लाने का इस प्रकार के संस्था का प्रयास सराहनीय कदम है। कार्यक्रम को प्रेमचंद कुमार पंत, सुशील कुमार, विजय कुमार दास, बच्चु राम ने महिलाओं के साथ हो रही हिंसा का विरोध किया। इस अवसर पर संस्था की ज्योत्सना वर्मा, शांता सांगा, रिंकी देवी, पुनम देवी, प्रेरणा कुमारी, अनिता कुमारी काजल, प्रियंका, लक्ष्मी कुमारी, डॉली खातुन, पुनम देवी शामिल रही और और लड़कियों और महिलाओं पर हो रही हिंसा को समाप्त करने का आह्वान किया।

## एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का दौरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**बड़कागांव।** विशेष मूल्यांकन समिति के अध्यक्ष डॉ शरद सिंह नेगी और अन्य समिति के सदस्यों ने एनएमएल पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य खदानों और आस-पास के क्षेत्रों में चल रहे परियोजनाओं, पर्यावरणीय पहलों और सतत विकास प्रयासों का मूल्यांकन करना था। पहले दिन, समिति का स्वागत सिकरी कैंपस में किया गया, जहां एनएमएल और आरइडी (कोल माइनिंग) के सीइओ अनिमेष जैन, पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब, चट्टी बरियातू परियोजना प्रमुख नवीन गुप्ता और बदाम परियोजना प्रमुख एके सक्सेना ने औपचारिक स्वागत किया। समिति ने पकरी बरवाडीह खदान के व्यूपॉइंट क्षेत्र का दौरा किया और परियोजना की हरित पहल के तहत एक सोलर वृक्ष का उद्घाटन किया। समिति ने खदान के पर्यावरणीय मानकों का पालन करने के लिए सराहना की और महिला सशक्तिकरण पहल, जिसमें महिला डंपर ऑपरेटर और सुरक्षा गार्डों की भर्ती की गयी है, की भी सराहना की। इसके बाद, समिति ने सिकरी सम्मेलन कक्ष में पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातू और केरेडारी परियोजनाओं के पर्यावरणीय मुद्दों पर एक विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान, देओरैया खुर्द गांव के पास मिया-वाकी वन क्षेत्र में एक वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया, जो एनटीपीसी की पर्यावरणीय जिम्मेदारी को प्रदर्शित करता है। दिन का समापन सिकरी कैंपस में एक गजल संध्या कार्यक्रम के साथ हुआ। दूसरे दिन, 23 अक्टूबर को, डॉ नेगी और उनकी टीम ने सिकरी कैंपस में पांच इलेक्ट्रिक वाहनों को हरी झंडी दिखाते हुए किया। इसके साथ ही, एक सोलर ट्री और एक वेस्ट कम्पोस्टर का भी उद्घाटन किया गया, जो परियोजना के स्थिरता ढांचे के महत्वपूर्ण पहल थे। टीम फिर बनादाग रेलवे साइडिंग गयी, जहां उन्होंने रैपिड लोडिंग सिस्टम की प्रगति की समीक्षा की और कोयला डिस्पैच संचालन की दक्षता की सराहना की। यह दौरा एनटीपीसी की हरित प्रथाओं, महिला सशक्तिकरण और उसके खनन संचालन में सतत विकास की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है।

## सामंतो काली मंदिर में वार्षिक उत्सव की तैयारियों पर बैठक



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** काली मंदिर प्रांगण में काली महिला मंडल का वार्षिक उत्सव की तैयारियों को लेकर एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में निर्णय लिया गया कि वार्षिक उत्सव 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक मनाया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ 29 नवंबर को भव्य कलश यात्रा से होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेंगे। 30 नवंबर को 36 घंटे का अखंड ज्योत कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा, और 1 दिसंबर को पूर्णाहुति के साथ उत्सव का समापन होगा। बैठक में मंदिर समिति की महिलाओं ने उत्सव को सफल बनाने के लिए विभिन्न तैयारियों पर चर्चा की। मंदिर परिसर की सजावट, कलश यात्रा की योजना और अखंड ज्योत की व्यवस्था को लेकर सभी ने अपने सुझाव दिये। बैठक में सरोजनी सिंह, सुनीता लाल, पुनम बर्णवाल, प्रतीमा सिंह, मीना पांडेय, पुष्पा सिंह, पुनम सेठ, सीमा वर्णवाल, प्रियंका बाजपेयी, मुन्नी बर्णवाल, किरण चुल्लू, सावित्री तिवारी, इंदू यादव, मालती, रेखा देवी, रेखा यादव, सोनी सिंह, रीता देवी, पिंकी देवी और विभा वर्णवाल शामिल थीं। महिलाओं ने उत्सव को भव्य और अनुशासित तरीके से आयोजित करने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां बांटी। साथ ही, सभी ने यह सुनिश्चित किया कि हर श्रद्धालु को कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर मिले और मंदिर प्रांगण में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। समिति ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे उत्सव में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और इसे सफल बनायें। इस बार के कार्यक्रम में श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रसाद वितरण और सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया जायेगा।

## कोडरमा में डॉ नीरा यादव की लगातार तीसरी बार जीत

### टीम और कुशल नेतृत्व से जीता लोगों का भरोसा

सन्नी सलूजा

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** झारखंड की चुनावी बिसात में भाजपा कई सीटों पर फिसड्डी साबित हुई। चुनाव में पार्टी के कई दिग्गज हार गये, पर कोडरमा में भाजपा से डॉ नीरा यादव तीसरी बार विधायक चुन ली गयीं। लगातार तीसरी जीत ने कोडरमा में यह संदेश दे दिया है कि अब डॉ नीरा यादव को मात देना आसान नहीं है। पहले तो भाजपा से टिकट के सवाल पर हां, ना की स्थिति, फिर संगठन और स्थानीय सांसद के पूरी तरह साथ नहीं देने के बाद भी नीरा यादव जीत गयीं। इस जीत ने यह स्पष्ट कर दिया कि बेहतर टीम, कुशल नेतृत्व, रणनीति और वोटरों तक सीधी पहुंच हो तो हारी हुई बाजी भी जीती जा सकती है।

**विकास को बनाया मुद्दा, लोगों को दिया भरोसा:** विधानसभा चुनाव में इस बार विपक्षी दलों और उम्मीदवारों ने कोडरमा के ढिबरा व पत्थर उद्योग की बदहाली को मुद्दा बनाने का प्रयास किया। पर इस मुद्दे को भी डॉ नीरा यादव ने संकल्प पत्र जारी कर अपने पक्ष में कर लिया और लोगों को भरोसा भी दिलाया। वहीं भाजपा इलाके में यह संदेश पहुंचाने में सफल रही कि कोडरमा में शांति चाहिए, तो भाजपा को जिताना होगा। भाजपा के साथ ही उनके रणनीतिकार इस मुहिम में पूरी तरह सफल रहे। जब निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता भाजपा के कोर वोटरों को अपने साथ लाने में सफल दिख रही थी, तो भाजपा के नेताओं ने यह संदेश फैलाया कि अगर वोटों का बिखराव होगा, तो राजद और उसके प्रत्याशी सुभाष यादव की जीत सुनिश्चित है। शालिनी गुप्ता को वोटकटवा के तौर पर प्रचारित किया गया। यह चुनाव से एक दिन पहले और वोटिंग के दिन भी खूब ट्रेंड पर रहा। उनके रणनीतिकार बिहार से आये उम्मीदवार की जीत का डर दिखा वोटरों को साधने में सफल रहे और निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी तीसरे स्थान पर चली गयी।



### कुछ लोगों ने ही बदल दी बाजी

चुनाव के एक सप्ताह पहले तक राजनीतिक विश्लेषक कोडरमा में भाजपा को तीसरे स्थान पर आंक रहे थे। पर यह बाजी अंत मे पलट गयी। जानकार बताते हैं कि चुनावी अभियान में विधायक नीरा यादव के परिजनों, खासकर उनके पति विजय यादव के साथ पुत्रों विशाल और हर्षित की खासी भूमिका रही। वहीं संगठन से जुड़े लोगों के अलावा कोडरमा के संजीव समीर और विनोद कुमार मुन्ना की रणनीति ने तीसरी बार जीत की मुहिम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभायी। एक महीने के भीतर कई विरोधियों को साधने और पार्टी और विधायक के साथ जोड़ने की मुहिम आखिर में सफलता और जीत के रूप में सामने आयी।

## कम कीमत पर धान बेचने को मजबूर हैं किसान

**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड में धान क्रय केंद्र नहीं खुलने के कारण किसान कम दाम में बिचौलिए वर्ग के पास धान बेचने को मजबूर है। इस काम में बिचौलियों की चांदी कट रही है। विधानसभा का चुनाव हो जाने और अब तक नई सरकार का गठन नहीं होने का लाभ बिचौलिए वर्ग उठा रहे हैं। क्योंकि अभी तक बड़कागांव में धान क्रय केंद्र नहीं खुला है। धान क्रय केंद्र नहीं खुलने से किसान परेशान हो रहे हैं। बड़कागांव में 23 क्रय केंद्र है। लेकिन अभी तक धान खरीदने की सरकारी प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। क्या कहना है पूर्व पक्ष अध्यक्ष का बड़कागांव के पूर्व पक्ष अध्यक्ष दामोदर प्रसाद मेहता का कहना है समय पर धान क्रय केंद्र नहीं खुलने से किसानों को हर साल नुकसान होता है। क्या कहना है वर्तमान पैक्स अध्यक्ष का बड़कागांव पैक्स अध्यक्ष संजय कुमार और कांडतरी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने समय पर धान क्रय केंद्र खोलने की मांग की है। क्या कहना है कृषि पदाधिकारी का बड़कागांव प्रखंड के कृषि पदाधिकारी पंकज गुप्ता मोबाइल से बताया कि धान क्रय केंद्र के लिए अभी तक कोई चिट्ठी नहीं आयी है।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में एसएमसी की बैठक



कुंदा /चतरा (आजाद सिपाही)। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में एसएमसी का बैठक हुई। जिसमें विद्यालय से संबंधित, सभी विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। विद्यालय में बेहतर तरीके से बच्चियों के पढ़ने, रहने और भोजन की समुचित व्यवस्था करने की सहमति पर निर्णय लिया गया और कम्प्यूटर टीचर की मांग को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित करने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर प्रमुख कमला देवी, एसएमसी अध्यक्ष नेहा देवी, उपाध्यक्ष उदय गंझू, बिजय गंझू, मनोज गंझू, रोहित यादव, रूपा देवी, रेणु देवी, ललिता देवी, झूबली देवी, जयराम भारती, वार्डन नूतन, इंदु भारती समेत अन्य उपस्थित थे।

## मेहता कुशवाहा विकास मंच ने स्थापना दिवस मनाया



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। मेहता कुशवाहा विकास मंच हजारीबाग में 17वां स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। मंच के अध्यक्ष जयनारायण प्रसाद मेहता ने केक काटकर स्थापना दिवस मनाया। मौके पर मुख्य रूप से मंच के पूर्व अध्यक्ष कुमार केशव, कोषाध्यक्ष निर्मल प्रसाद मेहता, पूर्व सचिव लखन प्रसाद मेहता, दिलीप कुमार मेहता, अजय कुमार मेहता, अरुण मेहता, पंकज कुमार, सतीश कुमार, राधेश्याम मेहता नरेश मेहता, कामेश मेहता, सचिन ,सरोज मेहता, राम मेहता समेत मंच के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

## डॉ नीरा यादव की जीत पर केबीएसएस ने दी बधाई

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति के जिला संयोजक मनोज कुमार झुन्नू, सह संयोजक महेश भारती, सुखदेव यादव, गोपाल यादव ने कोडरमा विधान सभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ नीरा यादव की हैट्रिक जीत पर सोमवार को गुलदस्ता देकर बधाई दिया। इधर श्री भारती ने कहा कि कोडरमा बचाओ संघर्ष समिति की बैठक 1 दिसंबर को कोडरमा में होगी जिसमें कोडरमा की जन समस्याओं को चिन्हित करते हुए जनांदोलन का रूप रेखा तय होगी। साथ ही जिला में खेल प्रेमियों के लिए जिला स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट कराने को लेकर विस्तार से चर्चा होगी।

## सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

कोडरमा (आजाद सिपाही)। जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र के मदनगुंडी में सोमवार की सुबह तिलैया से हजारीबाग जाने के दौरान बाइक सवार दो युवकों की बाइक डिवाइडर से टकराने से दोनों युवक घायल हो गये। घायलों की पहचान हजारीबाग जिले के करियावां निवासी शुभम कुमार उम्र 19 वर्ष पिता आनंद कुमार और आशु कुमार उम्र 21 वर्ष पिता विकास संजय वर्मा के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों और 108 की सहायता से घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल दोनों को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया।

## पटाखा से लगी आग, मुआवजा देने की मांग

कोडरमा (आजाद सिपाही)। सूचना अधिकार मंच सचिव आरके बसंत ने सब्जी बाजार मोड निकट 22 नवंबर की रात बारात में छोड़े गये पटाखे के कारण सात दुकानों में आग लग जाने से लगभग 20 लाख 45 हजार रुपये के फर्नीचर सहित सामानों के जल जाने के कारण छोटे दुकानदारों के समक्ष भुखमरी की स्थिति आ जाने पर चिंता प्रकट किया है। श्री बसंत ने बाजार में बारात घूमने के दौरान पटाखा छोड़ने पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। जले दुकानों की सूची उपायुक्त को सौंपते हुए आपदा प्रबंधन अंतर्गत मुआवजा दिलाने की मांग की है। किसुन पंडित सब्जी दुकान लागत 20000, रोशन पंडित सब्जी दुकान लागत 25000, सुरेश राव फल दुकान लागत 1 लाख फर्नीचर सहित, दयानंद पांडे पत्तल दोना दुकान डीप फ्रीज फर्नीचर सहित 3 लाख, अशोक पांडे मोबाइल घड़ी दुकान फर्नीचर सहित 3 लाख, देवेंद्र नाथ गोस्वामी श्रृंगार दुकान फर्नीचर सहित 3 लाख, सुरेंद्रनाथ गोस्वामी श्रृंगार दुकान फर्नीचर सहित 8 लाख का नुकसान हुआ है। श्री बसंत ने आपदा प्रबंधन अंतर्गत प्रावधान अनुसार अविलंब मुआवजा दिलाने की मांग करते हुए इससे उपायुक्त, आयुक्त, मुख्य सचिव और मुख्यमंत्री को सूचित किया है।

## गौशाला में तुलादान कर मनाया जन्मदिन



झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)। श्री कोडरमा गौशाला समिति के द्वारा लोगों को अलग-अलग माध्यम से गौशाला प्रांगण में पल रहे 374 गौवंशों की सेवा करने का अवसर दिया जाता है। इसी के तहत लोग अपने जन्मदिन, शादी की सालगिरह समेत अन्य अवसर पर गौशाला पहुंचकर तुलादान कर गौवंशों के लिए आहार का दान कर सकते हैं। सोमवार की शाम शहर के कोरियाडीह निवासी वंश राज ने अपने 14वें जन्मदिन पर गौशाला प्रांगण में पहुंचकर तुलादान कर जन्मदिन मनाया। इस दौरान आकाश कुमार ने भी तुलादान किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि उनकी माता ग्रिजली बीएड कॉलेज में कार्यरत है। अक्सर ग्रिजली विद्यालय के बच्चे और ग्रिजली बीएड कॉलेज के प्रशिक्षु गौशाला पहुंचकर गौवंशों की सेवा और गौशाला के लिए दान करते हैं। उनसे प्रेरित होकर उन्होंने गौशाला में तुलादान कर अपना जन्मदिन मनाया। उन्होंने लोगों से अपील किया है कि गौशाला प्रांगण में जन्मदिन और शादी की सालगिरह मना कर गौमाता का आशीर्वाद और पुण्य प्राप्त कर इस खास दिन को यादगार बना सकते हैं। मौके पर गौशाला के प्रबंधक अनंत चंद्र समेत कर्मी उपस्थित थे।

## ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा का देशव्यापी विरोध दिवस 26 को

कोडरमा (आजाद सिपाही)। कोविड 19 के दौरान केंद्र सरकार की किसान विरोधी काला कानून के खिलाफ 26 नवंबर 2020 से ऐतिहासिक किसान आंदोलन जो जनांदोलन का स्वरूप ले लिया था, जिसमें 750 से ज्यादा किसान शहीद हो गये थे। दूसरी तरफ उसी दिन मजदूर विरोधी लेबर कोड के खिलाफ ट्रेड यूनियनों का ऐतिहासिक आम हड़ताल की चौथी वर्षगांठ पर मोदी सरकार 03 की जनविरोधी नीतियों को उजागर करने और वैकल्पिक नीतियों के लिए केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा का संयुक्त मंच के देशव्यापी आह्वान पर मंगलवार 26 नवंबर को 12 बजे से झारखंड राज्य किसान सभा और सीटू के द्वारा जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना दिया जायेगा और मांगों से संबंधित स्मार-पत्र प्रधानमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा जायेगा। जानकारी देते हुए किसान सभा के संयुक्त सचिव असीम सरकार और सीटू के जिला सचिव रमेश प्रजापति ने बताया कि किसानों और मजदूरों का निरंतर संयुक्त और स्वतंत्र आंदोलनों के बावजूद केंद्र सरकार मजदूरों के अधिकारों को छिनने और किसानों को दिये गये आश्वासनों को नकारने के अपने एजेंडे को आक्रामक रूप से आगे बढ़ा रही है। इसलिए पूरे देश के साथ-साथ कोडरमा में भी किसान मजदूर संगठनों के द्वारा केंद्र सरकार की कॉरपोरेट परस्त और अमीर परस्त नीतियों के खिलाफ आंदोलन को सफल बनाया जायेगा।

# फाइनेंस कंपनी के कर्मियों को लूटने वाला अपराधी गिरफ्तार

**किसी को कॉलोनी गेट पर रुपये लूटने के लिए रुका था महेंद्र ठाकुर**

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। जिले में फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों को लूटने वाला कुख्यात अपराधी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने उसके पास से एक लोडेड देशी कट्टा भी बरामद किया है। सोमवार को एसपी अजय कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अपराधी महेंद्र ठाकुर बोकारो जिले के गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत साड़म मड़ई टोला का रहने वाला है। वह रामगढ़ में इफीको कॉलोनी गेट के पास फाइनेंस कंपनी के एक कर्मी को लूटने के लिए खड़ा था। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि इफीको कॉलोनी गेट के पास एक व्यक्ति देसी कट्टे के साथ घूम रहा है। पुलिस ने तत्काल छापेमारी की और उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ के दौरान पता चला कि छिंतई, चोरी, मोटरसाइकिल चोरी और आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने में महेंद्र ठाकुर माहिर है।



**31 कांडों में है वारंटी, पांच बार जा चुका है जेल**

एसपी अजय कुमार ने बताया कि महेंद्र ठाकुर की उम्र 32 वर्ष है और वह झारखंड के अलग-अलग जिलों में 31 कांडों में वांछित है। वह अब तक पांच बार जेल जा चुका है। घटना को अंजाम देने के लिए उसने देसी कट्टा पश्चिम बंगाल से खरीदा था। महेंद्र ठाकुर ने रामगढ़ जिले के अलावा बोकारो, हजारीबाग और धनबाद आदि क्षेत्रों में अपने सहयोगियों के साथ कई घटनाओं को अंजाम दे चुका है। वह बैंकों के आसपास पैसे निकालने वाले लोगों पर नजर रखता था। साथ ही माइक्रोफाइनेंस कंपनी के कर्मियों के कलेक्शन के रास्ते पर भी निगाह रखता था। जहां भी सॉफ्ट टारगेट मिलता था वह तत्काल उसे निशाना बनाता था। रुपये लूटकर वह दूसरे जिले में फरार हो जाता था। रामगढ़ जिले में वारदात को अंजाम देने के लिए वह पिछले आठ दिनों से रेकी कर रहा था।

**महेंद्र ठाकुर का रहा है आपराधिक इतिहास:** गिरफ्तार अपराधी महेंद्र ठाकुर के खिलाफ गोमिया में फिलहाल 6 मामले दर्ज हैं। इसके अलावा रामगढ़ और धनबाद जिले में भी इसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज है, जिसकी जांच अभी की जा रही है। महेंद्र ठाकुर की तस्वीर और उसका पूरा डिटेल सीसीटीएनएस में डाला गया है। इसके अलावा दूसरे जिले के पुलिस पदाधिकारी से भी इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। छापेमारी टीम में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना सह इंस्पेक्टर प्रभारी कृष्ण कुमार, एएसआई मनोज कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# ब्लेड रोलर खाई में गिरा चालक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

टंडवा। थाना के क्षेत्र के एशिया महादेश की सबसे बड़ी कोल परियोजना मगध के देवलगड़ा माइंस में काम करके साइट कार्यालय लौट रही ब्लेड रोलर खदान के 200 फीट खाई में बाई ओर जा गिरी। यह घटना बीते रविवार की संध्या 6 बजे की बतायी गयी है। इस घटना में वीपीआर कंपनी के कर्मी कालू राम तमांग उम्र 36 वर्ष पिता कृष्णा बहादुर तमांग ग्राम बंगाली कोयलरी, थाना मार्गरीटा जिला तिनसुकिया राज्य असम निवासी के रूप में पहचान किया गया। साइट में कार्यालय में मशीन देर शाम तक नहीं पहुंची तब खोजबीन की गयी। तब कार्यरत कर्मियों ने खाई से शव को पुलिस के मदद से बड़े मशक्कत से उठाकर टंडवा थाना लाया गया। जहां चिकित्सकों ने अंत्य परीक्षण हेतु चतरा सदर अस्पताल भेज दिया गया। यह घटना सुरक्षा की बड़ी अनदेखी की माना जा रहा है। कर्मियों ने बताया कि कालू राम देवलगड़ा माइंस में कोयले में आग बुझाने गया था। संध्या होने के बाद मशीन को वापस लाने के लिए ऑपरेटर चला पर चढ़ाई थी ऐसा क्या हुआ कि दाहिने साइड काफी जगह रहने बाद भी बाई ओर कैसे मुड़ा यह बड़ी सवाल है। यह जांच की विषय है। घटना के बाद सीसीएल की सुरक्षा एरिया इंचार्ज, जीएम, पीओ, डीजीएमएस के अधिकारी घटना स्थल का जायजा लिया है। परियोजना जीएम नृपेंद्र नाथ ने बताया गया कि मृतक के परिवार असम से आने के बाद डीजीएमएस के अंतर्गत 25 लाख की मुआवजा नौकरी दिया जायेगा। उन्होंने इस घटना पर असंतोष प्रकट करते हुई दिवंगत मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया है। उन्होंने यह भी कहा कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच किया जा रहा है। वहीं इस घटना में परियोजना के लिए प्रश्न चिन्ह खड़ी हो गयी है। कोल इंडिया के निर्देशन में आयोजित सुरक्षा सप्ताह में शून्य दुर्घटना की ढोल पीटा जाता रहा है लेकिन माइंस क्षेत्र में कोई लाइट नहीं है। बिना विद्युतीकरण किये कोयला को खनन और संप्रेषण किया जा रहा है। प्रश्न यह भी उठ रहा है कि मशीन में हेड लाइट खराब था। इस घटना को कई एंगल से देखते हुए मूल्यांकन किया जा रहा है।

## मुखिया के भैसुर ने ग्रामीण को जान से मारने की दी धमकी

**हंटरगंज/ चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी दिनेश मिस्त्री ने चतरा पुलिस अधीक्षक और हंटरगंज थाना प्रभारी को एक आवेदन दिया है। जिसमें मुखिया चंदा देवी के पति के बड़े भाई विशुनधारी साव पर मोबाइल से फोन कर जान से मारने का गंभीर आरोप लगाया है। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि विसुनधारी साहू लक्ष्मी पूजा समिति के अध्यक्ष रहते थें। लेकिन उनके कामकाज से असंतुष्ट होकर ग्रामीणों के द्वारा दिनेश को अध्यक्ष बनाया गया। यही खुनस को लेकर दिनेश मिस्त्री को मोबाइल से गाली गलौज और घर में घुसकर जान मारने और देख देने की बात कही गयी है। दिये गये आवेदन में बताया कि इसका इसका ऑडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस अधीक्षक चतरा और थाना प्रभारी हंटरगंज को दिया गया है। दिनेश अपनी जान माल की सुरक्षा को लेकर गुहार लगाया है।**

# रामगढ़ में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न होने पर एसपी ने दी जिलेवासियों को बधाई

**मीडियाकर्मी और जिलावासियों का मिला अभूतपूर्व सहयोगः अजय कुमार**

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। एसपी अजय कुमार ने सोमवार को रामगढ़ में शांतिपूर्ण संपन्न हुए विधानसभा चुनाव पर मीडिया कर्मियों से खुलकर बातचीत किया। वे पुलिस मुख्यालय कार्यालय में पत्रकारों से कहा कि रामगढ़ में बिना कोई आरोप प्रत्यारोप के चुनाव संपन्न हुआ। किसी को कोने से कोई आरोप नहीं नहीं लगा। चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इसमें मीडियाकर्मी और जिलावासियों का अभूतपूर्व सहयोग मिला। उन्होंने कहा कि आपलोगों के सहयोग के बगैर ये सब संभव नहीं था। उन्होंने कहा कि आप लोग हमेशा जिला पुलिस प्रशासन से सामंजस्य बना कर रखे और सहयोग करते रहे। एसपी अजय कुमार ने कहा कि पुलिस के एक एक पदाधिकारी और कर्मी ने चुनाव संपन्न कराने के लिए खूब मेहनत किये है। उसी का परिणाम है कि चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।



**179 पुलिस पदाधिकारी और 428 पुलिस कर्मियों को दो दो सुसेवांक से पुरस्कृत किया गया:** जिले में बेहतर ढंग से चुनाव संपन्न होने पर प्रथम चरण 22 बड़कागांव और क्षेत्र में स्वच्छ शांतिपूर्ण निष्पक्ष और भाई मुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न करने के लिए प्रतिनियुक्ति रामगढ़ जिला बल के 179 पुलिस पदाधिकारी और 428 पुलिस कर्मियों को सौंपे गये कर्तव्य का निर्वाहन काफी तत्परता लग्न परिश्रम और निष्ठा पूर्वक किया गया। इसे लेकर एसपी अजय कुमार ने दो दो सुसेवांक से पुरस्कृत किया।

## डीसी ने की जिला स्तरीय जल और स्वच्छता समिति की बैठक

# प्लास्टिक कचरा के संबंध में चर्चा, दिये निर्देश

**गोवर्धन योजना के तहत निर्मित किया जा रहे गोबर गैस प्लांट**

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के सभागार में सोमवार को जिला स्तरीय जल और स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन के प्रगति के संबंध में समीक्षा किया गया। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल प्रदीप कुमार सिंह के द्वारा बताया गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत कल 319 गांव में से 245 गांव ओडीएफ प्लस घोषित है। जबकि 74 गांव को ओडीएफ प्लस घोषित किया जाना शेष है, इस संबंध में डीसी के द्वारा निर्देशित किया गया कि संबंधित गांव में ठोस औश्र तरल कचरा प्रबंधन से संबंधित संरचनाओं का निर्माण करते हुए सभी गांव को ओडीएफ प्लस करना सुनिश्चित करें। प्लास्टिक कचरा के संग्रहण और पृथक्करण के संबंध में चर्चा के क्रम में बैठक में यूनिसेफ सहयोगी संस्था से निर्भय कुमार के द्वारा बताया गया कि जिला अंतर्गत कुल 125 पंचायत में से 25 पंचायत का भूमि प्रतिवेदन प्लास्टिक पृथक्करण केंद्र के निर्माण के लिए प्राप्त हुआ है। इस संबंध में डीसी के द्वारा सभी अंचल अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शेष छुटे हुए पंचायत का स्थल चिह्नित करते हुए प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।



**गोवर्धन योजना के तहत निर्मित किया जा रहे गोबर गैस प्लांट :** समीक्षा के क्रम में गोवर्धन योजना के तहत निर्मित किया जा रहे गोबर गैस प्लांट के बारे में बताया गया कि चितरपुर प्रखंड अंतर्गत सेवई उत्तरी पंचायत में बायोगैस प्लांट का निर्माण किया जा रहा है जो की लगभग पूर्ण होने की अवस्था में है और दिसंबर के पहले सप्ताह तक चालू कर दिया जायेगा। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट के निर्माण के संबंध में बताया गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत दो स्थानों पर मांडू और गोला में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट का निर्माण किया जाना है जिसमें से मांडू प्रखंड में सिविल कार्य पूर्ण किया जा चुका है और विद्युत कनेक्शन के पश्चात दिसंबर के अंत तक यूनिट को चालू कर दिया जायेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों अंचल अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

**26116 लाभुक को शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति मिली**

व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्माण के समीक्षा क्रम में बताया गया कि रामगढ़ जिला अंतर्गत कल 26116 लाभुक को शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति मिला है। जिसके विरुद्ध वर्तमान अवधि तक 11266 शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। शेष 14850 शौचालय के निर्माण के लिए डीसी के द्वारा निर्देशित किया गया कि ग्राम स्तर पर लाभुकों को जागरूक करते हुए शौचालय निर्माण करना सुनिश्चित करें। कचरा संग्रह वाहनों का नियमित संचालन करना सुनिश्चित करें।

## तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भाटी विकरामाराका पतरातू पहुंचे



पतरातू (आजाद सिपाही)। तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भाटि विकरामाराका सोमवार को लेक रिजॉर्ट पहुंचे। यहां डिप्टी सीएम का स्वागत लेक रिजॉर्ट के प्रबंधक अरुण कुमार सिंह ने उन्हें बुके देकर किया। यहां डिप्टी सीएम ने पतरातू लेक रिजॉर्ट के बीच डैम में बने आईलैंड, पार्क एरिया आदि का भ्रमण किया। इस दौरान मे मदर बोट समेत प्रवासी पक्षियों का लुफ्त उठाया। इस मौके पर नवनीत कुमार, दिव्या कुमारी सीमा कुमारी आदि मौजूद थे।

## परवरिश स्कूल कुजू में कबड्डी प्रतियोगिता



कुजू (आजाद सिपाही)। परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू के प्रांगण में सोमवार को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के चार ग्रुप के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक शैलेंद्र कुमार सिंह और प्रबंधक निदेशक विकास कुमार सिंह ने हरी झंडा दिखलाकर किया। वहीं, खेल कोच संगीता कुमारी की अगुवाई से प्रतियोगिता कराया गया। जबकि खेल का आकलन शिक्षिका नंदिनी झा और कमेटी शैक्षणिक समन्वयक रश्मि कुजूर ने किया। इस दौरान पहले राउंड ग्रुप ए और ग्रुप सी के बीच हुआ। जिसमें विजयी ग्रुप सी रहा। जबकि दूसरा राउंड में ग्रुप बी एंड ग्रुप डी के बीच प्रतियोगिता हुई। जिसमें विजयी ग्रुप बी रहा। वहीं, फाइनल राउंड में ग्रुप बी और ग्रुप सी के बीच प्रतियोगिता हुई। जिसमें विजयी ग्रुप बी रहा और प्रथम स्थान पर ग्रुप सी रहा। मौके पर विद्यालय लेखापाल नाजो खातून, अर्चना कुमारी, संगीता कुमारी, कंचन प्रसाद, रजनी कुमारी, सानू साहू, सुश्री आकांक्षा मिश्रा, कौशल्या कुमारी, चंचल सिंह, शाति कुमारी, प्रियंका यादव, पूजा कुमारी, काजल कुमारी, आरती कुमारी, हर्षिता कुमारी शामिल रहे।

## आजसू विधायक निर्मल महतो ने दिगवार में शुभारंभ की आभार यात्रा



कुजू (आजाद सिपाही)। आजसू पार्टी के मांडू विधानसभा नवनिर्वाचित विधायक निर्मल महतो ने सोमवार को मिली जीत के बाद नगर परिषद क्षेत्र दिगवार से आभार यात्रा का शुभारंभ किया है। आभार यात्रा के दौरान दिगवार वासियों ने निर्मल महतो को जीत की बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। आभार यात्रा के मौके पर महिलाओं ने तिलक चंदन लगाकर और आरती उतारकर उनका भव्य स्वागत किया। साथ ही, मौजूद पुरुषों ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। साथ ही, बुजुर्गों ने माथा चुंबकर आशीर्वाद दिया। यात्रा के दौरान निर्मल महतो ने कहा कि यह जीत आप सभी की जीत है। आप सभी जनता के बदौलत से ही हमें जीत मिली है। इसके लिए आप सभी बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि विकास को पहली प्राथमिकता के तहत मेरे द्वारा पूरे मांडू विधानसभा क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किया जायेगा। कहा कि चुनाव के दौरान मैंने अपने क्षेत्र के मां-बहन से जो वायदा किया है, उसे हर हाल में पूरा करूंगा। उन्होंने आगे कहा कि मैं भाषण देने वाले लोगों पर विश्वास नहीं करता हूं, केवल सेवा कार्य पर विश्वास करता हूं। उन्होंने आभार यात्रा क्षेत्र के पोचरा, डुमरियागढ़ा, हेठबंध, लाइन टोला, पंडा टोला, झंडा चौक, रविदास टोला निकाला। जबकि सभा के बाद फुटबॉल मैदान में संपन्न किया। आभार यात्रा में मनोज गिरी, अरुण कुमार कुशवाहा, हरिनारायण कुशवाहा, कुलदीप प्रसाद, अर्जुन यादव, जय किशोर महतो, शीला देवी, विनोद प्रसाद, अर्जुन महतो, डॉ रोहन लाल समेत कई समर्थक शामिल रहे।

## रोशन लाल चौधरी की जीत पर पतरातू में निकाला गया विजय जुलूस



पतरातू (आजाद सिपाही)। भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पतरातू, हेसला, कटिया, कोतो सहित कई जगहों में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी के जीत पर पतरातू रेलवे गेट से जुलूस के शक्ल में गाजे बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया। जिसमें बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी के साथ भाजपा और आजसू पार्टी के कार्यकर्ता शामिल थे। विजय जुलूस पतरातू गेट पतरातू बाजार भगत सिंह चौक होते हुए न्यू मार्केट में समाप्त हुआ। विजय जुलूस के दौरान भगत सिंह चौक स्थित भगत सिंह के आदमकद प्रतिमा पर नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी ने माल्यार्पण किया और उन्हें नमन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह के साथ आतिशबाजी करते हुए जमकर गुलाल उड़ाये साथ ही खुशी का इजहार किया। इस मौके पर पतरातू मंडल अध्यक्ष राजाराम प्रजापति, रितिक चौधरी, आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, सतीश सिन्हा, गंगाधर महतो, आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य अशोक पाठक, ब्रजेश सिंह, रामेश्वर महतो, गणेश कुमार ठाकुर, दिनेश सोनी, विकास कुमार गुप्ता, वारिस खान आदि मौजूद थे।

## एक अज्ञात शव बरामद

चतरा (आजाद सिपाही)। सदर थाना की पुलिस ने शहर से सटे तपेज मांडर के समीप एक झोपड़ी से युवक की एक अज्ञात शव बरामद किया है। मृतक की उम्र लगभग पैंतालीस वर्ष बतायी जा रही है। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पाया है।

# नतीजों का संदेश

दो राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजों ने एक बार फिर राजनीति के जानकारों को चौंका दिया। महाराष्ट्र में इतनी बड़ी जीत की उम्मीद शायद बीजेपी समेत महायुति के समर्थकों को भी नहीं होगी। वहीं, झारखंड में पार्टी को सत्ता में वापसी की आस थी, लेकिन वह अधूरी ही रह गयी। खैर, इन नतीजों का असर देश की सियासत पर पड़ना तय है। सीटों की संख्या के लिहाज से यूपी के बाद दूसरे सबसे बड़े राज्य महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के नतीजों ने सभी का ध्यान खींचा था। लेकिन विधानसभा की लड़ाई बिल्कुल अलग रही। एकतरफा जीत बताती है कि महायुति की शिंदे सरकार से जनता नाराज नहीं थी। वहीं, अगर कोई असंतोष रहा भी हो, तो सरकार ने उसे सही समय पर दूर कर लिया। दोनों ही राज्यों में मौजूदा सरकारों ने महिलाओं को लुभाने के लिए योजनाओं का एलान किया। महाराष्ट्र में लाड़की बहीण (लाड़ली बहना) योजना को गेमचेंजर माना जा रहा है, जिसने महिलाओं को महायुति के पाले में ला खड़ा किया। महाविकास आघाड़ी के उठाये मुद्दे बेअसर रहे। इसी तरह, झारखंड में हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के जरिये महिला वोटर्स को साधा। इन चुनावों में पार्टियों द्वारा की जा रही मुफ्त योजनाओं की घोषणा खूब चर्चा में रही। इसकी आलोचना भी हुई। लेकिन, परिणामों से जाहिर है कि इसका असर हुआ है। शिंदे और सोरेन सरकार, दोनों ने बुजुर्गों, युवाओं, किसानों के लिए कई वादे किये। जनता के बीच यह बात भी फैली कि अगर सरकार बदलती है तो योजनाएं बंद हो जायेंगी। यह चुनाव 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं, तो सेफ हैं' जैसे नारों के लिए याद रखा जायेगा। बीजेपी ने हिंदुत्व की आक्रामक राह पकड़ी और हिंदू समाज को एकजुट कर लिया। लेकिन, यही बात मुस्लिमों को लेकर कांग्रेस नहीं कह सकती। हालांकि, झारखंड में बीजेपी का यह कार्ड नहीं चला। वहां पार्टी ने बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया था, जो कारगर नहीं रहा। आदिवासी समाज ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का साथ दिया। इसके पीछे हेमंत के साथ सहानुभूति फैक्टर रहा। लोकसभा चुनावों का अच्छा प्रदर्शन अब बहुत पुरानी बात लग रही है। हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में मिली बड़ी हार ने आइएनडीआइए के भीतर कांग्रेस की स्थिति कमजोर कर दी है। झारखंड में अलायंस को भले जीत मिली, लेकिन उसमें कांग्रेस का बहुत बड़ा रोल नहीं कहा जा सकता। इसका असर आने वाले चुनावों पर पड़ेगा, जहां कांग्रेस को सीटों के लिए सहयोगियों के साथ ज्यादा कड़ी सौदेबाजी करनी पड़ सकती है। पार्टी और केंद्र सरकार, दोनों के पास यह कहने का मौका है कि जनता ने उनके 'एक राष्ट्र एक चुनाव' और 'समान नागरिक संहिता' जैसे एजेंडे को स्वीकार किया है। हालांकि आरएसएस और बीजेपी ने राज्य में सरकार चलाने का फॉर्मूला तय किया है। पहले ढाई साल फडणवीस और अगले ढाई साल शिवसेना चीफ एकनाथ शिंदे सीएम रहेंगे। सीएम पद छोड़ने के बाद फडणवीस को बीजेपी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया जायेगा।

**दोनों ही राज्यों में मौजूदा सरकारों ने महिलाओं को लुभाने के लिए योजनाओं का एलान किया। महाराष्ट्र में लाड़की बहीण (लाड़ली बहना) योजना को गेमचेंजर माना जा रहा है, जिसने महिलाओं को महायुति के पाले में ला खड़ा किया।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**ओड़िशा के मयूरभंजन की मूल निवासी के एक सैन्य परिवार से आने वाले कल्पना मुर्मू का जन्म पंजाब पंजाब के कपूरथला में हुआ। कल्पना ने शुरुआती पढ़ाई-लिखाई केंद्रीय विद्यालय से हुई। इंजीनियरिंग स्नातक और मैनेजमेंट में पीजी की डिग्री रखने वाली कल्पना पांच भाषाओं की जानकार हैं। राजनीति में आने से पहले कल्पना एजुकेशन के क्षेत्र में काम करती थीं। उनका यह भाषा ज्ञान चुनाव प्रचार के दौरान भी नजर आया।**

# और अंततः झारखंड की 'कल्पना' हुई साकार



डॉ मोहम्मद जाकिर

शालीनता। सहजता। सौम्यता। जहन में ये शब्द आते ही झारखंड की एक सियासी नेत्री कल्पना मुर्मू सोरेन का चेहरा घूम जाता है। इसे यदि समझना है, तो बात की शुरुआत उस प्रसंग से करना होगा, जब देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू की उम्र हो चली थी। वह स्वयं को स्वास्थ्य की दृष्टि से कमजोर महसूस करने लगे थे। तब इंदिरा प्रियदर्शनी किशोर अवस्था लांघ चुकी थी, लेकिन पारिवारिक राजनीतिक गुण सहज ढंग से उनके अंदर प्रस्फुटित हो चुके थे। पंडितजी के निकटतम लोगों का मानना था या यह कह लीजिए कि वह चाहते थे कि नेहरू की विरासत इंदिरा संभाले। इसके पीछे उनका स्वार्थ भरा चातुर्य था। नेहरू बिटिया को चाहते तो थे, लेकिन वो राजनीति में आये, यह नहीं चाहते थे। लेकिन लोगों के आग्रह और इसरार के कारण इंदिरा का राजनीति में पदार्पण हुआ। समकालीन सियासतदानों को लगा कि यह तो गुड़िया है। इसे अपने अनुसार निर्देशित किया जा सकता है। लेकिन जब इंदिरा अपनी समग्रता में सामने आयीं तो अच्छे खासों की बोलती बंद हो गयी और गुड़िया समझने वाले लोगों को उन्हें एक समय 'दुर्गा' का खिताब देना पड़ा। दशकों बाद समय यही कहानी झारखंड में दुहराता है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एक मामले में फंस जाते हैं या फंसाये जाते हैं। नौबत गिरफ्तारी की। गठबंधन सरकार के सम्मुख मुखिया का संकट। हेमंत की पत्नी के नाम की चर्चा शुरू हो जाती है। इसके साथ ही विरोध के स्वर भी मुखर होने लगते हैं। एक परिवारवाद का आरोप हेमंत पर लगता है, वहीं परिवार में ही अनबन की सुगबुगाहट। अपने ही रूठने को आतुर। कल्पना को सियासी गलियारे में दूसरी राबड़ी देवी कहा जाने लगा। इन्हीं कशमकश के बीच आखिर झामुमो कोटे के वरिष्ठ मंत्री एवं गुरुजी शिबू सोरेन के पुराने सहयोगी चंपाई सोरेन के नाम पर सहमति बनती है। हेमंत सोरेन को जेल जाना पड़ता है और राज्य को नये मुख्यमंत्री के रूप में चंपाई सोरेन मिलते हैं। 31 जनवरी 2024 की रात रांची के प्रवर्तन निदेशालय कार्यालय के बाहर पहली बार कल्पना सोरेन का चेहरा मीडिया में आया। अब कल्पना घर की देहरी लांघ जनता के बीच पहुंच जाती हैं। पहली सार्वजनिक सभा उस टुंडी में करती हैं, जहां से गुरुजी ने अलग झारखंड आंदोलन की नींव रखी थी। पहली सभा में उनका बोलना। बोलते-बोलते बिलख जाना। तर्कों के साथ केंद्र सरकार पर निशाना साधना। दुनिया चकित रह गयी। लोकसभा चुनाव जब आये। दिल्ली और मुंबई में इंडिया गठबंधन की रैली में उनकी क्षणिक उपस्थिति में ही राजनीतिक पंडितों ने भांप लिया कि झारखंड को एक इंदिरा मिलने जा रही है।

**कल्पना का उदय परिस्थितियां संभव बनाती जरूर हैं, लेकिन उनकी जन्मजात प्रतिभा देश दुनिया को अपनी ओर खींच लाती है।**



ओड़िशा के मयूरभंजन की मूल निवासी के एक सैन्य परिवार से आने वाले कल्पना मुर्मू का जन्म पंजाब पंजाब के कपूरथला में हुआ। कल्पना ने शुरुआती पढ़ाई-लिखाई केंद्रीय विद्यालय से हुई। इंजीनियरिंग स्नातक और मैनेजमेंट में पीजी की डिग्री रखने वाली कल्पना पांच भाषाओं की जानकार हैं। राजनीति में आने से पहले कल्पना एजुकेशन के क्षेत्र में काम करती थीं। उनका यह भाषा ज्ञान चुनाव प्रचार के दौरान भी नजर आया। उन्होंने मीडिया के सवालों का बेबाकी से जवाब दिया, तो लोगों से उनकी ही स्थानीय भाषा में संवाद स्थापित किया। स्थानीय भाषा में बात करने और लोगों के बीच में आसानी से पहुंचने की वजह से कल्पना की लोकप्रियता बढ़ती चली गयी।

कल्पना लोकसभा चुनाव में ताबड़तोड़ सभाएं की। गांडेय विधान सभा सीट के लिए उपचुनाव होता है। बतौर झामुमो प्रत्याशी जीत दर्ज करती हैं। वहीं आदिवासियों के लिए आरक्षित लोकसभा की पांचों सीट पर इंडिया अलायंस का कब्जा, उनकी जादुई सभा के सबब संभव माना जाता है। पांच माह बाद जब जमानत पर हेमंत सोरेन जेल से बाहर आते हैं, कल्पना को एक मंजी राजनीतिज्ञ को देख हैरान रह जाते हैं।

झारखंड में बहुत तेजी से सियासी घटनाक्रम बदलता है। चंपाई सोरेन को इस्तीफा देना पड़ता है। हेमंत पुनः मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते हैं। चंपाई देखते-देखते भाजपा का दामन थाम लेते हैं। उनके साथ और विधायकों के जाने समेत सरकार के गिरने की आशंका को बल मिलता है। लेकिन हेमंत इस संकट से उबरते ही हैं कि समय से पूर्व विधानसभा चुनाव की दस्तक पड़ने लगती है।

हेमंत और कल्पना की सभाएं शुरू हो जाती हैं। सरकार महिलाओं के लिए एक योजना लाती है और उसके प्रचार के लिए मंत्री बेबी देवी, दीपिका सिंह पांडेय और कल्पना सोरेन मंईयां सम्मान यात्रा पर निकल जाती हैं। हर जगह कल्पना को सुनने के लिए भीड़ उमड़ पड़ती है। हर सभा की भीड़ पिछली सभा के रिकॉर्ड को तोड़ देती है।

विधानसभा चुनाव आने तक कल्पना एक नयी सितारा बन कर उभरती हैं। झारखंड पहली बार एक ऐसी महिला नेता से रूबरू होता है, जिसके अंदर आत्मीयता है। विरोधियों की आलोचना का व्यंग्यात्मक जवाब भी जिस शालीनता में देती है, उससे प्रतिद्वंदियों के मुंह पर जहां ताला जड़ जाता है, वहीं जनता तालियां बजाती हैं।

यदि झारखंड में आज पहली बार कोई सरकार सत्ता में लौट है, तो इसका अधिकतर श्रेय कल्पना को लोग अकारण नहीं दे रहे हैं। अत्यंत कम समय में लगभग सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में उन्होंने सभाएं की। कई विधान सभा में तो दो या तीन बार तक गयीं। जामताड़ा, पाकुड़, सारठ, मधुपुर और चंदनकियारी में उनकी सभाओं में उमड़े जन सैलाब को देख विपक्ष की नींद उड़ गयी, तो उनके दिग्गजों के होश उड़ गये। दरअसल कल्पना जिस ढंग से बोलती हैं, हिन्दी में बोलते-बोलते स्थानीय बोली भाषा में उतर आती हैं, यह लोगों को मोहित करता है। उनका किसी बच्चे को पुचकारना, उसे गोद में उठा लेना। लड़कियों से गले मिलना। बुजुर्गों के चरण स्पर्श करना। उनके इस व्यवहार ने उनकी छवि लोगों के मन मस्तिष्क पर एक बहन की शक्ल में अंकित कर दी।

झामुमो को अब तक गांव की पार्टी समझा जाता था, लेकिन कल्पना ने यथासंभव उसे शहरी इलाकों तक भी पहुंचाया। इसका कारण है, कई भाषाओं पर उनकी पकड़। चाहे अंग्रेजी हो या हिंदी, उड़िया हो या संथाली, सादरी हो या नागपुरी। वे बच्चों में बच्चा, युवा में युवा और बड़ों में बड़े होने का हुनर रखती हैं। वे कभी एक जगह खड़ी होकर नहीं बोलती, 'कॉडलेस माइक' लिए मंच पर इधर से उधर टहलते हुए बोलती हैं। दर्शक खुद को 'कनेक्ट' महसूस करता है।

कल्पना का उदय परिस्थितियां संभव बनाती जरूर हैं, लेकिन उनकी जन्मजात प्रतिभा देश दुनिया को अपनी ओर खींच लाती है। यूं तो कई पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नियां अपने मुख्यमंत्री पति के जेल जाने से राजनीति में आयीं, लेकिन बतौर एक राजनीतिज्ञ उनका परिचय शायद ही कोई दे। कल्पना ने बेहद अल्प समय में बता दिया कि मंझा हुआ नेता कैसा होता है। आप उनके भाषण सुन लें या मीडिया से उनका इंटरव्यूव। सियासी परिपक्वता स्पष्ट उजागर होती है। हेमंत के जेल जाने से पहले तक उनकी पहचान मुख्यमंत्री की पत्नी के तौर पर थी, लेकिन आज उनकी एक खुद की पहचान है, जिसे झारखंड को मिला कुदरत का तोहफा बताया जा रहा है। यूं तो झारखंड की राजनीति में कई महिलाएं आयीं, लेकिन उनकी पहुंच 'पैन इंडिया' नहीं रही, कल्पना मात्र 300 दिनों में जो पराक्रम, साहस का परिचय दिया जिसके कारण मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उसकी तस्वीर को 'हमारे स्टार कैंपेनर का स्वागत' लिख कर बता दिया की अब कल्पना नहीं, वे एक हकीकत हैं।

**(लेखक : शिक्षाविद हैं।)**


## देश-विदेश की खबरें

### केजरीवाल सरकार ने बुजुर्गों को दिया तोहफा

# अब 80 हजार लोगों को हर महीने मिलेंगे 2500 रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने चुनाव से पहले हजारों बुजुर्गों को बड़ा तोहफा दिया है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजन अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लाखों बुजुर्गों को पेंशन मिलेगी। आज दिल्ली सरकार की और से दिल्ली में 80,000 वृद्धा पेंशन खोली जा रही है। दिल्ली में बुजुर्गों की पेंशन हमने फिर से शुरू करा दी है। अब सब रूके हुए काम फिर से शुरू कराएंगे।



एक्स पर पोस्ट करते हुए आम आदमी पार्टी ने लिखा कि बुजुर्गों को उनके बेटे अरविंद केजरीवाल ने तोहफा दिया है। अब दिल्ली के पांच लाख 30 हजार से ज्यादा बुजुर्गों को 2500 रुपये तक की पेंशन मिलेगी।

दिल्ली के पूर्व सीएम और राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि आज हम दिल्ली के बुजुर्गों के लिए एक अच्छी खबर लाए हैं। 80 हजार बुजुर्ग पेंशन खुल रही हैं। अब कुल पांच लाख 30 हजार बुजुर्गों को पेंशन मिलेगी। केबिनेट ने इसे पास किया है और दिल्ली सरकार ने इसमें सुधार किया है। बीते 24 घंटे में 10 हजार आवेदन आ चुके हैं। 2015 में सरकार बनने के बाद हमने पेंशन को बढ़ाया है। देश के अंदर सबसे ज्यादा पेंशन दिल्ली के अंदर है।

# तेलंगाना सरकार ने अडाणी का ₹100 करोड़ डोनेशन ठुकराया

**यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी के लिए ऑफर किया था**

**सीएम रेवंत रेड्डी बोले- इससे छवि को नुकसान होता**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने अडाणी ग्रुप के 100 करोड़ रुपये डोनेशन का ऑफर ठुकरा दिया है। यह डोनेशन यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी के लिए दिया जा रहा था। सोमवार को यह जानकारी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दी।

रेड्डी ने कहा कि अडाणी ग्रुप के मौजूदा विवाद की वजह से फैसला लिया गया है। डोनेशन लेने से राज्य सरकार और मेरी खुद की छवि को नुकसान पहुंच सकता है। सरकार की ओर से रविवार को ही अडाणी ग्रुप को एक चिट्ठी भेज दी गयी है। उसमें अडाणी ग्रुप से यूनिवर्सिटी के लिए 100 करोड़ रुपए ट्रांसफर न करने का अनुरोध किया गया है। कई कंपनियों ने यूनिवर्सिटी को फंड दिया है, लेकिन तेलंगाना सरकार ने अब-तक किसी भी ग्रुप से अपने खाते में एक भी रुपया नहीं लिया है।



रेवंत रेड्डी, मुख्यमंत्री, तेलंगाना

# 'नयी चेतना-पहल बदलाव की' के तीसरे संस्करण का शुभारंभ

**13 राज्यों में 227 नये जेंडर रिसॉर्स सेंटरों का शुभारंभ**

**नयी चेतना- 3 ज्वाइंट एडवाइजरी का भी विमोचन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को नयी दिल्ली में लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ एक महीने तक चलने वाले राष्ट्रीय अभियान, 'नयी चेतना-पहल बदलाव की' के तीसरे संस्करण का शुभारंभ किया। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ चंद्रशेखर पेम्मासानी और कमलेश पासवान व सचिव शैलेष कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए। ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में दीनदयाल अंत्योदय योजना - राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीएवाइ-एनआरएलएम) द्वारा आयोजित यह अभियान 23 दिसंबर तक सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चलेगा। डीएवाइ-एनआरएलएम के देशभर में फैले स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) नेटवर्क के नेतृत्व में यह पहल जन आंदोलन की भावना का प्रतीक है। नयी चेतना अभियान का उद्देश्य जमीनी स्तर की पहल के माध्यम से लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना और लक्षित कार्रवाई को बढ़ावा देना है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी और राज्य मंत्रियों के साथ नयी चेतना- 3 ज्वाइंट एडवाइजरी का भी विमोचन किया। कार्यक्रम में 13 राज्यों में 227 नये जेंडर रिसॉर्स सेंटरों का शुभारंभ भी किया।



शिवराज सिंह चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री रहते मैंने कई महिलाओं के विकास के लिए कई योजनाओं को शुरू किया था। उन योजनाओं से बहनों की जिन्दगी में सबसे बड़ा बदलाव आया कि उनका घर में भी मान सम्मान बढ़ा। महिला को पूरी तरह से सशक्त करना है तो महिला का सशक्तिकरण, सामाजिक सशक्तिरण राजनीतिक सशक्तिकरण और शैक्षिक सशक्तिरण करना ही होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का काम एक अभियान के रूप में चल रहा है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री श्री मोदी का हृदय से अभिनंदन करता हूं। उन्होंने कहा कि नयी चेतना जैसे कार्यक्रमों को समाज में ले जाना होगा, क्योंकि हिंसा तो आज भी होती है और ये केवल गांव में ही नहीं हैं निर्भया जैसी घटनाएं शहर में होती हैं। आज भी कितनी बेटियों को निर्भया बनना पड़ता है। रूबिका पहाड़ी और अंकिता सेन जैसी बेटियां टुकड़े-टुकड़े कर फेंक दी जाती हैं। मुख्यमंत्री रहते देखा कि 90 प्रतिशत दुष्कर्म के मामले परिचितों द्वारा किये जाते हैं। समाज में व्यापक जनजागरण करना पड़ेगा। एक महीना नयी चेतना नहीं, बल्कि हर दिन चेतना होनी चाहिए। महिला स्वयं सहायता समूहों ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नयी क्रांति की है। महिलाएं सही में एक साथ आयी हैं, एक ताकत बनी हैं। महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से हर गांव में इस अभियान को ले जाना पड़ेगा। इस अभियान को और प्रभावी बनाने के लिए हम इसकी एक बार समीक्षा करेंगे कि हर गांव व शहर में किस तरह से इसे पहुंचायें। मुझे शहरों में इसकी आवश्यकता ज्यादा महसूस होती है। श्री चौहान ने कहा कि भारत में नारियों को सम्मान देने की परंपरा दम तोड़ती नजर आ रही है। एक बार फिर नयी चेतना की जरूरत है। अब नहीं सहेंगे आगे हमें बढ़ना पड़ेगा, अब कोई बहाना नहीं चलेगा जैसी चीजों को साथ जोड़ कर हम तेजी से आगे बढ़ेंगे और फिर से वे दिन लेकर आयेंगे जब किसी भी बहन और बेटी के साथ हिंसा न हो। दुष्कर्म के आरोपियों को फांसी की सजा होनी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाएं न हों। फांसी की सजा होते ही मानवाधिकार की बात होने लगती है। मानवाधिकार मनुष्यों के लिए होते हैं दरिंदों और राक्षसों के लिए नहीं। जो महिलाएं आगे बढ़ रही हैं, वो और महिला विकास विभाग, स्वयं सहायता समूह और हम सभी को मिल कर काम करना होगा, क्योंकि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। नयी चेतना और नये उत्साह के साथ हिंसा को समाप्त करने तक चलाते रहेंगे। नयी चेतना 3.0 के उद्देश्यों में लिंग आधारित हिंसा के सभी रूपों के बारे में जागरूकता बढ़ाना, हिंसा के खिलाफ समुदायों को आवाज उठाने और कार्रवाई की मांग करने के लिए प्रोत्साहित करना, समय पर सहायता के लिए समर्थन प्रणालियों तक पहुंच प्रदान करना और स्थानीय संस्थाओं को निर्णायक रूप से कार्य करने के लिए सशक्त बनाना शामिल है। अभियान का नारा, एक साथ, एक आवाज, हिंसा के खिलाफ, अभिसरण प्रयासों के माध्यम से सामूहिक कार्रवाई के आह्वान को दर्शाता है।

### संभल जिले में हिंसा भड़काने के मामले में पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# जामा मस्जिद के सदर जफर अली समेत 20 से अधिक हिरासत में, सपा सांसद पर एफआइआर

आजाद सिपाही संवाददाता

**संभल।** उत्तर प्रदेश के संभल जिले में हिंसा भड़काने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संभल लोकसभा के सांसद जिआउर्रहमान बर्क, सदर विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल और अन्य पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी है। सभी पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया गया है।

हालांकि, अधिकारियों के द्वारा रिपोर्ट की पुष्टि अभी नहीं की गयी है, लेकिन कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, संभल में हुए बवाल के बाद पुलिस ने जामा मस्जिद के सदर जफर अली समेत 20 से अधिक लोगों को हिरासत लिया है और 400 अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

**सड़कों पर पसरा सन्नाटा, बाजार बंद, डीआइजी ने किया फ्लेग मार्च :** जिले में हुए बवाल के बाद पूरी रात पुलिस पैदल गश्त करती रही। उच्चाधिकारियों ने गश्त का नेतृत्व किया। जहां-जहां बवाल में आगजनी और पथराव हुआ था, वहां पर विशेष फोकस किया गया और भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। साथ ही लगातार संदिग्ध लोगों पर भी नजर रखी जा रही है।



उधर सोमवार सुबह भी बाजार बंद दिखायी दिये। साथ ही लोग अपने घरों से निकलने से परहेज कर रहे हैं। सड़कों पर सन्नाटा पसरा हुआ है। सुबह में डीआइजी मुनिराज ने पुलिस बल के साथ सड़कों पर फ्लैग मार्च किया है। इसके अलावा डीएम के द्वारा घोषित किये गये अवकाश के बाद स्कूल कॉलेज के लिए बच्चे नहीं निकले।

**संभल हिंसा में पांच की मौत :** संभल में रविवार को अधिकारियों से चार लोगों की मृत्यु होने की पुष्टि की है। एक अन्य की मौत होने की बात भी कही जा रही है, लेकिन उसके स्वजन ने कानूनी कार्रवाई नहीं की है। पोस्टमार्टम भी नहीं हुआ है। 19 नवंबर को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) कोर्ट में मस्जिद के हरिहर मंदिर होने का दावा किया गया था। कोर्ट ने उसी दिन सर्वे का आदेश दिया और वरिष्ठ अधिवक्ता रमेश राघव को एडवोकेट कमिश्नर नियुक्त किया था। 19 को ही मस्जिद में वीडियोग्राफी करायी गयी थी। इसके बाद एडवोकेट कमिश्नर ने रविवार को दूसरे चरण की वीडियो ग्राफी करायी। इसी दौरान बवाल हो गया था।

# पेंशनर्स कल्याण समाज के कार्यालय में शाखा प्रबंधक ने लिया जीवन प्रमाण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के कार्यालय में पेंशनरों का जीवन प्रमाण पत्र लेने हेतु भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य प्रबंधक प्रशांत कुमार श्रीवास्तव और उनके सहयोगी श्री तिवारी उपस्थित होकर पेंशनरों का जीवन प्रमाण पत्र लेने का काम किया। मौके पर बोलते हुए झारखंड पेंशनर्स कल्याण समाज गढ़वा के अध्यक्ष के के यादव ने कहा कि कई पेंशनरों ने अपने-अपने जीवन प्रमाण पत्र को संबंधित शाखा में जमा कर दिया है। फिर भी कुछ ऐसे पेंशनर है जो अभी तक नहीं जमा कर पाये हैं, उनसे आग्रह है कि आगामी 28 नवंबर 2024 को मासिक बैठक में उपस्थित होकर अपना जीवन प्रमाण पत्र समर्पित करेंगे। इस अवसर पर सभी पेंशनर्स ने भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य शाखा प्रबंधक से आग्रह किया कि 28 नवंबर 2024 को भी आकर के वैसे पेंशनर जिनका जीवन प्रमाण पत्र जमा नहीं हुआ है, पुनः लेने का कष्ट करें। इस अवसर पर पेंशनर समाज के संरक्षक डॉक्टर कन्हैया प्रसाद सिंह सचिव अशरफी राम उपाध्यक्ष गोपाल राम के अलावे पेंशनरों में बृजनंदन प्रसाद, सुग्रीव महतो, कृष्णा, सुदामा, रामाधार प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे।



# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रंका।** रंका रामानुजगंज सड़क पर लरकोरिया गांव के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार सुरेंद्र प्रजापति (22) की मौत हो गयी। जबकि उसका साथी दीपक कुमार ठाकुर घायल हो गया। समाचार के अनुसार, गढ़वा जिले के मेराल थाना क्षेत्र के बाना गांव निवासी सुरेंद्र प्रजापति अपने साथी दीपक ठाकुर के साथ रामानुजगंज गया था। लौटते समय लालकोरिया गांव के पास उसकी बाइक एक अज्ञात वाहन से टकरा गयी।

दुर्घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल, गढ़वा ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने सुरेंद्र प्रजापति को मृत घोषित कर दिया। घायल दीपक ठाकुर का इलाज चल रहा है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना में शामिल वाहन की पहचान करने के प्रयास किये जा रहे हैं।



# झामुमो के छोटे राजा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने निकाला जुलूस



आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरपुर।** विधानसभा चुनाव में भवनाथपुर विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा के अपार मतों से विजय होने पर मझिगावां पंचायत में कार्यकर्ताओं के द्वारा देर शाम गाजे-बाजे के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। वहीं कार्यकर्ताओं के द्वारा भव्य आतिशबाजी किया गया और सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशियां इजहार किया। इस अवसर पर गांव के बुजुर्ग युगल किशोर चौबे ने कहा कि इस बार की जनता ने नाम को वोट ना देकर काम को अपना मत दिया है। मौके पर जितेंद्र चौबे, भारतेंदु चौबे, बीरेंद्र चौबे, राहुल, खुशबू, शिवम चौबे सहित कई कार्यकर्ताओं का नाम शामिल था।

# एमएन खान ने मतदाताओं को आभार व्यक्त किया

**एआइएआइएम प्रत्याशी डॉ एमएन खान ने कहा कि लोकतंत्र में जनता-जनार्दन का फैसला ही अंतिम है**

आजाद सिपाही सवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधान सभा क्षेत्र के एआईएआईएम प्रत्याशी डॉक्टर एम एन खान ने कहा कि लोकतंत्र में जनता-जनार्दन का फैसला ही अंतिम है। यहां के मतदाताओं ने जो उन्हें समर्थन किया है, उनका वे आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा है कि हार-जीत लोकतंत्र में चुनावी राजनीति का हिस्सा है। डॉ एम एन खान ने कहा है विधान सभा चुनाव मिले हार के बावजूद वे जनता की सेवा के लिए 24 घंटा तैयार रहेंगे। वे जनता की सेवा करने से कभी भी बाज नही आयेंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा क्षेत्र की मतदाताओं ने उन्हें जो समर्थन किया है। वह उनकी अपेक्षाओं से अधिक है।



# हासनदाग में भाजपा समर्थकों ने निकाला विजय जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग गांव में भाजपा समर्थकों ने सोमवार को गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र से सत्येंद्र नाथ तिवारी की जीत पर भव्य विजय जुलूस निकाला। जिसका नेतृत्व भाजपा नेता व पूर्व मुखिया रामप्रवेश चंद्रवंशी, पंचायत अध्यक्ष विनय चौधरी, मनोज कुमार रजक, मुन्ना चौबे, राजबली चौधरी, दिलीप विश्वकर्मा आदि कर रहे थे। विजय जुलूस हासनदाग बाजार चौक से प्रारंभ हुआ जो त्रिवेणी चौक, देवी धाम, केवाल टोला होते हुए पूरे गांव में भ्रमण करते हुए नहर चौक आकर समाप्त हुआ। जुलूस में बड़ी संख्या में शामिल कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने उत्साह के साथ ढोल बाजा, भांगड़ा पर जमकर डांस किया तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर खुशियां मनाते हुए बीर सत्येंद्र जिंदाबाद आदि नारे लगाते रहे। जुलूस में मुख्य रूप से सुमेर चौधरी, छठन चौधरी, मुकेश ठाकुर, अरुण कुमार चौबे, उपेंद्र चंद्रवंशी, ब्रह्मदेव चौधरी, हीरा चौधरी, अंतू चौधरी, बिहारी चौधरी, मुन्ना चौधरी, रितेश चौबे, रमेशी चौधरी, मथुरा चौधरी शिव बालक चौधरी आदि शामिल थे।



# पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने विस की जनता का आभार जताया

आजाद सिपाही सवाददाता

**भवनाथपुर।** भाजपा के पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने जो उन्हें इस चुनाव में स्नेह और समर्थन दिया है, उसके लिए उनका हृदय से आभार व्यक्त करते है। उन्होंने कहा कि विस क्षेत्र की जनता ने उन्हें तीन बार प्रतिनिधित्व का मौका दिया। साथ ही उनके आशीर्वाद से ही उन्हें झारखंड में कम समय अवधि के लिए मंत्री बनने का भी अवसर प्राप्त हुआ, उस वक्त उन्होंने ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन भी किया। शाही ने कहा कि वे सेवा भाव से ईमानदारी पूर्वक क्षेत्र के विकास के लिए अपने कार्यकाल में अनवरत कार्य किया है। जिसके परिणाम स्वरूप है कि क्षेत्र का चहुंमुखी विकास भी हुआ।

शाही ने सोमवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार के विस चुनाव में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत किया है। वहीं क्षेत्र की जनता ने भी भरपूर समर्थन दिया है। चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है। उन्होंने कहा वे चुनाव हारे हैं हौसला नही। उन्होंने कहा कि पहले की तरह ही वे तथा भाजपा के एक-एक कार्यकर्ता पूरी ईमानदारी पूर्वक जनता की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने चुनाव में जीते हुए प्रत्याशी अनंत प्रताप देव को बधाई दी है, तथा भवनाथपुर के क्षेत्र में उनके साथ होने की बात कही।



# शराब के नशे में धुत खलासी ने टेंपो पलटकर हुआ फरार, चालक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के सिंघीताली गांव में तीखे मोड़ पर शराब के नशे में धुत टेंपों के खलासी ने टेंपों पलट कर फरार हो गया, चालक घायल। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना के एएसआई आशुतोष सिन्हा ने घायल टेंपों चालक खरौंधी थाना क्षेत्र के चौरिया गांव निवासी रोहित पटेल को भवनाथपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लेकर पहुंचा। जहां पर तैनात सहायक चिकित्सक सुबहक ने इलाज किया। घटना के संबंध में घायलावस्था में रोहित पटेल ने बताया कि हम बगल के गांव गटियरवा निवासी राणा मेहता का टेंपों चलाते हैं। किसी पैसेंजर को छोड़ने भवनाथपुर आये थे, इसी दौरान शाम शराब पीने के लिए सिंघीताली चले गये, जहां हम और खलासी विकास सिंह ने शराब पी, इसके बाद खलासी विकास ने कहा कि हम गाड़ी चलायेंगे, तो हम उसे गाड़ी चलाने के लिए दे दिये, इसी दौरान वह तीखे मोड़ पर वह टेंपों पलट कर हमें घायलावस्था में ही छोड़कर फरार हो गया।

थाना के सहायक अवर निरीक्षक आशुतोष सिन्हा के द्वारा सुरक्षा के दृष्टिकोण से इलाज के पश्चात उसे थाना लेकर चले गये। एएसआई ने कहा कि घायल के परिजन को सूचना कर उन्हें सुरक्षित सौंप दिया जायेंगा।



# जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**कांडी(आजाद सिपाही)।** बाजार में रविवार को झालसा और जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव के निर्देशानुसार जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जन जागरूकता कार्यक्रम करते हुए अधिकार मित्र राम नरेश मेहता ने कहा कि इस कार्यक्रम में डायन प्रथा प्रतिरोध कानून, महिलाओं की सुरक्षा, घरेलू हिंसा सहित कई अन्य विषयों पर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को कानून की जानकारी दिया गया। मौके पर दिनेश गुप्ता, मनोज गुप्ता, शशिम खलीफा, बबलू गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

## ठंड को देखते हुए विद्यालय के समय में परिवर्तन

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सभी छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को सूचित किया जाता है कि बढ़ते हुए ठंढ को देखते हुए विद्यालय का समय परिवर्तित किया जा रहा है। मंगलवार 26 नवंबर 2024 से विद्यालय प्रातः 9:30 बजे से 2:35 बजे तक चलेगा। छोटे बच्चों की छुट्टी 1:30बजे होगी। अभिभावक बंधुओं से अनुरोध है कि बच्चों को गर्म कपड़े यथा इनर, ब्लेजर,स्वेटर, पहनाकर ही विद्यालय भेजें ताकि बच्चे सुरक्षित रह सकें।

# बीडीओ ने की समीक्षा बैठक, विकास कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही सवाददाता

**बरडीहा।** बरडीहा प्रखंड सभागार में सोमवार को प्रखंड सह अंचल के सभी कर्मियों के साथ बीडीओ सह सीओ राकेश सहाय ने समीक्षा बैठक की। बैठक में चुनाव आचार संहिता के कारण रुके हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया गया। जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा, कल्याण विभाग, और राजस्व विभाग के लंबित कार्यों की समीक्षा की गयी। सभी कार्यों को शीघ्र पूरा करने के सख्त निर्देश दिये गये।

स्कूल के सभी संचित छात्र-छात्राओं को 2 दिनों के भीतर साइकिल वितरण कर उसकी रिपोर्ट कार्यालय में जमा करने को कहा गया। अंचल कार्यालय में लंबित दाखिल-खारिज और सीमांकन के सभी मामलों को एक सप्ताह के भीतर निपटाने का निर्देश दिया गया।



# मेराल थाना परिसर में निःशुल्क कानूनी सहायता केंद्र की शुरुआत

आजाद सिपाही सवाददाता

**मेराल।** मेराल थाना में सोमवार 25 नवंबर 2024 को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नयी दिल्ली न्याय तक पहुंचाने के तहत निःशुल्क कानुन सहायता केंद्र का शुरूआत मेराल थाना परिसर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मेराल थाना प्रभारी विष्णुकांत और मेराल थाना के पीएलबी रामाशंकर चौबे ने संयुक्त रूप से किया। यहां कोई भी ग्रामीण निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए थाना में पीएलवी रमाशंकर चौबे और मेराल प्रखंड के लिए संगीता से संपर्क कर निःशुल्क कानूनी सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह कानूनी सहायता केंद्र गढ़वा के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार नलिन कुमार गढ़वा और सचिव रवि चौधरी के निर्देश पर कानूनी सहायता केंद्र खोला गया, जहां कोई भी व्यक्ति निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए फ्री कॉल नं. संख्या 15100 से संपर्क कर सकते हैं। अंतिम व्यक्ति को सुलभ निःशुल्क न्याय दिलाने के लिए कानूनी सहायता केंद्र अहम भूमिका न्यायालय की ओर से दे रहा है।



# नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह को मिली जीत की खुशी में समर्थकों ने निकाला विजय जुलूस

आजाद सिपाही सवाददाता

**मझिआंव।** विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह को मिली प्रचंड जनादेश की जीत की खुशी में सोमवार को उनके समर्थकों द्वारा पुरजोर तरीके से गाजे बाजे के साथ विजय जुलूस निकाला गया। जुलूस में शामिल नवनिर्वाचित विधायक नरेश प्रसाद सिंह सबसे पहले श्री सिंह ने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर की मूर्ती पर माल्यार्पण कर जूलूस में शामिल हुए। और शिव मंदिर में बाबा शिव के चरणों में माथा टेक आशिर्वाद प्राप्त किये। जुलूस के दौरान उनके समस्त समर्थकों का उत्साह थमने का नाम नहीं ले रहा था। जमकर बम पटाखे छोड़े और अबीर गुलाल उड़ाये। जुलूस ब्लॉक मोड़ से प्रारंभ हुआ जो ब्लॉक रोड, मुख्य बाजार होते पुरानी अस्पताल के समीप तक और पुनः वापसी कर राधा कृष्ण मंदिर पहुंचे और भगवान के चरणों में माथा टेका इसके साथ साथ पुजारी श्री श्री 108 श्री बाबा केशव नारायण दास आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं श्री बाबा केशव नारायण दास ने तिलक लगाते हुए अंग वस्त्र भेंट किया। वहीं समर्थकों ने जगह-जगह उन्हें फूल माला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। इस दौरान एक दूसरे के अबीर गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया गया।

इस दौरान बस स्टैंड स्थित जामा मस्जिद स्थित मोहल्ले में जाकर लोगों को धन्यवाद दिया और आशीर्वाद लिया। जुलूस के दौरान विधायक श्री सिंह ने लोगों को धन्यवाद दे रहे थे। जुलूस में सभी वर्ग समुदाय के लोग शामिल थे। जुलूस में मुख्य रूप से आनंद यादव, हरिनाथ चंद्रवंशी, वीरेंद्र सोनी, सदर मंसूर खान, इबरार मुजिम, रकयुबुदिन खां, बद्री प्रसाद, सुरेश पासवान, नन्हे खान, मुखिया प्रतिनिधि रमेश पासवान, इंदल सिंह, सतीश ठाकुर, विक्की सिंह, विकास सिंह, पप्पू सिंह,संतू सिंह, दीनानाथ प्रसाद, इमरान खान, नन्हे खान सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।




# तेज रफ्तार बोलेरो ने घर में मारी टक्कर बाल-बाल बचे लोग



**केतार (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बेलाबार में सोमवार की सुबह पांच बजे बोलेरो ने अनियंत्रित होकर नईमुद्दीन अंसारी के घर में जोरदार टक्कर मारा। इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुए।चालक को हाथ में गंभीर चोट आई है। ईट की बनी घर की दीवार टूट गया। टक्कर इतना जोरदार था कि बोलेरो विपरीत दिशा में घूमकर रुका, बोलेरो की अगले भाग की परखच्चे उड़ गये। इस घटना के बाद गाड़ी मालिक को बुलाकर केतार मुखिया प्रमोद कुमार, मुकुंदपुर मुखिया मूंगा साह और दोनों समुदायों के प्रबुद्ध लोगों के बीच बैठकर बीच बचाव कर नुकसान की भरपाई के लिए 50 हजार की आर्थिक दंड तोड़ा।

# ग्रेजुएट कॉलेज में दो दिवसीय संगोष्ठी आज से

**कोल्हान विश्वविद्यालय के सोशल साइंस डीन डॉ राजेंद्र भारती करेंगे संगोष्ठी की शुरुआत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के साकची स्थित दि ग्रैजुएट स्कूल कॉलेज फॉर विमेन में नैक एक्रीडिएशन को लेकर दो दिवसीय संगोष्ठी का तैयारी पूरी कर ली गई है ।मंगलवार को मुख्य अतिथि कोल्हान विश्वविद्यालय के सोशल साइंस डीन डॉ राजेंद्र भारती सुबह 11 बजे संगोष्ठी का शुभारंभ करेंगे। संगोष्ठी में शहर के लगभग 125 से ज्यादा लोग शामिल होंगे। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता झारखंड सरकार के उप निदेशक उच्च शिक्षा विभाग डॉ विभा पांडेय शामिल होंगे। संगोष्ठी के प्रथम तकनीकी सत्र 2 बजे से 4.30 तक चलेगी। विशेषज्ञ वक्ता लातेहार संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़ के प्राचार्य डॉ फादर जोसेफ होंगे। संगोष्ठी के दूसरे दिन भी दो सत्र होंगे। प्रथम सत्र सुबह 10.30 स`11.30 तक विशेषज्ञ वक्ता कोल्हान विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ एसके गोराई होंगे। जबकि दूसरे तकनीकी सत्र 11.30 से 12.30 तक विशेषज्ञ वक्ता कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा के पूर्व कुलानुशासक अमिताभ बोस होंगे। संगोष्ठी की सफल संचालन के लिए प्राचार्या डॉ वीणा सिंह प्रियदर्शी के नेतृत में महाविद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी जुट गये हैं।



# लोहरदगा-रांची रेलवे लाइन छह दिन रहेगी ब्लॉक, ट्रेन सेवा होगी प्रभावित

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** लोहरदगा-रांची रेलवे लाइन पर 25 नवंबर से छह दिनों तक ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहेंगी। मेकान-सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जायेगा। इस दौरान ट्रेन संख्या 08693/08694 रांची-लोहरदगा-रांची मेमू स्पेशल को रद्द किया गया है। इसके साथ ही अन्य दूसरी ट्रेनों पर भी इसका असर पड़ेगा। रांची रेल मंडल के अंतर्गत मेकान-सिरमटोली फ्लाईओवर के निर्माण कार्य के लिए 25 नवंबर से छह दिनों के लिए ट्रैफिक और पावर ब्लॉक लिया जायेगा। इस दौरान रांची-लोहरदगा रेलवे लाइन पर ट्रेन सेवाएं प्रभावित रहेंगी। विशेष रूप से ट्रेन संख्या 08693/08694 रांची-लोहरदगा-रांची मेमू स्पेशल को 25, 29, 30 नवंबर, 1, 2 और 3 दिसंबर को रद्द किया गया है। भारतीय रेलवे की ओर से पहले चरण का ब्लॉक एलएनटी की ओर से आए एक प्रस्ताव पर दिया जा रहा है। रेलवे का कहना है कि दूसरा ब्लॉक भी दूसरा प्रस्ताव आने के बाद दिया जायेगा। रेलवे की ओर से यह भी कहा गया है कि संभावित ब्लॉक रात में लिया जायेगा, इसमें निर्धारित घंटे के लिए ब्लॉक लिया जायेगा।

**लोहरदगा की ओर से एक पिलर बनकर तैयार :** बता दें कि मेकान-सिरमटोली फ्लाईओवर, जो राज्य का पहला केबल स्टे ब्रिज बनने जा रहा है, तकनीकी रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण परियोजना है। फ्लाईओवर का एक पिलर निर्माण लगभग पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे पिलर का काम तेजी से प्रगति पर है।इस परियोजना के लिए पथ निर्माण विभाग ने एलएंडटी कंपनी को नवंबर तक काम पूरा करने का लक्ष्य दिया था, लेकिन समय पर कार्य पूरा नहीं हो सका।

### हड़तालरत दैनिक वेतन भोगी कर्मियों से अधिकारियों ने की बात

# वार्ता के बाद बिजली की आपूर्ति शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता





**बरवाडीह।** चार महीने से लंबित बकाया वेतन की मांग को लेकर मानव दिवस विद्युत कर्मियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल सुबह 9 बजे से कर दी है। बाद देर शाम वार्ता हुई। इसके बाद कुछ देर में बिजली आपूर्ति शुरू कर दी गयी। वार्ता में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज एसडीपीओ भरत राम, सब इंस्पेक्टर एसएन ओझा पूर्वी जिला परिसद सदस्य कन्हाई सिंह, पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर रहे शामिल रहे।

बता दें कि हड़ताल के चलते क्षेत्र में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गयी थी और पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूब गया था। बरवाडीह, बेतला, छिपादोहर, गारू और महुआडांड़ सहित कई क्षेत्रों में लगभग 10 घंटे तक बिजली सेवा बाधित रही। वहीं दूसरी ओर बिजली कटौती के कारण आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया था। घरेलू उपभोक्ताओं से लेकर छोटे व्यवसाय तक सभी इस समस्या से जूझ रहे थे।

**मां वैष्णवी कंस्ट्रक्शन पर गंभीर आरोप :** बिजली कर्मियों ने इस समस्या के लिए मां वैष्णवी कंस्ट्रक्शन कंपनी को जिम्मेदार ठहराया है। जो उन्हें वेतन का भुगतान करती है। कर्मियों का आरोप है कि कंपनी ने न केवल चार महीने का बकाया वेतन रोक रखा है, बल्कि वेतन देने में भारी कटौती भी की जाती है। कर्मियों के अनुसार, हेल्पर का 30 दिनों का मूल वेतन 12,660 रुपये होना चाहिए, लेकिन उन्हें केवल 5,000- 6,000 रुपये तक का भुगतान किया जा रहा है, और वह भी 22-26 दिनों के लिए। इसी तरह, मिस्त्री का वेतन 17,640 रुपये होना चाहिए, लेकिन उन्हें 9,000-10,000 रुपये तक ही दिया जाता है। कर्मियों ने पीएफ कटौती में भी गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। कभी-कभी पीएफ की 12.5% कटौती की जाती है, तो कभी नहीं।


**वेतन घोटाले का भी लगाया आरोपः सूची में फजीर्वाड़ा :** इस मामले में एक और बड़ा खुलासा हुआ है। दैनिक वेतन कर्मियों ने आरोप लगाया है कि मां वैष्णवी कंस्ट्रक्शन ने फजीर्वाड़ा करते हुए कुल 80 दैनिक वेतन कर्मियों की सूची भेजी है। जबकि वास्तविकता में केवल 73 दैनिक कर्मी काम कर रहे हैं। सूची में सात ऐसे कर्मियों के नाम दर्ज हैं, जो काम नहीं करते लेकिन उनका वेतन नियमित रूप से जारी हो रहा है। यह विभाग और कंपनी के बीच मिलीभगत का संकेत देता है। कर्मियों ने सवाल उठाया है कि इन फर्जी नामों के जरिये लाखों रुपये का गबन किया जा रहा है। इसके अलावा, जो सूची भेजी गयी है। उसमें अधिकांश कर्मियों के वेतन को 10,000 रुपये से अधिक बताया गया है। जबकि वास्तविकता में कर्मियों को इससे कम वेतन दिया जा रहा है। यह बड़ा सवाल उठाता है कि आखिर यह अतिरिक्त धनराशि कहां जा रही है।

**विभाग और कंपनी की उदासीनता :** कर्मियों ने कहा कि मां वैष्णवी कंस्ट्रक्शन और बिजली विभाग के अधिकारी उनकी समस्याओं को लेकर पूरी तरह उदासीन हैं।

### भाजपा की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस निकाला

# कार्यकर्ता ही मेरी ताकत : प्रकाश राम

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार विधानसभा में भाजपा की कड़ी संघर्ष के बाद जीत हुई है और कई वर्षों से भाजपा के प्रत्याशी लातेहार विधानसभा में अपना विजय का परचम नहीं लहरा पा रहे थे। इस बार 2024 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी प्रकाश राम ने कड़ी संघर्ष के बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी वेदनाथ राम को 434 मत से हराया है। जिससे भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी जोश देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा के वर्तमान विधायक प्रकाश राम अपने विजय जुलूस में कहा कि मेरी कड़ी संघर्ष और कार्यकर्ताओं की संघर्ष का नतीजा है कि आज मैं लातेहार विधानसभा का भाजपा के टिकट से विधायक बना हूं, मैं पूर्व में भी लातेहार विधानसभा का दो बार विधायक रह चुका हूं। इस बार का जो कार्यकर्ताओं और लातेहार विधानसभा के मतदाताओं का मुझे जो आशीर्वाद मिला है इसे मैं जीवन भर नहीं भूल सकता, क्योंकि मेरे प्रति लातेहार विधानसभा की जनता ने विश्वास दिखाया है, उसको मैं अपने कार्य के माध्यम से लोगों पर और विश्वास करने का आशीर्वाद प्राप्त करूंगा। विजय जुलूस में मुख्य रूप से भाजपा के मंडल अध्यक्ष अमित कुमार गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजकुमार पाठक सकिंद्र मुंडा, चंद्रभूषण केसरी उर्फ मंटू केसरी, आशीष गुप्ता, अमित कुमार साहू, रिकी वर्मा, बणेश्वर यादव, सूरज साहू, आदर्श रवि, राज देव, मोहन सिंह, मंजू सिंह, मीनाक्षी देवी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता विजय जुलूस में शामिल हुए।

## लेवी मांगने और जेजेएमपी तक सूचना पहुंचाने के आरोप में तीन युवक गिरफ्तार

**महुआडांड (आजाद सिपाही)।** नेतरहाट और महुआडांड़ थाना क्षेत्र में चल रही विकास कार्यों में कार्य कर रहे संवेदकों को धमकाने और लेवी की मांग करने के मामले में नेतरहाट पुलिस के द्वारा तीन आरोपियों सुजीत कुमार उर्फ कुणाल ग्राम कसियाडीह थाना सतबरवा, शक्ति सिंह फुलवार बगीचा महुआडांड़, और विकास कुमार उर्फ छोटू ग्राम दीपा टोली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी नेतरहाट अभिषेक कुमार ने बताया की 21 नवंबर को नेतरहाट थाना क्षेत्र के गढ़बुढ़नी एवं लुरगुमी के संवेदक के द्वारा धमकी देने, उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के नाम से लेवी की मांग करने और घर में तोड़फोड़ करने के संबंध में मामला दर्ज कराया गया था। कांड संख्या 14/2024 के तहत मामला दर्ज कर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया के निर्देश पर महुआडांड़ थाना प्रभारी अवनीश कुमार और नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के नेतृत्व में जिला पुलिस बल के साथ छापेमारी टीम का गठन कर केश का अनुसंधान किया।

## प्रोफेसरों की नियुक्ति हो यथाशीघ्र, अन्यथा छात्र करेंगे उग्र आंदोलन : विनय उरांव





**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने सैकड़ों विद्यार्थियों के साथ बीएस कॉलेज लोहरदगा के प्राचार्य डॉ शिवकुमार प्रसाद गुप्ता से किया मुलाकात। विनय उरांव ने छात्रों की समस्या को रखते हुए कहा कि पिछले दो महीना से कॉलेज कॉलेज में शिक्षा की सेवा दे रहे पूरे विश्वविद्यालय के अतिथि प्रोफेसरों को कैबिनेट का हवाला देकर सस्पेंड कर दिया गया है जिसमें बीएस कॉलेज से एक साथ 11 अतिथि प्रोफेसरों को सस्पेंड कर दिया गया है। जिसके वजह से 7 विषय पूर्णता रिक्त हो गया है और उससे पहले कई दिनों तक अतिथि शिक्षकगण ज्यादातर अपनी भत्ता से संबंधित समस्या को लेकर विश्वविद्यालय में आंदोलनरत रहे। विद्यार्थियों के साथ इस तरह से हो रहे अन्याय को छात्र संगठन एनएसयूआई कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। इस पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. शिव कुमार प्रसाद गुप्ता ने अपना पल्ला विश्वविद्यालय के कुलपति पर डाल दिया। तत्पश्चात त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव ने कुलपति महोदय डॉ. अजीत कुमार सिन्हा से फोन के माध्यम से बात कर मामला को रखा, अंततः इस पर कुलपति ने 10 दिसंबर तक का समय मांगते हुए कहा कि इस बीच चयन प्रक्रिया हेतु आवेदन भरा जा चुका है, जितना हो सके जल्दी साक्षात्कार कर सभी कॉलेजों में प्रोफेसरों की पूर्ति कर दी जायेगी। मौके पर छात्र संगठन एनएसयूआई के पूर्व जिला महासचिव मनौव्वर आलम, शैलेश कुमार, शाद गौहर, संध्या आदि सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## नफरत के बाजार में मुहब्बत की बड़ी जीत : हाजी



**कैरो (आजाद सिपाही)।** जिले के कैरो प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड अध्यक्ष अनीस अहमद खान की अगुवाई में गराडीह गांव में इंडिया गठबंधन की लोहरदगा विधानसभा में ऐतिहासिक जीत दर्ज करने की खुशी में विजय जुलूस निकाला गया। यहां पर कांग्रेसी कार्यकताओं द्वारा निकाली गई भव्य विजय जुलूस में अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के नाजिम ए आला हाजी जब्बारूल अंसारी और समाज सेवी हातिम अंसारी, सेन्हा अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी इम्तियाज अंसारी, सज्जाद विजय जुलूस में शामिल हुए। मौके पर हाजी अब्दुल जब्बारूल अंसारी ने कहा कि अहंकारियों की बड़ी हार और मुहब्बत की जीत हुई है। उन्होंने डॉ रामेश्वर उरांव की बड़ी जीत पर विशेष रूप से पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू को मुबारकबाद दी है। मौके पर बड़ी संख्या में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्तागण मौजूद थे।

## बच्चे फास्ट-फूड छोड़ जनजातीय मडुवा आदि खाद्य पदार्थ खायें : सुनंदा दास

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद झारखंड द्वारा दिये गये निर्देशानुसार सभी सरकारी स्कूलों में जनजातीय गौरव दिवस और जनजातीय व्यंजन का बच्चों को बताने निमित्त खान पान कराने का निर्देश के तहत राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय लारकुरिया कुटमू, लोहरदगा में भव्य जनजातीय गौरव पखवाडा मनाया गया। इस अवसर पर यूनिसेफ राज्य सलाहकार पल्लवी शाह तथा मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधीक्षक लोहरदगा सुनंदा दास, बीआरपी तृषान्धा प्रजापति, निधि गुप्ता, प्रभारी प्रधानाध्यापक रश्मि खेस, सहायक शिक्षिका निधि सिन्हा, पूर्व प्रधानाध्यापिका सलोमी लकड़ा आदि उपस्थित थे। मुख्य अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक सुनंदा दास ने कहा कि बच्चे जनजातीय स्थानीय खान पान को भूलते जा रहे है और चाइनीज फास्ट फूड पर ज्यादा ध्यान दे रहे है, जिससे बच्चों का मानसिक और शारीरिक क्षमता कमजोर हो रही है। कुटमू प्राथमिक विद्धयालय द्वारा बहुत ही बढ़िया ढंग से कार्यक्रम आयोजित किया इसके लिए स्कूल प्रबंधन टीम को बधाई और धन्यवाद है।

## नि:शुल्क इलाज के लिए दिव्यांग बच्चे बच्चियां-बुर्जुगों को चिन्हित किया गया

**सेन्हा-लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास कार्यालय में ग्राम स्वराज्य संस्थान के सदस्य द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक कर दिव्यांग बच्चे-बच्चियां व बुर्जुगों का चिन्हित किया गया। वहीं ग्राम स्वराज्य संस्थान के सदस्य सुदर्शन साहु ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेश स्माइल के तहत ग्राम स्वराज्य संस्थान द्वारा दिव्यांग बच्चे बच्चियां व बड़े बुर्जुगों का इलाज क्षितिज अस्पताल हजारीबाग में कराया जायेगा। जिसके लिये दवा, आवास, इलाज का निःशुल्क व्यवस्था है, साथ ही यात्रा भत्ता भी संस्थान की ओर से दिया जायेगा। साथ ही बताया कि 1 दिसंबर को लोहरदगा में पहचान परामर्श शिविर आयोजित कर चिन्हित किया जायेगा। शिविर में चयनित सभी लोगों को इलाज के लिये हजारीबाग ले जाया जायेगा। मौके पर पर्यवेक्षिका सुषमा कुमारी के अलावे राजमुनी कुमारी, बसंती असुर, आयशा, किरण, अंजली सहित अन्य सभी आंगनबाड़ी सेविकाएं उपस्थित थी।

## बैंक ऑफ इंडिया कैरो ब्रांच के कर्मियों ने आंख और किडनी मरीज कस्टमर का केवाइसी करने से किया मना

**कैरो (आजाद सिपाही)।** कैरो मुख्यालय स्थित बैंक ऑफ इंडिया ब्रांच के कर्मियों ने कैरो आदिवासी मोहल्ला के तरबरेज अंसारी पिता मुख्तार अंसारी का खाता केवाईसी करने से इनकार किया। इस संबंध में तबरेज अंसारी का कहना है कि ब्रांच मैनेजर ने कहा कि अपना पेपर किसी भी टेबल में फेक दीजिए, उसे हमलोग भी फेक देंगे, मगर केवाईसी नहीं करेंगे। तबरेज अंसारी ने बताया कि मेरी आंखों में प्रॉब्लम है साथ ही किडनी का इलाज रांची के डॉक्टर बी दोजा ने ऑपरेशन किया गया है, फिलहाल आंख का इलाज मुंबई के एक बड़े अस्पताल में चल रहा है, एक सप्ताह के बाद इलाज के लिए पुनः मुंबई जाना है, लेकिन खाता में केवाईसी नहीं होने के कारण लेन देन करने में दिक्कत हो रही थी, जिसके कारण अपने बैंक ब्रांच कैरो में जा कर केवाईसी के लिए आवेदन देने पर कर्मचारियों ने मना कर दिया। जिससे आगामी इलाज के लिए मुंबई जाना संभव नहीं लग रहा है।

## कोल्हान की खबरें

# बिना साक्ष्य के बेबुनियाद आरोप लगाने और छवि को धूमिल करनेवालों पर होगी कारवाई : संजीव सरदार

आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** विधानसभा चुनाव 2024 में सोशल मीडिया पर बिना साक्ष्य के बेबुनियाद आरोप लगाने व छवि को धूमिल करने का षडयंत्र पर विधायक संजीव सरदार ने नाराजगी जताया। सोमवार को तेंतला रिसोर्ट में पत्रकार वार्ता के दौरान दूसरे बार पोटका से विधायक बने संजीव सरदार ने कहा कि कुछ लोगों द्वारा फर्जी अखबार कटिंग को फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सऐप पर भेज कर मुझे बदनाम करने का प्रयास किया गया। ऐसे लोगों के विरुद्ध अब सीधी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि भ्रामक पोस्ट करने वालों के विरुद्ध पहले साक्ष्य उपलब्ध कराने हेतु कानूनी नोटिस दिया जायेगा। उसके बाद छवि पर दाग लगाने का पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत नहीं करने पर न्यायालय में मानहानि का केस दर्ज कराया जायेगा। ऐसे लोगों के लिए यह चेतावनी है। श्री सरदार ने कहा, यह चुनाव मान सम्मान और स्वाभिमान की लड़ाई था। चुनाव मे उनके सामने भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा चुनावी मैदान में थी। श्री सरदार ने कहा, पोटका की देवतुल्य जनता मेरे साथ है, उन्होंने षडयंत्र रचनेवाले पर किसी तरह का विश्वास नहीं किया। बदले में वोट के माध्यम से षड़यंत्रकारियों को करार जबाव देने का काम किया। संजीव सरदार ने कहा, पोटका की जनता ने जो आशा और विश्वास जताया है उस पर खरा उतर कर जनहित के मुद्दों का समाधान करेंगें। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन, सचिव भुवनेश्वर सरदार, अब्दुल रहमना, उपमुखिया ओम प्रकाश गुप्ता, हितेश भकत, रमेश सोरेन, बीरेन पात्र, खैरा मुंडा, बापी भट्टमिश्र, कुंदन दास सहित अन्य उपस्थित रहे।

### झामुमो विधायक रामदास सोरेन के स्वागत में पहुंचे हजारों ग्रामीण

# घाटशिला से जनता की जीत हुई है : रामदास सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** विधायक रामदास सोरेन को घाटशिला विधानसभा से तीसरी बार चुनाव जीताने के बाद ग्रामीण नेता व कार्यकर्ताओं के साथ स्थानीय ग्रामीण समर्थकों में खुशी का लहर दौड़ने लगी है। सोमवार को सुरदा चुनाव कार्यालय के पास झामुमो नेता व कार्यकर्ताओं के साथ हजारों स्थानीय ग्रामीण समर्थक विधायक रामदास सोरेन को स्वागत करने के लिए ढोल नगाड़ा के साथ गुलदस्ता लेकर मौजुत रहे। वहीं विधायक के काफिला सुरदा पहुचते ही जय झारखंड, हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, शिबू सोरेन के साथ रामदास सोरेन जिंदाबाद का नारे से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। मौके पर झामुमों कार्यकर्ताओं ने बारी बारी से विधायक को माला पहनाकर व गुलदस्ता भेट करने के लिए स्वागत में लीन रहे। ग्रामीण कार्यकर्ताओं ने चारो तरफ झामुमों का झंडा लहराते नजर आए। वही दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से स्वागत करने पहुंचे महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रही थी। उसके बाद विधायक का काफिला मुसावनी की ओर निकल पड़ी। जगह-जगह युवा कार्यकर्ताओं ने विधायक को माला पहनाकर स्वागत किया। उसके बाद मुसाबनी में बागराई मार्डी के नेतृत में विधायक का स्वागत समारोह सह सभा का आयोजन किया गया। विधायक का काफिला मुसावनी पहुंचते ही रामदास सोरेन का स्वागत करने के लिए कार्यकर्ताओं का भीड़ उमड़ पड़ी। स्वागत के बाद विधायक रामदास सोरेन ने सभा को संबोधित किया। श्री सोरेन ने सबसे पहले विधान सभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता व ग्रामीण जनता के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि विधान सभा चुनाव 2024 में घाटशिला से जनता की जीत हुई है। जनता ही सर्वोपरि है उनका सम्मान करना एक जनप्रतिनिधि का कर्तव्य बनता है। श्री सोरेन ने कहा कि चुनाव से पूर्व घाटशिला विधानसभा क्षेत्र के मुसाबनी में इंजीनियरिंग कॉलेज, डिग्री कॉलेज, थीम पार्क का शिलान्यास, बोरूदी डैम क्षेत्र का विकास के 83 कमरे का गेस्ट हाउस का निर्माण, घाटशिला में रघुनाथ मुर्मू जनजातीय यूनिवर्सिटी निर्माण कार्य का शुरूआत की गई है। इसके साथ ही धालभूमगढ़ से मुसाबनी को जोड़ने वाले पुलिया का शिलान्यास किया गया। सूरदा माइन्स खोलने का काम किया गया। क्षेत्र के विकास के लिए कई लंबी-लंबी सड़क का निर्माण किया, इसके अलावा जनता से जुड़ी कई समस्याओं का समाधान किया गया। श्री सोरेन ने कहा कि जिस तरह से चुनाव में जनता का समर्थन झामुमों को मिला है, उस ही तरह आने वाले समय में तेजी से घाटशिला विधानसभा का विकास होगा।

# पूर्णिमा साहू की जीत पर सभी मंडलों से निकलेगी आभार सह आशीर्वाद यात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू की शानदार जीत पर भारतीय जनता पार्टी विधानसभा क्षेत्र के सभी सातों मंडलों में आभार यात्रा निकालेगी। मंगलवार को आभार यात्रा का शुभारंभ गोलमुरी मंडल क्षेत्र से सुबह 10 बजे होगा। आभार यात्रा में विधायक पूर्णिमा साहू जनता के विश्वास और समर्थन के लिए उनका आभार व्यक्त कर आशीर्वाद लेंगी। मंगलवार को गोलमुरी बाजार समेत गोलमुरी के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर बमामाईंस, टेल्को, बिरसानगर के विभिन्न क्षेत्रों के लिए प्रस्थान करेगी। उसके बाद बुधवार को सुबह 10 बजे बारीडीह मंडल, सीतारामडेरा व साकची के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए जनता को आभार व्यक्त कर समाप्त होगी। बैठक में बिरसानगर के प्रभारी भूपेंद्र सिंह, बमामाईंस के प्रभारी मिथिलेश सिंह यादव, गोलमुरी के प्रभारी दिनेश कुमार, साकची पुर्वी के प्रभारी संजीव सिंह युवराज सिंह समेत वरीय नेताओं के साथ मंडल पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कोर्ट फीस और नन जुडिशल स्टांप पेपर उपलब्ध करवाये प्रशासन : अधिवक्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर बार एसोसिएशन के वरीय अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू ने जिले के डीसी से सरकारी कोर्ट फीस स्टांप वेंडरों को उपलब्ध करवाने की मांग की। सोमवार को उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि केवल 1 रुपया का स्टांप उपलब्ध है, लेकिन सरकारी कार्य में 5, 15, 20, 50 और 100 की जरूरत है। वहां एक रुपये का स्टांप ही बड़ी मात्रा में आवेदन पत्र में लगाना पड़ रहा है। कोर्ट फीस की कमी के कारण ना तो वकालतनामा दाखिल हो रहा है, ना ही जमानत बंध पत्र याचिका आवेदन दाखिल किया जा सकता है। कोर्ट के दस्तावेज सच्ची प्रतिलिपि की नकल लेने के लिए भी कोर्ट फीस की जरूरत पड़ती है। वह कार्य भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। इसकी कमी के कारण न्यायालय के काम में देरी हो रही है। वहीं पक्षकारों का काम नहीं होने पर वापस घर लौटना पड़ रहा है। इसके लिए पक्षकार और वकीलों में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि राज्य के बाहर से भी लोग आकर न्यायालय में अपना कामकाज करवाते हैं। उनके समक्ष झारखंड की गलत तस्वीर पेश हो रही है। सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार बीते लगभग दो महीने से यह स्थिति बनी हुई है। चुनाव प्रक्रिया के हवाला देकर सम्बन्धित सरकारी विभाग कन्नी काटते रहे। अधिवक्ता सुधीर कुमार पप्पू के अनुसार वेंडर को ऑनलाइन के अलावा ऑफलाइन नन जुडिशल स्टांप पेपर भी उपलब्ध कराया जाना चाहिए। नेटवर्क के परेशानी से कई बार नन जुडिशल स्टांप पेपर नहीं निकल पाता है। सुधीर कुमार पप्पू ने बार एसोसिएशन के पदधारियों से भी इस दिशा में पहल करने की अपील की।

आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# उपायुक्त ने भरनो स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुरिअंबा का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज भरनो प्रखंड स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय तुरिअंबा का औचक निरीक्षण किया। यह दौरा जिले में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और 'शिकछा कर भेंट' अभियान के तहत किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त ने विद्यालय में शैक्षणिक और प्रशासनिक व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण करते हुए बच्चों और शिक्षकों के साथ संवाद स्थापित किया। इस दौरान उपायुक्त ने विद्यार्थियों के बीच लगभग 3 घंटे से अधिक का समय बिताया। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति, शिक्षण प्रक्रिया, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास और आईटी रूम जैसी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने बच्चों को लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत करने के लिए प्रेरित किया और जीवन में बड़े सपने देखने का संदेश दिया। साथ ही, 11वीं और 12वीं के विज्ञान वर्ग के विद्यार्थियों के साथ उन्होंने गणित और भौतिकी का क्लास लिया, जिससे विद्यार्थी अत्यंत प्रेरित हुए। कक्षा 11वीं के बच्चों का टेस्ट लेकर उनकी तैयारी का आकलन भी किया गया।

उपायुक्त ने विद्यालय में शैक्षणिक सुधार को प्राथमिकता देते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया कि 10वीं और 12वीं की परीक्षा के परिणाम शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन मैट्रिक और इंटर के बेहतर परिणाम को लेकर गंभीर है। इसके लिए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इच्छुक विद्यार्थियों को नीटऔर जेइइ जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहयोग देने का भी निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया गया। उपायुक्त के निर्देश पर जिले के सभी विद्यालयों का दौरा संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से किया जा रहा है। इन दौरों का मुख्य उद्देश्य जिले के शैक्षणिक स्तर को बेहतर बनाना और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। इस निरीक्षण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, और विद्यालय के सभी शिक्षक उपस्थित थे। जिला प्रशासन शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विद्यार्थियों को बेहतर भविष्य के लिए हरसंभव सहायता प्रदान करने हेतु प्रयासरत है।

# हीरानगर के समीप डामर वाहन का पाइप फटने से एक युवक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** रांची नेशनल हाइवे स्थित हीरानगर के समीप डामर वाहन का पाइप फटने से मजदूर झुलस कर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना में उसका हाथ चेहरा और शरीर के कई हिस्से झुलस गये। घायल घाटशिला जिला अंतर्गत चाकुलिया गांव का रहने वाला है। उसने अपना नाम मोहम्मद शहाबुद्दीन अंसारी बताया। फिलहाल सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक पलमा से गुमला तक चल रहे फोरलेन सड़क निर्माण कार्य में डामर वाहन से अलकतरा खाली कर रहा था। तभी अचानक पाइप फट गया और व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।

# डब्ल्यूएचएच की टीम ने किया चुंदरी पंचायत के बुरजू गांव का भ्रमण

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत की बुरजू गांव में डब्लू एच एच के टीम द्वारा सोमवार को भ्रमण किया गया। बुरजू पहाड़ की तराई से गांव के खेत कच्ची नाली और लूज बोल्डर से बने तालाब को देखा। नाली के बीच से गांव के खेत में पानी पहुंचा और इस वर्ष धान का फसल अच्छा हुआ जिसे देख काफी खुश हुवे। जिसके बाद पंचायत भवन जाकर टीम के द्वारा पंचायत की कार्यवाही, जीपीडीपी, ग्राम सभा, कार्य करणी की बैठक ,पंचायत समन्वय बैठक, वार्षिक बजट, योजना का प्राथमिकता और पंचायत की योजनाओं के बारे में जानकारी लिए। इस मौके पर मुख्य रूप से जर्मनी जूलिया केटेंब्रिंक, रांची से सस्मिता जैन, सौसर दत्ता, आदित्य भगत, मुखिया विनीता कुमारी, उप मुखिया अजीत पाठक, रीमा उरांव, मुनेश्वर उरांव, मनमेंत देवी, आनंद महली, संजेश उरांव, बाबूराम उरांव, यशोदा देवी, कुंती देवी, प्रसेनजीत शाह, बसंती देवी, राजमणि देवी, सुजीत उरांव, जगमनिया देवी और राजेंद्र भगत सहित कई लोग मौजूद थे।

# जनजाति युवाओं के 25 प्रशिक्षणार्थियों का कौशल कृषि विकास प्रशिक्षण हुआ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता




**बिशुनपुर।** जनजाति कौशल विकास निगम द्वारा संपोषित, जनजाति लोंगो के कौशल, कृषि विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन, विकास भारती बिशुनपुर के सभागार मे सम्पन्न हुआ। विकास भारती के संयुक्त सचिव महेंद्र भगत नें कहा कि उद्यमी (एंटरप्रेन्योर)वह व्यक्ति है जो किसी उद्यम या परियोजना पर नियंत्रण रखता है और उसमें निहित जोखिमों और परिणाम के लिए महत्वपूर्ण रूप से जिम्मेदार है। उद्यमी एक महत्वाकांक्षी नेता है जो भूमि, श्रम तथा पूंजी को नये उत्पाद बनाने या सेवाएं प्रदान करने के लिए आपस में मिलाता है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 20 दिन तक सुचारु रूप से चलाया गया, इसके उपरांत प्रशिक्षनर्थियों 2 घंटे का तार्किक असेसमेन्ट किया गया, जिसमे कुल एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट प्रोग्राम से कुल 25 विद्यार्थी उपस्थित हुऐ। उत्पादों और सेवाओं के बारे में विचार विकसित करने के बाद जो ग्राहकों के लिए मूल्य पैदा कर सकते हैं, वे उन विचारों की पुष्टि करने के लिए कठोर परीक्षण करते हैं। यह कोई सस्ता काम नहीं है, इसके लिए धन, विशेषज्ञता और प्रयास की आवश्यकता होती है। अक्सर कई लोगों से ऐसे सामान और सेवाओं को बनाने, सुधारने और वितरित करने के लिए जो एक उद्देश्य की पूर्ति कर सकें और एक मजबूत ग्राहक आधार को आकर्षित कर सकें। मूल्यांकन के समय प्रधानमंत्री कौशल केंद्र के समन्वयक संजय, जन शिक्षन संस्थान से योगेश राय, ट्रेनर रुद्र सिंह उपस्थित रहे।

# फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में रंग-बिरंगे परिधानों में नजर आये बच्चे

## भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में फैंसी ड्रेस और पोएम रेसिटेशन का आयोजन



मॉडलिंग रैंप वॉक कर स्टूडेंट्स ने सिखा मॉडलिंग के गुर।

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** देवी मंडप घाघरा स्थित भास्कर एजुकेशनल एकेडमी स्कूल में भारतीय संस्कृति और अपनी सभ्यता को मूर्त रूप देने के लिए फैंसी ड्रेस समारोह का आयोजन किया गया। यहां क्लास प्री नर्सरी से यू के जी के छात्रों के लिए पोएम रेसिटेशन और एक से आठ तक के बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस का प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें शिव शंकर, दुर्गा माता, काली माता, अंनपूर्णा राधा कृष्ण, हल्क, यमराज, मोर, भारत माता, डॉक्टर, माता सरना माता, किसान, आर्मी, इंजीनियर, परी, चाचा नेहरू, सरना माता, शिक्षक बने बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम पेश कर सब का मन अपनी ओर आकर्षित कर लिया। समारोह में सभी बच्चे ही बड़े ही आकर्षक के रूप में सजकर आये थे, जिन्होंने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। कार्यक्रम में जज के रूप में शैलेश सिंह, असिता उरांव, रुपा गुप्ता, अर्चना गुप्ता, चैना राजेश पांडेय, मनीषा कुमारी,उपस्थित थे।

क्लास एक से आठ तक के स्टूडेंट्स ने रैंप वॉक कर मॉडलिंग और फैशन डिजाइनिंग के गुर सीखे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने प्रकाश पांडेय, शशिभूषण गोस्वामी, शिवम मिश्रा, सोनी कुमारी, सारिका साहू, किरण कुमारी, नूतन सिंह, निशा कुमारी, मेघा साहू, सपना कुमारी, दीप कुमारी, जूही कुमारी, सुभद्रा देवी, संध्या कच्छप, कविता पांडेय, ज्योति देवी, प्रियंका सिंह सहित शिक्षकों और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# खटंगा में अनुष्ठान और धार्मिक सांस्कृतिक मेला का आयोजन किया जायेगा

**रायडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड के ऊपर खटंगा ग्राम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 दिसंबर 2024 को अगहन पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य में धार्मिक अनुष्ठान और धार्मिक सांस्कृतिक मेला का आयोजन किया जायेगा। सुबह नौ बजे से भव्य कलश जल यात्रा निकाली जायेगी। उसके बाद पहाड़ में स्थापित मंदिर में भगवान भोले शंकर बाबा की पूजा होगी, तत्पश्चात पहाड़ के नीचे मां पार्वती मंदिर में पूजा होगी। रात्रि में धार्मिक मेला और स्थानीय लोक कलाकार द्वारा ठेठ नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। अगली बैठक 28 नवम्बर को होगी जिसमें मेला समिति का पुनर्गठन किया जायेगा। इस मौके पर कर्मपाल सिंह, बीरबल सिंह, बागर सिंह, राम बैगा, सोहन पुजार, सीताराम साय, महजू सिंह, दुर्गा सिंह, वरुण लोहरा, सुरजन सिंह, इंद्रजीत लोहरा, संजय सिंह, विजय दास आदि उपस्थित थे।**

# डीएवी स्कूल में राष्ट्रीय एकता को लेकर मनाया गया झंडा दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में 25 नवंबर को झंडा दिवस के रूप में मनाया गया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहु ने कहा कि यह अभियान शांति, सद्भाव और राष्ट्रीय एकता का संदेश फैलाने के लिए आयोजित किया जा रहा है जो आर्य समाज का भी मूल मंत्र है। भारत एक विविधतापूर्ण संस्कृति वाला देश है, जहं विभिन्न धार्मिक, नस्लीय, सांस्कृतिक और भाषाई पृष्ठभूमि के लोग शांतिपूर्वक सह-अस्तित्व में रहते हैं।

हमारे देश में शांति और एकता बनाये रखने के लिए सांप्रदायिक सद्भाव आवश्यक है। बताते चलें कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय के दिशा निर्देशन में नेशनल फाउंडेशन फॉर कम्युनल हार्मनी के तत्वावधान में हर साल 19 से 25 नवंबर तक सांप्रदायिक सद्भाव अभियान सप्ताह मनाया जाता है. इसी कड़ी में आज डीएवी स्कूल में झंडा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के बीच फ्लैग स्टीकर का वितरण भी किया गया।

# विवाहिता ने अपने और बच्चों की जान की सुरक्षा मांगी, एसपी को दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** सिसई थाना क्षेत्र के ग्राम बरगांव बर टोली गांव निवासी विवाहिता अंजू देवी ने एसपी को आवेदन देकर अपने पति दीपक टोप्पो और अपने सास ससुर आदि के खिलाफ आरोप लगाया है कि वे लोग कभी भी आवेदिका अंजू देवी और उसके तीन नाबालिग बच्चो की हत्या कर सकते हैं। यह आशंका व्यक्त करते हुए अंजू ने एसपी से आपने और बच्चों की जान की सुरक्षा की गुहार लगायी है, लेकिन चौंकाने वाला तथ्य यह है कि अंजू ने इस मामले में सिसई के थाना प्रभारी के विरुद्ध भी आवेदन दिये जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नही किये जाने का आरोप लगाया है। एसपी को दिये आवेदन में अंजू देवी ने बताया है कि उसकी शादी वर्ष 2011 में दीपक टोप्पो पिता राजेंद्र महली ग्राम नदिया थाना और जिला लोहरदगा के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनो का दाम्पत्य जीवन बेहतर चल रहा था। साथ ही तीन बच्चो का जन्म भी हुआ। मगर विवाहोपरांत कुछ समय तक सब ठीक-ठाक रहने के बाद वर्ष 2020 में उसके पति के व्यवहार में काफी परिवर्तन हो गया। अचानक जानकारी हुई कि दिनांक चार दिसंबर 2020 को उसके पति दीपक ने खुशबु नायक नामक महिला से कोर्ट मैरेज कर ली है। इस जानकारी के बाद अंजू ने विरोध किया। इस पर पति द्वारा लगातर अंजू के साथ मारपीट की गयी। परन्तु तीनो नाबालिग बच्चों के भविष्य को संरक्षित रखने के लिए अपने पति के सभी अत्याचारों को बर्दाश्त करते रही। और जब वह अपने साथ घटित घटनाओं को अपने ससुर राजेंद्र महली तथा सास लीलावती देवी को बताई तो वे लोग कहने लगे कि तेरा पति सरकारी नौकरी में है तो दूसरा शादी करके कुछ गलत नहीं किया है। तथा मेरे विरोध करने पर वे लोग भी मुझे मारपीट कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिये।

हाल के दिनों में अप्रैल 2024 में पति दीपक टोप्पो, ससुर राजेंद्र महली, सास लीलावती देवी, गोतनी प्रेमा देवी, भैंसुर अमित महली अंजू तथा उसके तीनो नाबालिग बच्चो को मारपीट करते हुए घर से बाहर निकाल दिये। जिसके बाद वह अपने मायके में रहने लगी। इसी बीच दिनांक 17 अप्रेल 2024 को अचानक पति, सास-ससुर तथा गोतनी मायके में आ गये। उस वक्त घर पर सिर्फ अंजू और उसकी मां थी। आते के साथ सभी लोग उन्हें गंदी-गंदी गालियां देने लगे औरं मारपीट करना शुरू कर दियेए। इसी दरम्यान पति पीछे से अंजू का कपड़े उठा दिया गया।जबकि प्रेमा देवी के द्वारा वीडियो बना लिया गया। और उस वीडियो को पति के द्वारा मेरे भाइयों एवं रिश्तेदारो को भेज कर मुझे चरित्रहीन साबित करने के लिए बदनाम किया जा रहा है। जिसके वजह से अंजू अपने बच्चो के साथ काफी भयभीत है। तथा उसे विश्वास हो गया है कि पति अपने उपरोक्त रिश्तेदारी के साथ मिलकर किसी भी समय उसकी तथा तीनो नाबालिग बच्चो का हत्या कर सकते हैं

# गुमला जिले से तीन झामुमो प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की, एक को मंत्री बनाने की उठ रही है मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



चमरा लिंडा



भूषण तिर्की



जीगा सुसारण होरो

**गुमला।** गुमला जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशियों की प्रचंड जीत के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं के हौसले बढ़े हुए हैं। अंदरखाने से निकलकर जो खबर सामने आ रही है उसके अनुसार झामुमो के कार्यकर्ता यह चाहते हैं कि गुमला जिला के तीनों विधायकों में से किसी एक विधायक को मंत्री पद दिया जाये। स्थानीय कार्यकर्ता मंथन भी कर रहे हैं। यह भी माना जा रहा है कि जीगा सुसारण होरो या चमरा लिंडा में से किसी एक को मंत्री पद मिल सकता है। अगर अनुभव की बात करें तो बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक चमरा लिंडा लगातार चौथी बार विधायक बने हैं। जिससे उनका कार्य अनुभव अधिक माना जा सकता है। कार्यकताओं का यह भी कहना है कि जीगा सुसारण होरो को सिसई की जनता ने एक बड़े अंतराल के साथ दोनों बार जीत दिलाई है और इस बार कुल मतदान का लगभग 55 प्रतिशत वोट अकेले जीगा सुसारण होरो के हिस्से में आई है। इसलिए यह भी मंत्री पद के दावेदार हो सकते हैं। वहीं अगर बात करें तो गुमला विधायक भूषण तिर्की ने इस बार रिकॉर्ड मतों से विजय श्री का झंडा लहराया है। भूषण तिर्की की जीत के बढ़े हुए अंतराल को देखते हुए उनकी लोकप्रियता का अंदाजा लगाया जा सकता है। भूषण तिर्की भी मंत्री पद की दावेदारी में कहीं पीछे नहीं है और झारखंड राज्य अलग हो जाने के बाद लगातार दो बार विधायक पद को सुशोभित करने वाले गुमला विधानसभा क्षेत्र के यह पहले विधायक हैं। तीनों विधायकों में किसी के सर पर मंत्री पद का ताज सजेगा या नहीं यह कहना तो अभी मुश्किल है, लेकिन गुमला जिले के इन तीनों विधायकों की दावेदारी प्रबल है। वैसे सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंत्री पद की जिम्मेदारी देने का फैसला अपने पास सुरक्षित रखा हुआ है। इस बार झामुम के विधायकों के बीच जितने मंत्री पद बांटे जाने की सूचना है इन नामों में से गुमला जिला के किसी विधायक का नाम आता है या नहीं आता है यह आने वाले दो एक दिनों में साफ हो जाएगा।

# अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटा पिता की हुई मौत, बेटा गंभीर

## गिट्टी गिराकर सलतुआ की ओर जाने के क्रम में हुआ हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**चैनपुर/पलामू।** चैनपुर थाना अंतर्गत सलतुआ व रबदा पंचायत के सिवान पर सोमवार की शाम एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि उसपर सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गया। मृतक की पहचान मुस्लिम अंसारी के रूप में हुई है। वह सेमरा गांव का रहने वाला था। घटना की सूचना पाकर खुरा पिकेट पुलिस दल बल के साथ मौके पर पहुंच गयी और शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेजवा दिया। वहां से पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा। जबकि घायल चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संदर्भ में खुरा पिकेट प्रभारी सुखदेव महली ने बताया कि कुमनी में गिट्टी गिराकर सलतुआ की ओर जा रहा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना में मुस्लिम अंसारी की मौके पर ही मौत हो गयी, जो चालक का रिश्ते में पिता था। वहीं, बेटे को भी गंभीर रूप से चोट आयी है। जिसे पुलिस ने उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ ट्रैक्टर।

# एनपीयू की टीम ने गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज का किया निरीक्षण, संसाधनों की जांच की

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की टीम ने सोमवार को छतरपुर के गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल कॉलेज का दौरा किया। इस दौरान कॉलेज की व्यवस्थाओं, संसाधनों एवं शिक्षण गुणवत्ता का मूल्यांकन किया। टीम में विश्वविद्यालय के कॉम डीन डॉ आइजे खलको, डॉ मृत्युंजय कुमार, साइंस डीन डॉ गजेंद्र सिंह एवं आर्ट्स डीन डॉ विनोद पाठक ने शामिल थे। कॉलेज पहुंचने पर टीम का स्वागत कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल और छात्राओं ने पारंपरिक तिलक लगाकर किया। इस दौरान टीम ने कॉलेज की साफ-सफाई, शिक्षण प्रक्रियाओं, पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, होम साइंस विभाग, गार्डेनिंग, और खेल मैदान जैसी सुविधाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण दल ने कॉलेज की व्यवस्थाओं और कर्मचारियों की कार्यशैली की प्रशंसा की। टीम ने देखा कि शिक्षक नियमित रूप से विद्यार्थियों को पढ़ा रहे हैं और छात्र पुस्तकालय में अध्ययन कर रहे हैं। कंप्यूटर लैब की तकनीकी गुणवत्ता और होम साइंस डिपार्टमेंट में उपलब्ध सुविधाओं की विशेष सराहना की गई। कॉलेज के कर्मचारियों द्वारा यूनिफॉर्म और आईडी कार्ड का पालन किए जाने को भी टीम ने पेशेवर कार्य संस्कृति का प्रतीक बताया। इस मौके पर कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य प्रो राजकिशोर लाल, प्रो अमित कुमार सिंह, प्रो अखिलेश सिंह और सफल कुमार मेहता ने टीम के सभी विभागों का भ्रमण कराया। टीम ने कॉलेज के शिक्षण व प्रशासनिक मानकों की प्रशंसा करते हुए इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रेरणादायक बताया। मौके पर कॉलेज के सभी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के साथ साथ कॉलेज के सभी संकायों के विद्यार्थी उपस्थित थे।



# मुमताज खान ने मतदाताओं का जताया आभार



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधानसभा से आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी मुमताज अहमद खान ने चुनाव परिणाम के बाद कहा कि परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहा। मैं इस जनादेश को भगवान का आदेश मानकर पूरे सम्मान के साथ स्वीकार करता हूं। यह हार मेरे संघर्ष और सेवा के मार्ग को रोक नहीं सकता। लोगों समर्थन और विश्वास मेरी ताकत है। यह हमेशा मेरे दिल में जीवित रहेगा। राजनीति केवल चुनाव जितने का नाम नहीं, बल्कि यह समाज में सकरात्मक बदलाव लाने की यात्रा है जिसे हम सब मिलकर तय करेंगे। मैं अपनी जिम्मेदारी और निष्ठा से आगे भी लोगों की सेवा करता रहूंगा। हम और आप मिलकर न केवल इस हार को, बल्कि आने वाले सभी कठिनाइयों को पार करेंगे। आपका विश्वास और समर्थन कभी कमजोर नहीं होने दूंगा। उन्होंने कहा कि मैं उन सभी मतदाताओं का हृदय से आभारी हूं जिन्होंने न केवल मेरे लिए मतदान किया। बल्कि मेरे क्षमता पर भरोसा कर जाने- अनजाने में प्रचार भी किया। उन्होंने दूसरी बार जीत विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता को बधाई भी दी है।

# छतरपुर पुलिस ने कुख्यात बदमाश सुजीत सिन्हा गिरोह के दो सदस्यों को दबोचा

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** छतरपुर थाना क्षेत्र में कुख्यात बदमाश सुजीत सिन्हा और उसके गिरोह के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो सहयोगितों को गिरफ्तार किया है। इनके किलाफ विभिन्न व्यवसायियों से रंगदारी मांगने और धमकी भरे संदेश भेजने का आरोप था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बदमाशों ने छतरपुर और आसपास के व्यवसायियों को धमकाते हुए पैसे नहीं देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी थी। इस कृत्य में इस्तेमाल किए गए मोबाइल फोन को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। उनकी पहचान राजा बाबू केसरी (20) और कार्तिकेय उर्फ सचिन (24) के रूप में हुई है। दोनों मूल रूप से उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले के मांडा खास गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। छतरपुर पुलिस ने सोमवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि बदमाशों के खिलाफ कार्रवाई जांच के दौरान मिले पुख्ता सबूतों के आधार पर की गई। पुलिस दोनों से पूछताछ कर उनके गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है। इस मामले में प्राथमिकी संख्या 203/24 के तहत भादवि का धारा 308 (3), 308 (4) बीएनएस 2023 दर्ज कर कार्रवाई की गई है। पुलिस ने क्षेत्र में सुरक्षा और शांति बनाए रखने का भरोसा दिलाया है।



# भाजपा नेता ने विश्रामपुर के मतदाताओं का जताया आभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं को बधाई दी। डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने नावाडीह कला स्थित आरसीआईटी कॉलेज परिसर में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर मतदाताओं को बधाई देते हुए कहा कि विश्रामपुर-मझिआंव क्षेत्र की जनता ने जो स्नेह और समर्थन दिया है, उसके लिए उनका हृदय से आभार है। इस बार के विस चुनाव में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने खूब मेहनत की। जनता ने भी समर्थन दिया। पर किन्हीं कारणों से पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी चुनाव नहीं जीत पाए। चुनाव में हार जीत तो लगी रहती है। चुनाव हारे हैं हौसला नहीं। पहले की तरह ही हम और हमारे पिता जी रामचंद्र चंद्रवंशी जनता की सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं का भी हौसला बढ़ाते हुए कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता कभी हारते नहीं हैं। जीतते हैं या सीखते हैं।



# एमकेडीएवी के तीन छात्रों का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

## विद्यालय के छात्र राष्ट्रीय स्तर ही नहीं, ओलंपिक में भी करें बेहतर प्रदर्शन : डॉ जीएन खान

'खेलो झारखंड' के लिए भी किये गये चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एमकेडीएवी पब्लिक स्कूल डालटेनगंज के तीन छात्र 'रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता' जो रोलर स्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वाधान में दो नवंबर को रांची खेल गांव में आयोजित थी। इस 14वीं झारखंड रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में प्रांत के सभी जिलों के कई विद्यालयों के 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें इस विद्यालय के 10वीं ब के छात्र शिवम कुमार ने 17 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर एवं 500 मीटर में रजत और 1000 मीटर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कक्षा तीसरी अ के छात्र अद्वैत रंजन ने 9 वर्ष आयु वर्ग में एवं 100 मीटर और 200 मीटर में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। जबकि कक्षा चौथी अ के छात्र रचित राज ने 11 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर में कांस्य पदक प्राप्त किया। अद्वैत रंजन एवं शिवम कुमार का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए हुआ है, जो 5 से 15 दिसंबर तक मैसूर में संपन्न होगा। सोमवार को विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में विजेता खिलाड़ियों को डीएवी पब्लिक स्कूल्स झारखंड क्षेत्र आई के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह प्राचार्य डॉ जीएन खान ने वरिष्ठ सहयोगियों के साथ मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में डॉ खान ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि इन छात्रों ने डीएवी के मुकुट में नगीना जड़कर इसकी चमक बढ़ाने का काम किया है। इसमें प्रांतीय स्तर पर डीएवी का यह प्रदर्शन गर्व का विषय है। डीएवी संस्थाएं खेलों को बढ़ावा देने एवं प्रधानमंत्री के खेलो इंडिया को पूरा करने में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। हमारे कई पूर्व छात्रों जैसे साक्षी मलिल्क, नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, अभिनव बिंद्रा आदि ने ओलंपिक में पदल लाकर भारत के मस्तक को ऊंचा किया है। उनके प्रदर्शन पर जब अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराया जाता है तो 140 करोड़ हिंदुस्तानियों का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। आज के ये खिलाड़ी अगर अपना प्रयास जारी रखें तो ओलंपिक का दरवाजा उनके लिए सदैव खुला रहेगा, जहां करोड़ों के पैकेज उनकी प्रतीक्षा कर रहे होंगे। ये सभी खेल एसजीएफआई द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। अतः इन खिलाड़ियों को उनके उच्च शिक्षा एवं नौकरियों में भी अधिभार प्राप्त होगा जो उनके सुखद जीवन का आधार बनेगा। प्राचार्य ने खिलाड़ियों एवं उनके माता-पिता को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान किया।




# विधायक आलोक चौरसिया के 10 वर्षों के विकास कार्य को देख कर जनता ने दिया वोट : गायत्री देवी

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के मझिगवां गांव में सोमवार को डाल्टनगंज-भंडरिया विधानसभा के विधायक आलोक कुमार चौरसिया के आवास पर प्रखण्ड प्रमुख गायत्री देवी ने मिलकर जीत की बधाई दी। प्रमुख गायत्री देवी ने कहा कि क्षेत्र का चहुमुखी विकास हो इसके लिए जनता ने विश्वास के साथ तीसरी बार आलोक कुमार चौरसिया को आशिर्वाद देकर विधायक चुना है। उन्होंने कहा कि विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने पिछले 10 वर्षों में क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने का काम किया है जिसका परिणाम है कि क्षेत्र की जनता ने तीसरी बार भारी बहुमत के साथ चुनाव में वोट देकर जिताया है। उनके नेतृत्व में क्षेत्र का विकास होगा और अधूरे काम पूरे किये जायेंगें।



## स्पोर्ट्स



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पर्थ टेस्ट में सोमवार को चौथे ही दिन भारत ने आस्ट्रेलिया को 295 रनों की करारी हार का स्वाद चखाया। आठ विकेट लेने वाले बुमराह मैन अफ द मैच।

## पर्थ टेस्ट : दूसरी पारी में 238 रन पर सिमटी कंगारू टीम

# भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 295 रन से हराया

जसप्रीत बुमराह 8 विकेट लेकर बने 'प्लेयर ऑफ द मैच'

## ऑस्ट्रेलिया में भारत की अब तक की सबसे बड़ी टेस्ट जीत

**पर्थ (एजेंसी)।** भारत ने ऑस्ट्रेलिया को बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के पहले टेस्ट में 295 रन से हरा दिया है। टीम ने 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मुकाबला छह दिसंबर से एडिलेड में खेला जाएगा। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में सोमवार को मैच के चौथे दिन 534 रन का पीछा कर रही कंगारू टीम दूसरी पारी में 238 रन पर ऑलआउट हो गई। इससे पहले भारत ने छह विकेट पर 487 रन पर दूसरी पारी घोषित कर दी थी। टीम इंडिया ने पहली पारी में 150 रन बनाए थे। जवाब में ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 104 रन पर सिमट गई थी। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में यह ऑस्ट्रेलिया की पहली हार है। टीम ने इससे पहले 4 मैच खेले थे और सभी जीते थे। यह ऑस्ट्रेलिया में भारत की अब तक की सबसे बड़ी टेस्ट जीत है। इससे पहले 222 रन की सबसे बड़ी जीत थी, जब टीम ने 1977 में मेलबर्न में हराया। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 3-3 विकेट लिए। ट्रैविस हेड (89) ने अर्धशतक लगाया। बुमराह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने पहले पारी में 5 विकेट लिए थे। बतातें चलें कि 2021 में गाबा में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ने के बाद भारत ने अब पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया का घमंड तोड़ा है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में चार टेस्ट खेले थे और सभी जीते थे। पांचवें में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। पहले मैच पर्थ के वाका स्टेडियम में खेले जाते थे। हालांकि, 2018 से ऑप्टस स्टेडियम में मैच खेले जाने लगे। पर्थ (वाका, 2008), एडिलेड (2008), गाबा (2021) और अब पर्थ (ऑप्टस)...भारत ने ऑस्ट्रेलिया में कुछ ऐतिहासिक मैच जीते हैं।




### डब्ल्यूटीसी प्वाइंट्स टेबल में भारत फिर टॉप पर पहुंचा

पर्थ मैच जीतने के बाद भारत वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2023-25 सीजन के पॉइंट्स टेबल में फिर टॉप पर पहुंच गया है। टीम के अब 61.11% पॉइंट्स हो गए हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की टीम (57.69%) दूसरे नंबर पर खिसक गई है।

# 13 साल के वैभव सूर्यवंशी बने करोड़पति, सबसे युवा बायें हाथ के बल्लेबाज को राजस्थान ने खरीदा

## भुवनेश्वर कुमार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 10.75 करोड़ में खरीदा

आज 10 करोड़ के पार जाने वाले भुवनेश्वर पहले खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सऊदी अरब के जेद्दाह में आइपीएल मेगा ऑक्शन का सोमवार को दूसरा दिन चल रहा है। इस दिन सबसे बड़ी बोली हैदराबाद के पेसर भुवनेश्वर कुमार पर लगी। उन्हें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 10.75 करोड़ में खरीदा। आज 10 करोड़ के पार जाने वाले पहले प्लेयर भी भुवनेश्वर ही बने। वहीं, 13 साल के वैभव सूर्यवंशी को राजस्थान ने 1.10 करोड़ की कीमत में खरीदा है। वैभव बिहार के समस्तीपुर के रहने वाले हैं। उन्होंने 2 महीने पहले अंडर-19 टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शतक लगाया था। वहीं, दिल्ली के बल्लेबाज प्रियांश आर्या को पंजाब ने बेस प्राइस से करीब 13 गुना यानी 3.80 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपए था। यह उनका आइपीएल डेब्यू होगा। प्रियांश ने दिल्ली प्रीमियर लीग में 6 गेंद में 6 छक्के लगाए थे।वहीं, ऑस्ट्रेलियाई पेसर नाथन एलिस को चेन्नई ने 2 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 1.25 करोड़ रुपए था। पिछले साल वे पंजाब से खेले थे। इंग्लिश ऑलराउंडर जैकब बेथेल को बेंगलुरु ने 2.60 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 1.25 करोड़ रुपए था। यह उनका आइपीएल डेब्यू होगा। दिल्ली के बल्लेबाज प्रियांश आर्या को पंजाब ने बेस प्राइस से करीब 13 गुना यानी 3.80 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपए था। ऑलराउंडर विल जैक्स को मुंबई ने 5.25 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए था। बेंगलुरु ने उनके लिए अपना एटीएम कार्ड यूज नहीं किया है। पिछले सीजन में वे बेंगलुरु से खेले थे, उन्होंने 8 मैच में 230 रन बनाए थे। उन्होंने गुजरात के खिलाफ शतक लगाया था। उनका स्ट्राइक रेट 175 है। इस डील के बाद टकफ्रेंचाइजी के आकाश अंबानी ने आरसीबी की डेस्क पर जाकर हाथ मिलाया। लेफ्ट आर्म पेसर गुरजनप्रीत सिंह को चेन्नई ने 2.20 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 30 लाख रुपए था। यह गुरजनप्रीत का आइपीएल डेब्यू होगा। लेफ्ट आर्म पेसर स्पेंसर जॉनसन को कोलकाता ने 2.80 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए था। पिछले सीजन में वे गुजरात से खेले थे। साई किशोर को गुजरात ने आटीएम कार्ड यूज कर 2 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 75 लाख रुपए था। पिछले सीजन में वे गुजरात से ही खेले थे। वहीं, अजमतुल्लाह उमरजई को पंजाब ने 2.40 करोड़ रुपए में खरीदा। उनका बेस प्राइस 1.50 करोड़ रुपए था। पिछले सीजन में वे बेंगलुरु से खेले थे।



आजाद सिपाही
रांची, मंगलवार, 26 नवंबर, 2024
www.azadsipahi.in
11

# फुसरो-जैनामोड़ मार्ग पर दुबारा शुरू हुई कोयला-छाई ढुलाई से फैल रहा प्रदूषण, ग्रामीण बना रहे फिर से आंदोलन का मन

## समस्या को लेकर आज पिछरी के पुराना पंचायत भवन के समीप बैठक कर होगी समीक्षा

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिछरी/बेरमो।** फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग पर फिर से हाईवा से ओवरलोड छाई व कोयला की ढुलाई शुरू हो गयी है. इससे आमजन को काफी परेशानी हो रही है। ओवर लोड हाईवा से छाई व कोयला का चूर्ण सड़क पर गिरने से स्थानीय निवासी सहित राहगीरों को मुश्किलें हो रही है। फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग के पिछरी मेन रोड के एनआर वर्कशॉप, जेहरा थान स्थित पुल के पास सड़क के कई स्थानों पर छाई सड़क पर गिरने से जनता परेशान हो रही है। इसके विरोध में एनआर वर्कशॉप के कई ग्रामीणों ने छाई लोड गाड़ियों को रोक दिया। जिससे सड़क दोनों किनारे गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। सड़क जाम की सूचना पाकर ट्रांसपोर्टिंग के मालिक द्वारा सड़क पर गिरे छाई को सड़क पर से हटाया गया। सीसीएल के विभिन्न कोलियरियों से कोयला व डीवीसी, बीटीपीएस थर्मल पॉवर प्लांट से छाई लोड गाड़ियों का परिचालन होता है। उक्त छाई व कोयला ट्रांसपोर्टिंग करने वाले नियमों की अवहेलना करते हैं। ओवरलोड ट्रांसपोर्टिंग करने वाले गाड़ियों द्वारा फटे तिरपाल इस्तेमाल करने से छाई व कोयल का कण के साथ ही कोयला के बड़े-बड़े टुकड़े सड़कों पर गिर जाते है। जिसके फैलने से सड़क पर प्रदूषण हो रहा है। इससे सड़क किनारे रहने वाले लोग प्रभावित हो रहे हैं। उनके घरों में छाई की मोटी परत जम जा रही है। खाने-पीने के चीजों में भी छाई पड़ जाने से बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। उक्त मार्ग पर चलने वाले बाइक एवं साइकिल सवार दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। बतातें चलें कि प्रदूषण के प्रतिवाद में पिछरी, तांतरी, तुपकाडीह, मानगो खुटरी के ग्रामीणों ने करीब दो महीना तक आंदोलन किया था। जिस कारण प्रशासन की ओर से प्रदूषण के रोकथाम को लेकर कई बार बैठक भी की गई। लेकिन प्रशासन की ओर से सिर्फ आश्वासन ही मिला। जिससे नाराज होकर ग्रामीण सड़क पर उतर कर आंदोलन करने लगे थे। इस बीच झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा के कारण आंदोलन को स्थगित करना पड़ा। कई ग्रामीणों ने बताया कि चुनाव अब समाप्त हो गया है। अब सीसीएल के विभिन्न कोलियरियों से कोयला व डीवीसी, बीटीपीएस थर्मल पॉवर प्लांट इस पर ध्यान दे। फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग में हाईवा वाहन से छाई ट्रांसपोर्टिंग से होने वाले वायु प्रदूषण के खिलाफ तुपकाडीह, मानगो, तांतरी व पिछरी आदि के गांव के प्रमुख लोगों की बैठक 26 नवंबर को पिछरी स्थित पुराना पंचायत भवन के समीप होगी। उक्त जानकारी आंदोलनकारी सूरज महतो ने दी। कहा कि बैठक में पिछले दिनों हुई आंदोलन किया गया और वार्ता की समीक्षा की जाएगी।

# उत्पाद विभाग की छापामारी भारी मात्रा में स्प्रिट जब्त



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** जिला उत्पाद बल ने चास मुफस्सिल थाना अंतर्गत तेलमच्चो टोल प्लाजा के पास गश्ती के दौरान एक नीले रंग के इंट्रा पिकअप की तलाशी के दौरान उस पर लगे सब्जी के कैरेट के नीचे छिपाकर अवैध तरीके से ले जाये जा रहे 41 नीले रंग के जरकीन में अवैध सुशव स्पिरिट जब्त किया है। साथ ही संलिप्त अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया जा रहा है। छापामारी दल में निरीक्षक उत्पाद विजय कुमार पाल, अवर निरीक्षक सदर सह तेनुघाट, सन्नी विवेक तिर्की, अवर निरीक्षक बेरमो सह चंदपुरा महेश दास आदि शामिल थे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाला भव्य विजय जुलूस

# आशीर्वाद देने वाले झरियावासियों की उम्मीदों को कभी टूटने नहीं दूंगी : रागिनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**निरसा।** झारखंड विधानसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद पहली बार भाजपा की पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता में निरसा के पोद्दरडीह स्थित पार्टी कार्यालय में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन किया। उन्होंने कहा कि निरसा की जनता ने उन्हें विधानसभा चुनाव में जो आपार समर्थन दिया है। उसके लिए वे आभारी है। कुछ मतों से भाजपा निरसा का सीट हार गयी है। इसकी समीक्षा की जा रही है। चुनाव का नतीजा आने के कुछ ही घंटों बाद ही जिस तरह से निरसा को अशांत करने का प्रयास किया गया है। उसे बर्दास्त नहीं करेंगी। निरसा की जनता शांति प्रिय है। निरसा की जनता ने विकास के लिए उनपर भरोसा जताया है। इसलिए वो विकास करें ना की निरसा की जनता को आपस में लड़ाने का प्रयास करें। पिछले पांच वर्षों तक निरसा की जनता शांतिपूर्ण माहौल में जी रही थी। चुनाव की घोषणा के बाद निरसा विधानसभा के हर क्षेत्रों से घटना की सूचना मिल रही हैं। कहीं डकैती, कहीं रंगदारी तो कहीं मारपीट की सूचना मिल रही हैं। प्रशासन से मांग है कि गश्ती में तेजी लाए और हर क्षेत्रों में हर गतिविधियों पर नजर रखे. क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों को चिन्हित कर सलाखों के पीछे भेजे। निरसा की जनता शांतिप्रिय हैं उसे अशांत ना करें। अगर निरसा की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं को कोई छेड़ेगा तो हम उसे नहीं छोड़ेंगें।

# धनबाद के तेलीपाड़ा में अधेड़ का शव बरामद



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत तेलीपाड़ा शमशान रोड से सोमवार को एक वृद्ध व्यक्ति का शव लावारिस हालत में बरामद किया गया। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। बताया जा रहा कि स्थानीय लोगों द्वारा 100 नंबर पर डायल कर पुलिस को इसकी सूचना दी गयी। खबर पाते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। उसकी पहचान जुटाने में जुट गई है। वहीं, स्थानीय युवक अमित साव की मानें तो मृतक घर-घर भिक्षाटन कर अपना गुजर बसर कर रहा था। मृतक की उम्र 50 से 55 साल के बीच बताई जा रही है।

# पंख एक नयी दिशा ने मंदबुद्धि लड़की को दिलाया आश्रय



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** 'पंख एक नयी दिशा' संस्था ने मंदबुद्धि बच्ची को मिशनरीस में अपने प्रयासों से आश्रय दिलवाया। पंख एक नई दिशा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से पिंकी गुप्ता की अध्यक्षता में संस्था के सभी सदस्य पिछले चार महीने से उक्त लड़की की मदद कर रहे थे। जिसकी उम्र 29 वर्ष है। वह धनबाद जिले के टुंडी की रहने वाली हैं। उसे मिशनरीस में आश्रय दिलवाने की कोशिश में थे। संस्था को सोमवार को कामयाबी मिली। इस लड़की को रखवाने की सारी कागजी प्रकिया पूरी हो गई है। संस्था के अध्यक्ष ने कहा कि आज हम लोग बहुत खुश है कि हमारी मेहनत रंग लाई। अब इस मंदबुद्धि लड़की को रहने के लिए छत और तीनों वक्त का खाना मिल सकेगा। इस मौके पर संस्था की सुषमा प्रसाद, नम्रता गुप्ता, गायत्री गुप्ता, कल्पना रंजन, मनीष गुप्ता, शशि शेखर गुप्ता आदि मौजूद थे।

# झारखंड में मजहब की कोई लड़ाई नहीं है: हफीजुल हसन

रांची जाने के क्रम में जैनामोड़ चौक पर कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**जैनामोड़/बेरमो।** मधुपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक हफीजूल हसन रांची जाने के क्रम में जैनामोड़ में कुछ देर के लिए रूके थे। जहां आइएनडीआइए गठबंधन के कार्यकर्ताओं-समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने जैनामोड़ स्थित बाबा तिलका मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद रांची के लिए रवाना हो गया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि झारखंड में मजहब की कोई लड़ाई नहीं है। विकास के मुद्दे की बात की जाती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने जो भी वादा किया है उसे जरूर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर आजाद अंसारी, अकबर अंसारी, खलील अंसारी, आशिक अंसारी, तबरेज आलम, मुख्तार अंसारी, जरीडीह प्रखंड झामुमो अध्यक्ष पंकज मरांडी, मोहन मूर्मू, अम्बिका देवी, मीना देवी सहित सैंकड़ों ग्रामीण-कार्यकर्ता मौजूद थे।

# बाघमारा से शत्रुघ्न महतो की जीत पर देवग्राम बैद्धनवाडीह में ग्रामीणों के बीच बंटे रसगुल्ले



आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शत्रुघ्न महतो की ऐतिहासिक जीत की खुशी में युवा भाजपा नेता टिलू माजि द्वारा पश्चिम बंगाल के बने गुड़ की 5 हजार रसगुल्ले देवग्राम-बैद्धनवाडीह में बांटा गया। माजि के निर्देश पर समर्थको ने घर-घर जाकर मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि यह जीत बाघमारा के एक-एक मतदाताओं और भाजपा कार्यकर्ताओं की है। इस जीत के लिए सांसद ढुल्लू महतो बधाई के पात्र है। बाघमारा में अब विकास का कार्य दोहरे गति से होगी। गरीब दलित मजदूर शोषित लोगों को उनका हक अधिकार मिलेगा।

**उपायुक्त का कार्यालय, हजारीबाग**
**(नजारत शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

माननीय न्यायाधीश (से0नि0) श्री धनंजय प्रसाद सिंह, अध्यक्ष, सिख विरोधी दंगा आयोग, राँची से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में वर्ष 1984 सिख विरोधी दंगा में हजारीबाग जिलान्तर्गत Sri Balwant Singh को राहत मुआवजा भुगतान किए जाने का निर्देश है।

उक्त अनुशंसा के आलोक में एतद् द्वारा विभिन्न दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से 1984 सिख विरोधी दंगा पीड़ित लाभुक Sri Balwant Singh को सूचित किया जाता है कि वे माननीय न्यायाधीश, सिख विरोधी दंगा आयोग, राँची से आदेशित मुआवजा भुगतान संबंधित दस्तावेजों / माननीय आयोग में समर्पित दस्तावेजों की प्रति के साथ अपना दावा उपायुक्त का कार्यालय, जिला नजारत शाखा, हजारीबाग में दिनांक 05.12.2024 तक अविलम्ब प्रस्तुत करना सुनिश्चि करें ताकि मुआवजा का भुगतान यथाशीघ्र किया जा सके।

प्रभारी पदाधिकारी,
नजारत शाखा, हजारीबाग

PR 340309 District(24-25)#D

**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा**

राष्ट्रीय लोक अदालत
दिनांक : 14 / 12 / 2024 (शनिवार)
समय : 10:30 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक
स्थान:- व्यवहार न्यायालय परिसर, कोडरमा

**सर्वसाधारण को सूचना**

विदित हो कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के तत्वावधान एवं झारखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के नेतृत्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा के द्वारा दिनांक 14 / 12 / 2024, दिन शनिवार, **समय 10:30** बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक व्यवहार न्यायालय, कोडरमा के परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे निम्नलिखित मामलों का निष्पादन किया जाएगा

| | |
|---|---|
| सभी प्रकार के दिवानी मामले | वाहन दुर्घटना से संबंधित मामले |
| सुलहनीय अपराधिक मामले | बिजली व जल के बिल से संबंधित मामले (अशमनीय मामले को छोडकर) |
| बैंक सर्टिफिकेट केस | उत्पाद व वन विभाग से संबंधित मामले |
| वैवाहिक पारिवारिक मामले (विवाह विच्छेद को छोडकर) | माप तौल विभाग से संबंधित मामले |
| श्रम संबंधित मामले | चेक बाउन्स से संबंधित मामले |
| भू.अधिग्रहण से संबंधित मामले | विवाद पूर्व निस्तारण योग्य मामले |
| राजस्व संबंधित मामले | मनी रिकवरी केस |
| वेतन व भता व सेवा निवृति लाभ से संबंधित सर्विस मामले | अन्य सुलहनीय मामले |

अतः सामान्य जनता से अनुरोध है कि वे अपने उपरोक्त वर्णित मामलों से सम्बन्धित वादों को उक्त लोक अदालत में निष्पादित कर लाभान्वित हों।

अनुदीप सिंह
पुलिस अधीक्षक–सह सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
कोडरमा

मेघा भारद्वाज
उपायुक्त –सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
कोडरमा

बाल कृष्ण तिवारी
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह अध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार,
कोडरमा

नोटः इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर 10:30 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराहन तक कोडरमा, सिविल कोर्ट में अवस्थित जिला न्याय सदन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में सचिव से मोबाईल के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

निवेदकः
गौतम कुमार
सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, कोडरमा

PR 340290 (Law)24-25*D मो0 6200937857


# निरसा में अपराध व भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला बर्दाश्त नहीं: अपर्णा

## चुनाव में मिली हार के बाद पहली बार संवाददाता सम्मेलन किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**निरसा।** झारखंड विधानसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद पहली बार भाजपा की पूर्व विधायक अपर्णा सेनगुप्ता में निरसा के पोद्दरडीह स्थित पार्टी कार्यालय में सोमवार को संवाददाता सम्मेलन किया। उन्होंने कहा कि निरसा की जनता ने उन्हें विधानसभा चुनाव में जो आपार समर्थन दिया है। उसके लिए वे आभारी है। कुछ मतों से भाजपा निरसा का सीट हार गयी है। इसकी समीक्षा की जा रही है। चुनाव का नतीजा आने के कुछ ही घंटों बाद ही जिस तरह से निरसा को अशांत करने का प्रयास किया गया है। उसे बर्दास्त नहीं करेंगी। निरसा की जनता शांति प्रिय है। निरसा की जनता ने विकास के लिए उनपर भरोसा जताया है। इसलिए वो विकास करें ना की निरसा की जनता को आपस में लड़ाने का प्रयास करें। पिछले पांच वर्षों तक निरसा की जनता शांतिपूर्ण माहौल में जी रही थी। चुनाव की घोषणा के बाद निरसा विधानसभा के हर क्षेत्रों से घटना की सूचना मिल रही हैं। कहीं डकैती, कहीं रंगदारी तो कहीं मारपीट की सूचना मिल रही हैं। प्रशासन से मांग है कि गश्ती में तेजी लाए और हर क्षेत्रों में हर गतिविधियों पर नजर रखे. क्षेत्र में अशांति फैलाने वालों को चिन्हित कर सलाखों के पीछे भेजे। निरसा की जनता शांतिप्रिय हैं उसे अशांत ना करें। अगर निरसा की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं को कोई छेड़ेगा तो हम उसे नहीं छोड़ेंगें।




# मोदी और अमित शाह ओड़िशा के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं

**पहली बार डीजी, आइजी की कांफ्रेंस भुवनेश्वर में होगी।**

**सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के डीजीपी शामिल होंगे।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ओड़िशा के तीन दिवसीय दौरे पर आ रहे हैं. प्रधानमंत्री 29 नवंबर को ओडिशा आ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 दिसंबर की दोपहर तक ओड़िशा में रहेंग। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भुवनेश्वर में पहली बार डीजी और आईजी सम्मेलन में भाग लेंगे। कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने यह







जानकारी दी। प्रधानमंत्री खुद सम्मेलन के अंत तक मौजूद रहेंगे।

उनके साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी तीन दिनों तक ओड़िशा में रहेंगे और सम्मेलन में भाग लेंगे। इस 3 दिवसीय सम्मेलन 29 नवंबर से लोकसेवा भवन कांफ्रेंस हॉल में शुरू होगा। पहली बार डीजी, आईजी कांफ्रेंस भुवनेश्वर में होने जा रही है। सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के डीजीपी शामिल होंगे।

## इडी के छापेमारी की दौरान 1.39 करोड़ रुपये जब्त



भुवनेश्वर (आजाद सिपाही) प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने मेसर्स जेड एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड (जेडईपीएल) और अन्य के खिलाफ की जा रही जांच के सिलसिले में तलाशी अभियान चलाते हुए कथित तौर पर 1.39 करोड़ रुपये की बेहिसाबी नकदी जब्त की है। जेड एस्टेट्स प्राइवेट लिमिटेड (जेडइपीएल) और अन्य के खिलाफ की जा रही जांच के सिलसिले में 22 नवंबर को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा), 1999 के प्रावधानों के तहत ओडिशा, दिल्ली और गुरुग्राम में 9 स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया।


# 26 नवंबर से विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू होगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** विधानसभा का शीतकालीन सत्र अगले 26 नवंबर यानी मंगलवार से शुरू होगा। इससे पहले वाचस्पति सूरमा पाढ़ी की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हो रही है। इस बैठक में मुख्यमंत्री, विपक्षी दल के महासचिव, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रमुख मौजूद हैं।

26 तारीख से शुरू होने वाला शीतकालीन सत्र 31 दिसंबर तक चलेगा। सरकार 26 तारीख को एक अतिरिक्त बजट पेश करेगी। इस सत्र में कुल 30 कार्य दिवस होते हैं।




# रेलवे के महाप्रबंधक ने अनुकरणीय सतर्कता के लिए रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे मुख्यालय में आयोजित एक संबर्धना समारोह में, महाप्रबंधक श्री परमेश्वर फूंकवाल ने ड्यूटी के दौरान सेवा और सतर्कता के लिए तीन रेलवे कर्मचारियों के असाधारण प्रदर्शन को मान्यता दी। उनकी त्वरित कार्रवाइयों ने बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने, ट्रेन संचालन की सुरक्षा और अखंडता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस संबर्धना कार्यक्रम में अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री महेस कुमार बेहेरा प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया और पूर्व तट रेलवे में सुरक्षा के प्रति सामूहिक प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला। मुनिगुडा स्टेशन पर ट्रैक मेंटेनर श्री योगेश कुमार, टीपीएमए/हुम्मा के श्री प्रद्युम्न कुमार पंडा और टीपीएमए/आरंगमहानदी के श्री



प्रेमजीत आचार्य को सम्मानित करते हुए महाप्रबंधक श्री फूंकवाल ने ट्रेनों के सुरक्षित और कुशल संचालन को सुनिश्चित करने की चुनौती स्वीकार करने के लिए गैंगमैन, ट्रॉलीमैन, गेटमैन, ओएचई खलासी और अन्य रखरखाव कर्मचारियों के समर्पित प्रयासों की सराहना की। महाप्रबंधक ने उनकी कड़ी मेहनत को पहचानने पर जोर दिया और सभी रेलवे कर्मचारियों को यात्रियों के लिए सुचारू और सुरक्षित संचालन के लक्ष्य को मजबूत करके अपने कर्तव्यों में ईमानदारी और सतर्कता बनाए रखने की सलाह दी। श्री फूंकवाल ने कहा, ₹प्रत्येक कर्मचारी की कड़ी मेहनत हमारे रेल नेटवर्क की सुरक्षा में योगदान देती है। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुरक्षित यात्रा जारी रखने के लिए हमें सतर्क रहना होगा।

# ओड़िशा सरकार ने विधायक हिमांशु शेखर साहू मामले की जांच अपराध शाखा को सौंपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार ने रविवार को धर्मशाला विधायक हिमांशु शेखर साहू पर हमले के मामले की जांच राज्य अपराध शाखा को सौंप दी। राज्य सरकार के आदेशानुसार धर्मशाला विधायक पर हमला, सड़क जाम करने और थाने का घेराव करने समेत तीन मामलों की जांच के लिए डीएसपी सरोज कांत मोहंता




के नेतृत्व में छह सदस्यीय टीम गठित की गयी है। उल्लेखनीय है कि धर्मशाला विधायक पर 20 नवंबर को बिरजा हाट में सड़क जाम करने के दौरान कुछ लोगों ने हमला किया था, जिसके बाद हाथापाई हुई थी। इस मामले में कथित तौर पर जुड़े होने के आरोप में अब तक पूर्व विधायक प्रणब प्रकाश दास (बॉबी) के भाई भवप्रसाद दास (लाल) समेत कुल 18 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने कथित तौर पर बॉबी के दूसरे भाई बलभद्र दास और जाजपुर नगर परिषद के उपाध्यक्ष संतोष मलिक के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

## ओड़िशा समुद्र तट पर विशाल शार्क देखी गयी



**बरहामपुर (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के गंजम जिले के सोनापुर समुद्र तट पर सोमवार को एक विशाल शार्क देखी गयी और इस समुद्री जीव को देखने के लिए मौके पर भारी भीड़ जमा हो गयी। सूत्रों के अनुसार, करीब 10 फीट लंबी यह विशालकाय शार्क आज सुबह समुद्र तट पर मिली, जिसके शरीर पर कुछ चोट के निशान हैं। हालांकि, स्थानीय मछुआरे वन कर्मियों के साथ मिलकर इसकी अच्छी तरह से देखभाल कर रहे हैं और इसे वापस समुद्र के गहरे पानी में भेजने की कोशिश कर रहे हैं। आमतौर पर शार्क समुद्र के अंदर बहुत गहराई में पाई जाती हैं। शार्क को देखने के लिए कई पर्यटक और कुछ स्थानीय निवासी मौके पर पहुंचे। इसके अलावा, उन्होंने अपने जीवन के सबसे दुर्लभ क्षणों में से एक को अपने मोबाइल फोन में कैद कर लिया। उनमें से कुछ लोग दूसरों के साथ साझा करने और अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करने के लिए इसके साथ सेल्फी लेने में भी व्यस्त थे।




# भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव : अतीत की स्मृतियां

शिलादित्य सेन

पायल कपाड़िया की फिल्म के लिए आईनॉक्स के सामने लंबी कतार लगी है, मेरे पीछे और भी कई लोग खड़े हैं। 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' इस साल पणजी में भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के पहले दिन दिखाई गई थी। मृणाल सेन की फिल्म 'खारिज' ने वर्ष 1983 में कान में जूरी पुरस्कार जीता था और उसके चालीस साल बाद, पायल कपाड़िया ने इस साल कान में ग्रैंड प्रिक्स जीत कर फिर से अगली भारतीय निर्देशक बन कर इतिहास रच दिया। समाज के अलग-अलग तबके से आए लोग इस फिल्म को देखने के लिए सुबह 9 बजे ही एकत्रित हो गये। यह लोग देश के विभिन्न हिस्सों से गोवा आये हैं, जिनमें युवाओं से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। ऐसा लगता है कि जागने के बाद वे सीधे थिएटर ही आ गये हों, वो भी बिना नाश्ता पानी किये।



इस पल ने मुझे तीस साल पहले वर्ष 1995 की याद दिला दी जब अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव तत्कालीन बंबई में आयोजित किया गया था। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता फेडेरिको फेलिनी, जिनका कुछ समय पहले ही निधन हो गया था, उनकी फिल्में उस वर्ष महोत्सव में हर सुबह दिखायी जाती थीं। एक पूर्वव्यापी अनुभाग फेलिनी की फिल्मों को समर्पित था। मैं उस समय एक युवा पत्रकार और सिनेमा प्रेमी था। सिनेमा के प्रति जुनून में आकर, मैं सांता क्रूज से चर्चगेट तक भीड़-भाड़ वाली लोकल ट्रेनों में चढ़ता था और फिर मरीन ड्राइव के सुदूर छोर तक राष्ट्रीय कला प्रदर्शन केंद्र (एनसीपीए) तक पहुंचने के लिए जल्दी से नरीमन पॉइंट के लिए बस पकड़ता था।

हालांकि यह कोई सिनेमा हॉल नहीं था, लेकिन राष्ट्रीय कला प्रदर्शन केंद्र (एनसीपीए) का प्रदर्शन अद्भुत था। यहां मैने पहली बार इलेक्ट्रॉनिक उप-शीर्षक देखा। फेलिनी की फिल्म में नीले समुद्र के मनमोहक दृश्य, उसके बाद स्क्रीनिंग के अंत में मरीन ड्राइव का शानदार समुद्र तट, साथ में कटिंग चाय और पाव भाजी... भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव मेरे जैसे फिल्म-प्रेमियों के लिए धरती पर स्वर्ग ला सकता है और अब, जब एक और तटीय शहर पणजी इस फिल्म महोत्सव के आयोजन के लिए स्थायी स्थल बन गया है, तो भी अच्छी फिल्में देखने का मेरा उत्साह कम नहीं हुआ है।

ऐसा पहली बार था जब मैंने पीआइबी के प्रेस-कार्ड के साथ महोत्सव में फिल्में देखीं। पीआइबी के इस कार्ड के साथ मेरा फिल्म महोत्सव में फिल्में देखना अब भी जारी है। मेरे पिता का निधन और कोविड 19 से संक्रमित होने जैसे व्यक्तिगत कारणों की वजह से एक या दो बार छोड़ कर मैं हमेशा इस फिल्म महोत्सव में शामिल होता रहा हूं। भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने मेरे लिए सिनेमा की पूरी दुनिया खोल दी हैं। इस महोत्सव ने मुझमें और अच्छी फिल्में देखने की ऐसी लालसा पैदा की कि अब भी, यह मुझे सिनेमा के प्यार के लिए दुनिया भर में यात्रा करने पर मजबूर कर देता है।

जिस शहर में मेरा जन्म हुआ, उस कोलकाता ने दो विश्व प्रसिद्ध फिल्म निर्माताओं - सत्यजीत रे और मृणाल सेन को जन्म दिया है। इन दो दिग्गजों ने हमें सिखाया कि सिनेमा की कला को हमेशा क्षेत्रवाद से ऊपर उठना चाहिए और एक राष्ट्रीय और संभवतः वैश्विक परिप्रेक्ष्य रखना चाहिए।

उस समय भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन हमारे विशाल देश के विभिन्न शहरों में किया जाता था। हर वैकल्पिक वर्ष में आयोजन स्थल दिल्ली ही होता था, जबकि बीच-बीच में यह फिल्म महोत्सव बॉम्बे, त्रिवेंद्रम, हैदराबाद, कलकत्ता जैसे शहरों में भी आयोजित होता रहा। वर्ष 2004 से, खूबसूरत राज्य गोवा को भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए एक स्थायी स्थल बना दिया गया। तब से, सिनेमा प्रेमियों का स्वागत स्क्रीनिंग के साथ-साथ गोवा बीच पर ताजा समुद्री हवा से किया जाता है। कला अकादमी के ठीक पीछे समुद्र है, जहां वर्षों से महोत्सव में कई अच्छी फिल्में दिखायी जाती रही हैं। अब उस स्थान को एक सेमिनार हॉल में बदल दिया गया है, जहां फिल्म जगत के लोग और विद्वान सिनेमा के सैद्धांतिक पहलुओं पर चर्चा करते हैं। फिल्म प्रेमियों के लिए विभिन्न सार्वजनिक व्याख्यानों की व्यवस्था की जाती है। सिनेमा केवल मनोरंजन ही नहीं करता, बल्कि हमारे नैतिक मूल्यों को भी शिक्षित करके उन्हें आकार देता है। भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने आधी सदी से साल दर साल इस दिशा में ठोस प्रयास किये है। महोत्सव के आयोजकों ने उभरते फिल्म निर्माताओं को निपुण निर्देशकों से मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक नया कार्यक्रम भी शुरू किया है। इस साल, भारतीय नवोदित निर्देशकों को पुरस्कार देने की एक श्रेणी शुरू की गयी है। ये पहल निश्चित रूप से देश की सिनेमा संस्कृति को फलने-फूलने में मदद कर सकती हैं।

वर्ष 2000 में नयी सहस्राब्दी की शुरुआत में, भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव का आयोजन दिल्ली में किया गया था। उस समय केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री स्वर्गीय अरुण जेटली थे। प्रसिद्ध फिल्म निर्माता मृणाल सेन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता अनुभाग के जूरी अध्यक्ष थे, जबकि प्रसिद्ध ईरानी फिल्म निर्देशक अब्बास किरोस्तामी जूरी सदस्य थे और प्रसिद्ध अभिनेता सौमित्र चटर्जी उस फिल्म महोत्सव के मुख्य अतिथि थे। मैं उस वर्ष भारतीय पैनारोमा अनुभाग का जूरी सदस्य भी था, और इसलिए मुझे सिनेमा जगत के इन दिग्गजों के साथ एक ही होटल में ठहरने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ। स्क्रीनिंग में भाग लेने के पूरे दिन के अंत में, हम सच्चे बंगालियों की तरह अड्डा में शामिल होते थे। मृणाल बाबू, जो पूरा दिन किरोस्तामी और अन्य जूरी सदस्यों के साथ समय बिताते थे, हमें किरोस्तामी की फिल्म निर्माण की शैली की बारीकियों के बारे में बताते थे। दूसरी ओर, सौमित्र बाबू बताते थे कि कैसे उनके सिनेमा शिल्प को विदेशी भूमि में बहुत सम्मान मिलता है, जहां वह सत्यजीत रे की फिल्मों में मुख्य अभिनेता होने के कारण अनगिनत बार गये थे। इन वातार्लापों में मुझे अनंत तारों वाले आकाश की ओर ले जाने की क्षमता थी। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में बिताये गये दिनों ने मेरे लिए जीवन के बारे में सीखने के लिए कई द्वार खोल दिये हैं।


भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव ने मुझे और भी बहुत सारे सुखद अनुभव दिये हैं। उस समय की बात करें जब तत्कालीन बंबई में फिल्म महोत्सव आयोजित किया गया था - ऐसा पहली बार था जब मैं एक पत्रकार के रूप में किसी फिल्म महोत्सव में भाग लेने गया था। उस वर्ष फिल्म महोत्सव की समापन फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग की 'शिंडलर्स लिस्ट' थी। स्पीलबर्ग ने ब्लैक एंड व्हाइट फिल्म के उस आखिरी दृश्य को रंगीन कर दिया था, जिसमें यहूदी अत्याचारी नाज़ियों के हाथों से बचकर आगे बढ़ रहे थे। उस दिन सांता क्रूज में अपने होटल वापस लौटते समय, मुझे लगा कि केवल सिनेमा में ही हमें अपना इतिहास याद दिलाने की शक्ति है और भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव जैसे फिल्म महोत्सवों में पूरी दुनिया को हमारे द्वार तक लाने की शक्ति है।

**(लेखक : एक वरिष्ठ पत्रकार, फिल्म समीक्षक और विद्वान, विभिन्न अंतर्राष्ट्रीय फिल्म समारोहों में जूरी सदस्य हैं और उन्होंने राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों, फिल्मी हस्तियों और लोकप्रिय सिनेमा के सामाजिक-सांस्कृतिक पहलुओं पर किताबें लिखी हैं।)**

## काम में लापरवाही के आरोप में नुआपड़ा थाने के आइआइसी निलंबित



**भुवनेश्वर(आजाद सिपाही)।** नुआपड़ा जंक थाना के आइआइसी गुरदेव कर्मी को निलंबित किये डीजीपी वाई बी खुरानिया। कल डीआइजी के निर्देश पर कोरापुट की विशेष पुलिस टीम और नुआपड़ा पुलिस ने संयुक्त रूप से जंक थाना क्षेत्र के ठेलकोबेड़ा गांव के चालमुड़ा के पास चल रहे जुआ अड्डे पर छापेमारी की। स्थानीय लोगों ने इसकी लिखित शिकायत डीजीपी से की। डीजीपी के निर्देश पर पुलिस ने 81 अंतरराज्यीय जुआरियों को गिरफ्तार किया और 29 लाख 50 हजार रुपये नकद, 32 गाडी और 82 मोबाइल फोन जब्त किये। इस बात पर काफी सवाल उठा था कि जंक पुलिस स्टेशन के आइआइसी को यह नहीं पता था कि यहां लंबे समय से बड़े पैमाने पर जुए अड्डे का कारोबार चल रहा था।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**